

सुप्रभात
रांची, गुरुवार
05.09.2024
* * नगर संस्करण। पेज :12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

गुरु ब्रह्मा, गुरुर्विष्णु
गुरुर्देवो महेश्वरः
गुरुः साक्षात परब्रह्म
तस्मै श्री गुरुवे नमः



khabarmantra.net | भादो, शुक्ल पक्ष, द्वितीया, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 57


06 एक बेहतरीन शिक्षक से बिजनेस आइकॉन तक का सफर






## न्यूज डायरी

### झारखंड कैबिनेट की बैठक कल शाम 4 बजे से

**रांची।** झारखंड सरकार ने आगामी छह सितंबर को कैबिनेट की बैठक बुलाई है। यह बैठक प्रोजेक्ट बिल्डिंग में शाम चार बजे से होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दी है। बैठक में सरकार कई योजनाओं पर फैसला लेगी। इस कैबिनेट की बैठक में चंपई सोरेन की जगह मंत्री रामदास सोरेन दिखेंगे।

### सशक्त सेना, समृद्ध भारत प्रदर्शनी कल से

**रांची।** झारखंड के रांची में नागरिक-सैन्य बंधन को सशक्त करने और युवाओं को प्रेरित करने के लिए शुक्रवार से सशक्त सेना, समृद्ध भारत प्रदर्शनी शुरू हो रही है। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ इस प्रदर्शनी में भाग लेंगे। तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिक समाज और सशस्त्र बलों के बीच संबंधों को मजबूत करना तथा युवाओं को राष्ट्र-निर्माण के लिए प्रेरित करना है।

### पेरिस में रिकॉर्ड टूटा भारत ने जीते 21 मेडल

**नयी दिल्ली।** पेरिस पैरालंपिक में भारत ने बुधवार को खुद का रिकॉर्ड तोड़ दिया। भारतीय खिलाड़ियों ने 21 मेडल जीतकर अबतक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। पेरिस में भारतीय खिलाड़ियों ने 3 गोल्ड, 8 सिल्वर और 10 कांस्य के साथ कुल 21 पदक अपने नाम कर लिया है। भारत के शानदार प्रदर्शन पर पीएम मोदी ने ट्वीट कर खिलाड़ियों को बधाई दी है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 67200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 84000 रु./प्रति किलो |




## मंईयां सम्मान समारोह में सीएम ने भाजपा पर जमकर साधा निशाना

# झारखंड में असम सरकार करा रही है बांग्लादेशी घुसपैठ : हेमंत सोरेन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नामकुम में बुधवार को आयोजित मंइयां सम्मान समारोह में भाजपा पर जमकर निशाना साधा। जेल से रिहाई के बाद पहली बार मुख्यमंत्री श्री सोरेन भाजपा पर खुलकर निशाना साधते नजर आये। उन्होंने असम के सीएम हिमंता बिश्व सरमा पर आरोप लगाया कि झारखंड में हो रही बांग्लादेशी घुसपैठ के लिए असम सरकार जिम्मेवार है। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर भी गंभीर सवाल खड़े किये। उन्होंने असम के सीएम हिमंता बिश्व सरमा को लेकर कहा कि फुर्र से झारखंड चले आते हैं और यहां आकर हिन्दू-मुसलमान करते रहते हैं। सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की कई डिग्रियां हैं उनके पास। कभी सरकार गिराने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठ की बात करते हैं। ऊपर से खुद कहते हैं कि ये लोग असम के रास्ते देश के अलग-अलग हिस्सों में पहुंच रहे हैं। अब सवाल है कि वे घुसपैठियों को रास्ता क्यों दे रहे हैं। उन्होंने घुसपैठ के लिए केंद्र सरकार को भी घेरा।



**मुझे झूठे केस में जेल भेजवाया :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार ने काम करना शुरू ही किया था कि कोरोना महामारी आ गयी। इतनी बड़ी महामारी के बावजूद झारखंड में किसी को भूखा नहीं रहने दिया। कोरोना के बाद जब केंद्र से 1.34 लाख करोड़ बकाया की लिस्ट सौंपी, तो ये लोग सरकार के पीछे पड़ गये। विधायक खरीदने लगे। इसमें कामयाब नहीं हुये तो मुझे झूठे केस में जेल में डाल दिया। पीएम आवास की राशि देनी बंद कर दी। तब जाकर हमारी सरकार ने अबुआ आवास योजना शुरू की। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार 20 लाख परिवारों के लिए मकान बनायेगी।

### कोरोना टीका बना युवाओं की मौत का कारण : हेमंत

मुख्यमंत्री ने उत्पाद सिपाही दौड़ के दौरान युवाओं की मौत पर दु:ख जताया। उन्होंने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि कोविड के समय कोरोना के जो टीके लगाये गये उसी के प्रभाव से उत्पाद सिपाही बहाली के दौरान युवाओं की मौत हुई। गलत टीका युवाओं की जान ले रहा है। अब तो कम उम्र के लोग साधारण बीमारी में जान गंवा दे रहे हैं। जिस टीका को पूरी दुनिया में नकार दिया था, उसे जबरदस्ती देशवासियों को लगवाया गया। सिर्फ चंदा वसूली के लिए भाजपा वालों ने ऐसा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग इतना मीठा बोलते हैं कि गुड़ भी फेल हो जाये। लेकिन इनके मिठेपन में जहर घुला रहता है।

### सरकार की गलत नीति ने युवाओं की ली जान: बाउरी

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज झारखंड में भाजपा की सरकार होती तो पूर्ववर्ती सरकार द्वारा बनाये गये नियम के चलते 13 से अधिक युवाओं की मौत नहीं होती। हेमंत सरकार ने जो नियम बनाया, उसकी वजह से आज राज्य के युवाओं की मौत हुई। झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार की गलत नीति के कारण ही उत्पाद सिपाही बहाली मौत की दौड़ साबित हुई। श्री बाउरी ने एक्स कर पोस्ट कर आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का जबरदस्त विरोध हो रहा है। जनता पूछ रही है कि पुराने आवेदनों का क्या हुआ।

## गिरिडीह में एफसीआइ संवेदक के ठिकानों पर सीबीआइ की छापेमारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** केंद्रीय जांच एजेंसी-सीबीआई ने बुधवार को गिरिडीह जिले में भारतीय खाद्य निगम के संवेदक रामजी पाण्डेय के घर और गोदाम में छापेमारी की। इस दौरान सीबीआई ने सरकारी अनाज से संबंधित कागजात खंगाला। बता दें कि सीबीआई की टीम कई बिंदुओं पर पड़ताल करने यहां पहुंची थी। कार्रवाई पूरी करने के बाद जांच टीम यहां से निकल गयी। टीम में सात अधिकारी शामिल थे। इस दौरान यहां सुरक्षा के लिए जवानों की तैनाती की गई थी।

जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह छह बजे सीबीआई के अधिकारियों ने पीजी गोदाम के अलावा संवेदक के घर शास्त्रीनगर में दबिश दी और करीब पांच घंटों तक छानबीन की। हालांकि, टीम के अधिकारियों ने इस बाबत कुछ भी बताने से मना कर दिया, लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गरीबों के बीच पीडीएस की दुकानों में बंटने वाले अनाज से संबंधित कई सारे कागजात खंगाला गया। साथ ही निवेश से जुड़े दस्तावेजों की भी जांच की गयी। बता दें कि रामजी पांडेय गिरिडीह में काफी चर्चित नाम है। सरिया में इनका गोदाम है। कोरोना काल के समय केंद्र से भेजे गये अनाज का बड़ा घोटाला भी गिरिडीह में हुआ था। हजारों टन अनाज भी गायब हो गया था। जिसकी कीमत लगभग 90 लाख से अधिक आंकी गयी है। इसे लेकर जिला प्रशासन जांच की बात कहता रहा है।

# केंद्र ने राज्यों से डॉक्टरों की सुरक्षा पर मांगी जानकारी

**राज्यों को पत्र लिखा**

- सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद केन्द्र सरकार ने सुरक्षा संबंधी उपाय सुझाने के लिए कमेटी का किया गठन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने बुधवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश को पत्र लिखकर डॉक्टरों और अन्य मेडिकल पेशेवरों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी देने को कहा है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 10 सितंबर तक इस बारे में जवाब देने को कहा गया है।

तीन सितंबर को सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में कहा गया है कि 28 अगस्त को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में डॉक्टरों और मेडिकल पेशेवरों को सुरक्षा सुनिश्चित करने के कई अहम पहलुओं पर चर्चा की गयी थी। इसमें राज्यों को मेडिकल कॉलेजों में सुरक्षा ऑडिट कराने, संवेदनशील संस्थानों की पहचान करने, सीसीटीवी से निगरानी, स्थानीय पुलिस के साथ बेहतर समन्वय बनाने, सुरक्षा कमेटी का गठन, संस्थानों में सुरक्षा जांच संबंधी व्यवस्था और अन्य उपाय सुनिश्चित करने को कहा गया था। राज्यों से इस संबंध में रिपोर्ट मांगी है। उल्लेखनीय है कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना के बाद देशभर में चिकित्सकों ने सुरक्षा की मांग को लेकर लंबे समय तक प्रदर्शन किया। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद केन्द्र सरकार ने सुरक्षा संबंधी उपाय सुझाने के लिए कमेटी का गठन किया है। वहीं केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों को डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मामले में गठित कमेटी सुप्रीम कोर्ट को रिपोर्ट जल्द सौंपेगी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट चिकित्सकों सुरक्षा को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश जारी कर सकता है।

### इडी की टीम फिर साहिबगंज पहुंची

**साहिबगंज।** अवैध खनन की जांच करने इडी की तीन सदस्यीय टीम बुधवार को साहिबगंज पहुंची। टीम साहिबगंज में लंबित मामलों को ट्रांसफर कराना चाहती है। टीम में इडी के दो अधिकारी एक अधिवक्ता आतिश कुमार के साथ पहुंचे हैं। प्राप्त सूत्र के अनुसार टीम तीन बार साहिबगंज सिविल कोर्ट जा चुकी है। यह टीम अपने अधिवक्ता के साथ डीजे-3 कोर्ट भी पहुंची। कोर्ट के विशेष सूत्र के अनुसार यहां डीजे 3 में खनन, मनी लॉन्ड्रिंग, अवैध कार्य समेत तमाम तरह के मामले दर्ज हैं। टीम मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले और हाईकोर्ट से जमानत पर छूटे कुछ आरोपियों के मामलों को रांची ट्रांसफर करना चाहती है। कुछ मामलों में इडी ने याचिका दी है। कुछ मामलों में याचिका अभी भी लंबित है। इडी जिले के 1200 करोड़ से अधिक के सभी मामलों को रांची स्थित अपने कोर्ट में शिफ्ट करना चाहती है। सभी मामलों के निष्पादन में अभी एक माह का समय लग सकता है। विशेष सूत्र के अनुसार टीम उन सभी आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य जुटा रही है।






## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशभर के शिक्षकों के नाम दिया संदेश, कहा

# भावी पीढ़ी के मस्तिष्क को पोषित करने की आप पर बड़ी जिम्मेदारी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर देशभर के शिक्षकों को शुभकामनायें दी। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि देश की भावी पीढ़ी के मस्तिष्क को पोषित करने और उन्हें समग्र उत्कृष्टता की ओर मार्गदर्शन करने के लिए आप सभी शिक्षकों पर काफी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।



राष्ट्रपति ने कहा कि 5 सितंबर को महान शिक्षाविद्, दार्शनिक और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती होती है। वे पूरे देश के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। विद्यार्थी के रूप में वे जीवन-कौशल, जीवन मूल्य और नीति शास्त्र सीखते हैं। शिक्षक, मार्गदर्शक के रूप में छात्रों को भविष्य के नेताओं में ढाल सकते हैं, जो हमारे देश की नियति को एक समग्र आकार प्रदान करेंगे।

**छात्रों को नैतिक मूल्य और समाज के प्रति जिम्मेदारी जैसे मूल्यों की सीख दें :** राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षकों का कर्तव्य है कि वे विद्यार्थियों में नैतिक मूल्य, आलोचनात्मक सोच कौशल और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा करें। जैसा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में परिकल्पना की गई है, शिक्षा प्रदान करने के आधुनिक तरीकों और प्रौद्योगिकी के सही उपयोग के जरिये शिक्षक छात्रों को एक उपयोगी जीवन जीने और एक विकसित राष्ट्र का निर्माण करने के लिए सशक्त बना सकते हैं। छात्रों को समाज और देशहित की भावना का संचार करें।

### अब बेटियों को 18 वर्ष से ही मिलेगा झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ : सीएम

# हर परिवार तक पहुंचायेंगे एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता

- **मुख्यमंत्री बुधवार को नामकुम में आयोजित झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के प्रमंडल स्तरीय समारोह में बोल रहे थे**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि जब कोई कुछ ठान लेता है और ईमानदारी से उसे पूरा करने में लगता है तो उसका परिणाम भी उसे अच्छा मिलता है। श्री सोरेन बुधवार को नामकुम में आयोजित झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के प्रमंडल स्तरीय समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि तेज बारिश के बाद भी बहन-बेटियों ने उन सभी कार्यक्रमों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जो 2019 से पहले सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में हुआ करता था। आज आप सभी लोग यहां नारी सम्मान योजना को आशीर्वाद एवं सम्मान देने यहां पहुंचे हैं। इस आशीर्वाद तथा स्नेह से ही हमें आपके सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करने की ताकत और नई ऊर्जा मिल रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में वर्तमान राज्य सरकार का गठन हुआ और सरकार गठन के बाद से अब तक लगातार हमें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। सरकार गठन के चंद दिनों बाद ही कोरोना संक्रमण ने देश और दुनिया को जकड़ कर रखा। उन्होंने कहा कि इस वैश्विक महामारी के समय घरों में ताला लगाकर लोग अपने आप को घरों के भीतर रहने को मजबूर हुए। हाट-बाजार, नौकरी, रोजगार सब खत्म हो गये। सोने की चिड़िया के नाम से जाना जाने वाला यह राज्य धीरे-धीरे मजदूरों के राज्य के रूप में तब्दील हो चुका था। कोरोना संक्रमण इस राज्य के लिये एक अभिशाप के बराबर था। उन्होंने कहा कि उस समय यहां न अस्पतालों की स्थिति ठीक थी और न ही डॉक्टरों की पर्याप्त संख्या थी। लेकिन फिर भी आपके वैसे परिजन जो प्रवासी मजदूर थे उन्हें हवाई मार्ग, रेल मार्ग, सड़क मार्ग सहित विभिन्न माध्यमों से आपके घरों तक लाने का काम किया।

### बच्चियों का भविष्य संवार रही राज्य सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को संरक्षित करने के विषय में राज्य सरकार ने गंभीरता से कार्य किया है। बच्चियों के बेहतर भविष्य के लिए राज्य सरकार निरंतर उनके साथ खड़ी है। स्कूलों में अध्यनरत बच्चियों के लिये सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना का संचालन किया गया। इस योजना के तहत अब तक लगभग 10 लाख स्कूली छात्राओं को राज्य सरकार आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि इस राज्य में कोयला, लोहा, अभ्रक सहित तमाम खनिज संपदा उपलब्ध है। बावजूद उसके राज्य का खजाना खाली दिख रहा था। जब इस विषय पर चिंतन किया गया तब पता चला कि खनन कार्य का केंद्र सरकार के ऊपर राज्य का 1 लाख 36 करोड़ रुपया बकाया है। कई बार राज्य सरकार द्वारा बकाया राशि के भुगतान हेतु केंद्र सरकार से निवेदन भी किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि खनन कंपनियों से राज्य सरकार बकाया राशि की वसूली कर सकती है। जैसे ही यह आदेश आया तो हमने अपना कार्य को तेज किया।

### 20 लाख आवास विहीन परिवारों का होगा अपना आशियाना

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने राज्य की आधी आबादी जिनका उम्र 21 से 50 वर्ष है, उन्हें हर वर्ष 12 हजार रुपये देने का निर्णय लिया। आज इस योजना से करीब 50 लाख महिलाएं जुड़ चुकी है। जिनके खाते में सम्मान राशि जा हस्तांतरित किया गया है। उन्होंने कहा कि सोना सोबरन योजना के तहत आपको वर्ष में दो बार वस्त्र देने का कार्य किया जा रहा है। पूर्व की सरकार ने इस राज्य का 11 लाख राशन कार्ड डिलीट कर दिया था। आपकी अपनी सरकार ने 20 लाख लोगों के लिये राशन कार्ड बांटने का कार्य किया है। हम लोग केंद्र सरकार से प्रधानमंत्री आवास योजना में जो झारखंड के हिस्सा है उसकी मांग की। ताकि राज्य के गरीबों के लिये आवास बनाया जा सके। लेकिन वह पैसा हमें नहीं मिला। इसके बाद राज्य सरकार ने अपने बदौलत सर्वे कराकर 20 लाख से अधिक गरीब परिवार को चिन्हित किया और इन सभी को आवास देने का संकल्प उठा लिया। जबकि केंद्र सरकार द्वारा मात्र 4 लाख 30 हजार गरीबों को चिन्हित किया गया था। अब आने वाले समय में चिन्हित सभी 20 लाख लोगों को तीन कमरों वाला पक्का मकान से आच्छादित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने राज्यवासियों के लिये 200 यूनिट बिजली फ्री कर दिया है। गरीबों का बकाया बिजली बिल भी माफ कर दिया गया है। इससे संबंधित आदेश जल्द निर्गत कर दिया जायेगा। मुझे पता है कि हमारे गांव-देहात में लाखों परिवार ऐसे हैं, जो अपना घर चलाने के लिये महाजनों से कर्ज लेते हैं। लेकिन आने वाले 5 साल के अंदर ऐसा व्यवस्था को ऐसा मजबूत करेंगे कि किसी के आगे आपको हाथ फैलाने की जरूरत नही पड़ेगी। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से कहा कि राज्य सरकार बहन-बेटियों के उत्थान के लिए समर्पित भाव से कम कर रही है।

### सफल और प्रभावी रहा सर्वजन पेंशन योजना

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के लोगों की समस्याओं का समाधान हो। इसके लिये पंचायत, गांव, टोला में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर आपकी समस्याओं को जानने का प्रयास किया तथा राज्य सरकार के पदाधिकारी को भेज कर आपके हरेक समस्या एवं परेशानियों का समाधान किया। उन्होंने कहा कि गांव स्तर पर आपकी समस्याओं से अवगत हुये और आप सभी के उम्मीद और आकांक्षाओं के अनुरूप योजनायें बनाई गई। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने यहां के वृद्धजनों के परेशानियों को देखते हुये सर्वजन पेंशन योजना की शुरूआत की। आपकी सरकार ने निर्णय लिया कि कोई भी 60 वर्ष से ज्यादा उम्र का होगा, उसे हम हर हाल में पेंशन राशि देंगे। आज सर्वजन पेंशन के तहत सभी बुजुर्ग को पेंशन से जोड़ा गया और सभी को पेंशन प्राप्त हो रहा है।

### बड़ी संख्या में हुई सरकारी नियुक्तियां

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले 4 वर्षों में हजारों की संख्या में सरकारी नियुक्तियां की है। विभिन्न विभागों में लगभग 45 से 50 हजार सरकारी नियुक्तियां की गई हैं। वहीं 45 हजार सरकारी नियुक्तियों का कार्य प्रगति पर है। निजी क्षेत्र में भी अब तक डेढ़ से 2 लाख लोगों को रोजगार से जोड़ा गया है। उन्होने कहा कि राज्य में जब तक उनकी सरकार है नियुक्तियों का सिलसिला जारी रहेगा।

मौके पर मुख्यमंत्री द्वारा दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत रांची जिले में कुल 33,54,95,000 रुपये की सम्मान राशि प्रदान किया गया। वहीं खूंटी जिले में कुल 7,52,93,000 रुपये की सम्मान राशि, गुमला जिले में कुल 13,65,60,000 रुपये की सम्मान राशि, लोहरदगा जिले में कुल 8,07,81,000 रुपये की सम्मान राशि, सिमडेगा जिले में कुल 7,67,98,000 रुपये की सम्मान राशि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान की गई।

इस अवसर पर मंत्री रामेश्वर उरांव, सत्यानंद भोक्ता, बेबी देवी, सांसद सुखदेव भगत, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक कल्पना सोरेन, राजेश कच्छप, शिल्पी नेहा तिर्की, विकास सिंह मुंडा, जिगा सुसारन होरो, भूषण तिर्की, पूर्व सांसद सुबोध कांत सहाय, झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, डीजीपी अनुराग गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## राज्यसभा सांसद डॉ महुआ मांजी के समर्थन में सैंकड़ों युवाओं ने थामा झामुमो का दामन



- **राज्यसभा सांसद ने सभी को पार्टी का अंग वस्त्र पहनाकर झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता दिलायी**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विभिन्न राजनीतिक संगठनों से जुड़े बड़ी संख्या में युवाओं ने रांची विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों से मोटरसाइकिल जुलूस निकालकर कुमार अनिमेष रंजन के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा की राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी के आवासीय कार्यालय पहुंचकर झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा।

इस मौके पर राज्यसभा सांसद ने सभी को पार्टी का अंग वस्त्र पहनाकर झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता दिलायी। मौके पर उन्होंने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन एवं झारखंड के युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन` कार्यों से प्रभावित होकर युवा बड़ी संख्या में लगातार झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम रहे हैं। यह बहुत खुशी की बात है। कुमार अनिमेष के नेतृत्व में बुधवार को जिन लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की, उनमें सागर उपाध्याय, शिवांशु कुमार, उमेश कुमार सिंह, रोहित कुमार राय, गौरव कुमार, मनजीत कुमार, आकाश कुमार, सत्यम कुमार चौधरी, अविनाश यादव, बेक कुमार, शुभम चौधरी, अजय, सोहन यादव, रोहित यादव, यश राज, उमेश कुमार सिंह, समीर राज, मनदीप कुमार, आकाश कुमार, मनजीत कुमार, दीप गुप्ता, सुजीत, अमित कुमार, मनीष कुमार, गुड्डू कुमार, नितेश कुमार, विवेक घोष, आयुष घोष, प्रकाश सिंह, राजेश कुमार, कुलदीप कुमार, आर्यन मींज, शुभम, अभिषेक, सचिन, सुबोध कुमार, अतुल कुमार दास, अनुज कुमार, साहिल कुमार और आनंद भगत समेत अन्य शामिल हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सोमवित माजी, नन्द किशोर सिंह चंदेल, अमित माजी आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## 10 से तीन दिनों तक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे सचिवालय सेवा के पदाधिकारी




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा संघ के पदाधिकारी अपनी लंबित मांगों को लेकर 10 सितंबर से 12 सितंबर तक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। इस संबंध में सचिवालय सेवा संघ रांची के महासचिव सिद्धार्थ शंकर बेसरा की ओर से राज्य के सभी अपर मुख्य सचिव सरकार के सभी प्रधान सचिव सरकार के सभी सचिव सभी विभाग अध्यक्षों को पत्र लिख कर जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा है कि सचिवालय सेवा स्वीकृत कार्यबल की तुलना में लगभग आधे कार्यबल और सीमित संसाधनों के बावजूद राज्य सरकार की नीतियों के नियम एवं सदैव निष्ठा पूर्व सक्रिय रहता है। लंबे समय से लंबित अपनी उचित मांगों को लेकर हमेशा राज्य सरकार के समक्ष रखा गया है लेकिन अभी तक यह मांग पूरी नहीं हुई हैं। ऐसे में वह आंदोलन को मजबूर हैं। सचिवालय सेवा संघ में उच्चतर पदों पर अविलंब प्रोन्नति, प्रशाखा पदाधिकारी के पदों पर भूतलक्षी प्रभाव से प्रोन्नति का लाभ एवं प्रशाखा पदाधिकारी को वेतनमान 15600 से 39100 ग्रेड पे 5400 की स्वीकृति देने, झारखंड सचिवालय सेवा के उप सचिव एवं संयुक्त सचिव स्तर के अतिरिक्त पदों का सृजन करने, संयुक्त सचिव, उपसचिव, अवर सचिव, प्रशाखा पदाधिकारी के रिक्त पदों पर प्रोन्नति, शिशु शिक्षण भत्ता, सचिवालय सेवा के मूल कोटी के रिक्त पदों पर भर्ती सहित अन्य मांगें हैं।

## शिक्षा मंत्री ने सहायक अध्यापकों को सौंपा ईपीएफ से संबंधित सहमति पत्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- **बैठक के बाद से ही इस लेटर का इंतर कर रहे थे सहायक अध्यापक**

**रांची।** झारखंड राज्य सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा एवं सरकार के बीच हुए समझौते का सहमति पत्र शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम ने राज्य के पारा शिक्षकों (सहायक अध्यापकों को दिया। मालूम हो कि 5 और 14 के बाद 28 अगस्त को अंतिम वार्ता निर्णायक वार्ता हुई थी। इसमें शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम, विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, विधायक राजेश कच्छप, विधायक अमित यादव, शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह, परियोजना निदेशक आदित्य रंजन, प्रशासी पदाधिकारी तिग्गा एवं ममता लकड़ा और ओपी मिश्रा थे। संघर्ष मोर्चा के तरफ से बिनोद तिवारी, बिनोद बिहारी महतो, संजय दुबे, हृषीकेश पाठक, शेख सिद्दीकी, प्रद्युम्न कुमार सिंह, निरंजन डे, विकास चौधरी, बेलाल अहमद एवं भागवत तिवारी शामिल थे। इसमें इपीएफ का लाभ देने पर सहमति बनी थी। कहा गया था कि राज्य के सहायक अध्यापकों को इपीएफ का लाभ मिलेगा। राज्य सरकार द्वारा नियोक्ता का अंशदान अधिकतम 1950 रुपये अथवा जो अनुमान्य हो प्रतिमाह प्रति सहायक अध्यापक संबंधी व्यय राज्य सरकार के द्वारा वहन करने एवं कर्मचारी अंशदान का अनूमान्य राशि का वहन संबंधित सहायक अध्यापक के मानदेय से नियमानुसार कटौती होगी। इसकी सुविधा प्राप्त होने के लिए निमित्त वित विभाग एवं मंत्रिमंडल की स्वीकृति के उपरांत मिलेगी।

वहीं, शिक्षा विभाग में संविदा अथवा अनुबंध आधारित पदों पर योग्यता एवं अर्हता धारण करने की स्थिति में मृत सहायक अध्यापक के आश्रित को उपलब्ध रिक्तियां में 20% पदों पर चयन होगा। इस सुविधा की निमित्त अनुकंपा के नियमों में शिथिलता के लिए संबंधित विभागों में आवश्यक कार्यवाही के लिए संलेख भेज कर अनुमति ली जाएगी। इसके अलावा सीटेट में भी वर्णित प्रावधानों के अनुरूप लाभ मिलेगा। शहरी क्षेत्र के सहायक अध्यापकों के चार प्रतिशत वार्षिक वृद्धि के लिए प्रस्ताव कैबिनेट में भेज दिया गया है, स्वीकृति मिलते ही पिछले सभी बकाया राशि के साथ भुगतान कर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त चार प्रतिशत वार्षिक वृद्धि के लिए अब हर वर्ष प्राधिकार की स्वीकृति नहीं लेनी होगी। कल्याण कोष के लिए परियोजना निदेशक के साथ संघर्ष मोर्चा के सदस्यों की बैठक होगी। आकलन परीक्षा को जेटेट के सामान्य मान्यता देने के लिए भविष्य में नियमानुसार चर्चा की जा सकेगी।

## कल्याण विभाग के स्कूलों-अस्पतालों में बुनियादी आवश्यकताओं को तुरंत बहाल करें : दीपक बिरुआ

- **कल्याण विभाग के अस्पतालों और विद्यालयों के संचालक संस्थाओं के साथ मंत्री की बैठक**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** आदिवासी कल्याण एवं परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने बुधवार को कल्याण विभाग के अस्पतालों और विद्यालयों के संचालक संस्थाओं के साथ कल्याण कॉम्प्लेक्स में एक संवाद बैठक में कहा कि विद्यालयों और अस्पतालों की बुनियादी सुविधाएं तुरंत और यथाशीघ्र बहाल किए जायें। मंत्री ने प्रत्येक संचालक से उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कल्याण विद्यालयों और ग्रामीण कल्याण अस्पतालों के लंबित भुगतान हेतु भी यथाशीघ्र पहल कर आवंटन उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया। श्री बिरुआ ने कहा कि इन विद्यालयों में छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक परिणाम राज्य एवं राष्ट्र स्तर पर उत्साहवर्धक रहा है। मंत्री ने यह भी कहा कि विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के संख्या बल में वृद्धि की गई है। राज्य के आदिवासी, दलित और पिछड़ा वर्ग के लिए समेकित और समर्पित प्रयास में सभी की भागीदारी की आवश्यकता है। श्री दीपक बिरुआ ने कहा कि कल्याण विभाग के अधिकारी चाहे विभाग में हों या क्षेत्र में, पूरे समर्पित भाव से कार्य निष्पादित करें। संवाद बैठक में आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## चांद नजर आया, ईद मीलाद उन नबी 16 को, निकाला जायेगा जुलूसे मुहम्मदी

**रांची।** एदार ए शरीया झारखंड के नाजिमे आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने कहा है कि बुधवार को रांची समेत राज्य के किसी भी भाग में रबीउल अव्वल 1446 हिजरी का चांद नजर नहीं आया। वहीं ओड़िशा और बंगाल के विभिन्न भागों में चांद नजर आया है। मदरसा मिफताहुल उलुम राउरकीला से दारुल कजा एदार ए शरीया झारखंड रांची शहादते शरईया हासिल की जा रही है, रूयते हेलाल के अनुसार आगामी 16 सितंबर सोमवार को राज्य भर में ईद मीलाद उन नबी मनाया जायेगा और जुलूस मुहम्मदी अकीदत व एहतेराम से निकाला जायेगा।

## खाली भूखंडों के लिए कॉमर्शियल प्लान तैयार करेगा आवास बोर्ड

- **समीक्षा बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के बाद लिये गये कई निर्णय**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान की अध्यक्षता में बुधवार को आवास बोर्ड में समीक्षा बैठक हुई। इसमें कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। कई निर्णय भी लिये गये। बोर्ड ने सभी प्रमंडलों में रिक्त पड़े अपने भूखण्डों की विवरणी तैयार करने का विचार बनाया है। इस पर उसकी ओर से व्यावसायिक योजना शुरू किए जाने का प्लान है। समय समय पर कैम्प का आयोजन कर स्थानीय समस्याओं का निपटारा करने और उसमें मुख्यालय स्तर से पदाधिकारियों की उपस्थिति भी तय किए जाने की बात हुई। अतिक्रमित फ्लैटों एवं रेंट आधार पर आवंटित फ्लैटों का वर्ष 2017 की अधिसूचना के अनुसार नियमितीकरण की कार्रवाई शुरू की जाएगी। निष्कासन वाद की सूचनाओं, नोटिस के तामिल पर विशेष ध्यान देना है। लाभुक द्वारा नोटिस प्राप्त करने से इंकार की स्थिति में सम्पदाओं पर नोटिस चिपकाना एवं उसका फोटो लेने की प्रक्रिया को अपनाया जाएगा।

इसके अलावा कहा गया कि सभी प्रमंडलों से आगामी समीक्षा बैठक में अब तक लीज होल्ड से फ्री होल्ड किये गए भू- सम्पदाओं की विवरणी प्राप्त की जाएगी। 2011 लॉटरी के आवंटियों को वैकल्पिक भूखंड उपलब्ध कराने के लिए आवंटियों को पत्र निर्गत किया जाएगा। ऐसे भूखंड जिनका रकबा 900 वर्गफीट से अधिक हो और स्वतंत्र रूप से आवंटित किया जा सकता है, उसे ई-लॉटरी द्वारा आवंटन सुनिश्चित किया जाएगा। अतिक्रमित छिटपुट भूखण्डों पर निष्कासन वाद की प्रक्रिया आरंभ की जाएगी। हजारीबाग बोर्ड के रिक्त भूखण्डों पर लगने वाले मेला आदि से अस्थाई बंदोबस्ती कर स्थानीय म्युनिसिपल द्वारा निर्धारित दर से वसूले जाने पर भी बात हुई। हजारीबाग प्रमंडल कार्यालय नए परिसर में स्थानांतरित करना एवं प्रमंडलीय कार्यालय का उद्धघाटन सुनिश्चित करने पर भी चर्चा रही। धनबाद प्रमण्डल के हीरापुर, बालीडीह एवं गोमिया के अनावंटित फ्लैटों, मकानों, भूखण्डों को चिह्नित कर ई-लॉरी द्वारा आवंटन के लिए नियमानुसार उपलब्ध कराना सुनिश्चित होगा। बैठक में मुख्य अभियंता प्रवीण भेंगरा, सचिव विनय लकड़ा, कार्यपालक अभियंता रांची सुबोध तिर्की, कार्यपालक अभियंता हजारीबाग, सहायक अभियंता धनबाद, विधि पदाधिकारी मनोज चौबे और अन्य भी उपस्थित थे।

## पूर्व मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन के स्वागत में सरायकेला की सड़कों पर उतरा जनसैलाब

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची, सरायकेला।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन बुधवार को भाजपा में शामिल होने के बाद पहली बार सरायकेला पहुंचे, जहां उनका शानदार स्वागत हुआ। तितिरबिला इमली चौक से लेकर सरायकेला भाजपा कार्यालय तक, लाखों लोग उनके स्वागत में आए। हजारों बाइक एवं सैकड़ों कारों की रैली के साथ सरायकेला पहुंचने पर उत्साहित पूर्व सीएम चम्पाई सोरेन ने इसे रैली नहीं, बल्कि रैला करार दिया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं के उत्साह को इसी बात से समझा जा सकता है कि भाजपा कार्यालय में ऊपर से नीचे तक तथा उसके बाहर भी, कहीं तिल रखने की भी जगह नहीं थी।

भाजपा कार्यालय में उपस्थित भारी भीड़ के बीच जोहार तथा जय श्री राम से संबोधन शुरू करने के बाद पूर्व सीएम ने कहा कि परिवर्तन की यह लहर झारखंड में सत्ता परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगी। उन्होंने कहा कि संथाल परगना में आदिवासियों का अस्तित्व संकट में है, वहां दर्जनों गांव आदिवासियों से विहीन हो चुके हैं तथा सिर्फ भारतीय जनता पार्टी ही झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर संघर्ष कर सकती है। उन्होंने कहा कि जनता बदलाव चाहती है और राज्य में अगली सरकार भाजपा की बनेगी। इस कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष उदय सिंह देव, भाजपा नेता गणेश महाली, पूर्व विधायक अरविन्द सिंह, पूर्व विधायक मंगल सोय, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय महतो तथा हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल थे।

## एसोसिएट प्रोफेसर नियुक्ति मामले में आंशिक सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में जस्टिस दीपक रोशन की अदालत में बुधवार को बीआईटी सिंदरी में एसोसिएट प्रोफेसर नियुक्ति मामले में दायर याचिका पर आंशिक सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने प्रार्थी और झारखंड लोक सेवा आयोग का पक्ष सुनने के बाद मामले की अगली सुनवाई के लिए नौ सितंबर की तिथि निर्धारित की है। इससे पूर्व प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया कि लोक सेवा आयोग ने नियुक्ति की जो अनुशंसा की है, वह सही नहीं है। आयोग ने 21 अप्रैल 2021 को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचना जारी कर कहा था कि जो अंक मिला है, उस पर किसी अभ्यर्थी को आपत्ति है, तो वह दे सकता है, वह गलत है। वहीं, आयोग की ओर से बताया गया कि 21 अप्रैल 2021 का जो प्रेस विज्ञप्ति था, उसके आलोक में अनुशंसित अभ्यर्थी व प्रार्थी ने भी आवेदन दिया था। उल्लेखनीय है कि प्रार्थी देवीनारत्नम ने याचिका दायर की है। उन्होंने एसोसिएट प्रोफेसर की नियुक्ति की अनुशंसा को चुनौती दी

## बिरसा फसल बीमा में 10 लाख किसानों ने कराया रजिस्ट्रेशन

- **दो लाख किसानों का हुआ चयन**
- **वित्तीय वर्ष 2024-25 में संबंधित योजनाओं का लाभ 4 लाख 12 हजार किसानों को दिया गया है**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** कृषि के क्षेत्र में किसानों के लिये लाई गयी विभिन्न योजनाओं में बिरसा फसल बीमा योजना में 10 लाख किसानों ने पंजीकरण किया है। इस संबंध में कृषि मंत्री ने निर्देश दिया कि सहकारी समितियों को सुदृढ़ किया जाये, ताकि किसानों में क्षमता निर्माण हो सके। फलस्वरूप किसानों की आय में वृद्धि हो और वे स्वाबलम्बी बन सकें।

उक्त जानकारी कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय की समीक्षा बैठक में हुई। समीक्षा बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कृषि निदेशालय से समन्धित योजनाओं का लाभ राज्य के लगभग 4 लाख 12 हजार किसान बंधुओं को दिया गया है एवं 2 लाख से अधिक किसानों तक योजनाओं का लाभ जल्द पहुंचने की उम्मीद है।

झारखंड कृषि ऋण माफी योजना अंतर्गत वैसे किसान जिनकी बकाया राशि रु 2 लाख तक है उन्हें चिन्हित कर लिया गया है तथा उनकी ऋण माफी इसी माह में कर दी जायेगी। झारखंड राज्य मिलेट मिशन के अंतर्गत अभी तक 9722 किसानों का पंजीकरण हो चुका है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में मत्स्य उत्पादन का लक्ष्य 3.5 लाख मिट्रिक टन रखा गया है तथा अभी तक लगभग 1.1 मेट्रिक टन का उत्पादन किया जा चुका है। मंत्री ने विभागीय अधिकारीगण का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि सभी को एक टीम के जैसा कार्य करना चाहिए ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ राज्य के अंतिम कृषक बंधु तक पहुंच सके।

बैठक में सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग श्री अबू बक्र सिद्दीकी, विशेष सचिव कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, श्री गोपालजी तिवारी, विशेष सचिव उपस्थित थे। सह सलाहकार, श्री प्रदीप हजारी एवं विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# ज्योति संगम में इस वर्ष समुद्री जीवन को पंडाल के स्वरूप में दिखाया जायेगा



**ज्योति संगम श्री दुर्गा पूजा समिति इस साल अपना 65वां वर्ष बड़े ही भव्य तरीके से मनाने जा रही है**

**पूजा कमिटी**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मुख्य संरक्षक | : | सी.पी सिंह(विधायक, रांची) | उपाध्यक्ष | : | अमित व्यास,रवींद्र सैनी |
| संरक्षक | : | प्रमोद लोहिया, श्याम नारायण दयाल, शिव कु. गुप्ता | कोषाध्यक्ष | : | अविनाश कुमार |
| | | | महासचिव | : | राजकुमार गुप्ता |
| अध्यक्ष | : | चंद्रभान खत्री | सचिव | : | प्रखर लोहिया |
| कार्यकारी अध्यक्ष | : | अंकित गुप्ता | सह-कोषाध्यक्ष | : | राजेश मक्कड़ |
| संयोजक | : | दीपक कु. पंकज, अजय बथवाल, हेमंत पोद्दार,अशोक गुप्ता | मंत्री | : | मनोज बक्सरिया |
| | | | सह-मंत्री | : | गौतम वर्मा |

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ज्योति संगम श्री दुर्गा पूजा समिति, मारवाड़ी हाई स्कूल, अपर बाजार इस साल अपना 65वां वर्ष बड़े ही भव्य तरीके से मनाने जा रही है। समिति सन् 1959 से लगातार पूजा का आयोजन करते आ रही है। इस वर्ष समिति द्वारा भक्तों को समुद्री जीवन का अवलोकन कराया जायेगा। इस थीम को पंडाल का स्वरूप देने में बंगाल के कारीगर एक माह से जुटे हैं।

राजधानी वासियों को पंडाल में कई समुद्री जीव-जंतु देखने को मिलेंगे। पंडाल के मुख्य द्वार पर 18 फीट की जलपरी का प्रारूप आकर्षण का केंद्र होगी। इस वर्ष पंडाल की लंबाई 100 फीट,चौड़ाई 80 फीट और ऊँचाई 40 फीट रहेगी। पंडाल के निर्माण में मुख्य रूप से नेट, हाई डेंसिटी फोम, लोहा, मछली पकड़ने की जाली, बेंत आदि का इस्तेमाल किया जा रहा है । इस वर्ष मां दुर्गे की भव्य प्रतिमा 17 फीट ऊंची और 24 फीट चौड़ी होगी जो कि ध्यान की मुद्रा में विराजमान रहेंगी। जिसका निर्माण मूर्तिकार रामपाल द्वारा दो महीनों से किया जा रहा है। पूरे पंडाल परिसर एवं पंडाल के मुख्य मार्ग शहिद चौक से गांधी चौक तक आकर्षक विद्युत सज्जा की जाएगी। पंडाल का उद्घाटन षष्ठी के दिन किया जाएगा। दशमी के दिन महाभण्डारे का भी आयोजन किया जायेगा।

मां की विसर्जन शोभायात्रा 13 अक्टूबर को निकाली जायेगी। यह जानकारी समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अंकित गुप्ता ने दी।

**पूजा का कुल बजट 18 लाख**

पंडाल- 11 लाख, मूर्ति- 1.80लाख, लाइट एंड साउंड- 1.50 लाख, पूजा एवं अन्य खर्च- 1.50 लाख, महाभंडरा- 1.75 लाख

## ठोस साक्ष्य के अभाव में आरोपी बरी

**रांची।** गलत इलाज से तीन साल के मासूम बच्चे की हुई मौत मामले में ट्रायल फेस कर रहा सरोज केशरी और उसका भतीजा वैभव केशरी को अपर न्यायायुक्त अरविंद कुमार नं 2 की अदालत ने बुधवार को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। दोनों इटकी स्थित राज क्लिनिक बनियाटोली का संचालन टीम का सदस्य हैं। घटना को लेकर इटकी निवासी दिनेश भगत ने 2 सितंबर 2021 को इटकी थाना में दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें कहा गया था कि तीन साल के पुत्र की तबीयत बिगड़ने पर राज क्लिनिक ले गये। लेकिन वहां डॉक्टर मौजूद नहीं था। इस पर बच्चे को ले जाने लगे तो दोनों ने कहा कि हमलोग इलाज कर देंगे। दोनों ने गलत इलाज कर बच्चे की जान ले ली। मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ 23 सितंबर 2022 को आरोप तय किया गया था। इसके बाद अभियोजन की ओर से सिर्फ तीन गवाह पहुंच सके। अन्य गवाहों के नहीं आने के कारण केस साबित नहीं हो सका। इसका लाभ आरोपियों को मिला।

# अब थाने में मौजूद रहेंगी मुंशी के तौर पर महिला साक्षर पुलिस

**डीजीपी ने साक्षर पुलिस के लिये निकाली वेकेंसी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य के डीजीपी ने साक्षर पुलिस की योग्यता मापने और महिला संबंधी केस को सॉल्व करने के लिये थानों में साक्षर पुलिस की बहाली की वेकेंसी निकाली है। इसके लिये आवेदन पत्र का कॉपी भी जारी कर दिया है। साक्षर पुलिस के लिये विभाग में पूर्व में किये गये कार्यों का लेखा जोखा मांगा है, ताकि उनके कार्य के हिसाब से थाने का बंटवारा कर उन्हें पदस्थापित किया जाता।

जारी किये गये आवेदन पत्र में शर्त के नाम से 12 से 14 घंटे की ड्यूटी करना पड़ेगा। साथ ही साथ प्राथमिकता के तौर पर स्थानीय भाषा की जानकारी मांगी गयी है। कंप्यूटर में टाइपिंग स्किल अंग्रेजी और हिंदी में होना अनिवार्य कर दिया गया है।

**महिला पुलिसकर्मी सक्षमता के अनुसार ही करें आवेदन: डीजीपी**

राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि महिला पुलिस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह तय किया गया था कि कम से कम शहर के हर थाने में महिला मुंशी की तैनाती की जाएगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी इस मामले को लेकर कई बार डीजीपी अनुराग गुप्ता से बात भी की थी। डीजीपी अनुराग गुप्ता के मुताबिक थाने में जो भी महिला पुलिसकर्मी मुंशी बनकर जाए वह किसी दबाव में नहीं जाए, बल्कि खुद से तय करें कि उन्हें महिला मुंशी बनना है या नहीं। प्रभारी के बाद सबसे महत्वपूर्ण कार्य मुंशी का ही होता है। मुंशी को थाने में समय भी ज्यादा देना होता है। ऐसे में जो महिला पुलिसकर्मी 12 से 14 घंटे तक काम करने में सक्षम है. वहीं, महिला मुंशी के लिए आवेदन करने योग्य पाये जायेंगें।

# हड़ताल खत्म, पर शहर के कई इलाकों में नहीं हुई डोर टू डोर क्लीनिंग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** शहर के कई इलाकों में बुधवार को भी डोर टू डोर क्लीनिंग नहीं हुई। शहर के कई वार्ड के लोगों का कहना है कि उनके मुहल्ले में घरों से कचरा नहीं उठाया गया है। लोगों ने बताया कि मजबूरन कचरा बाहर फेंकना पड़ रहा, जिससे सड़क किनारे भी कचरे का अंबार लग रहा और वहां से भी कचरा उठाने का काम नहीं किया जा रहा है। नगर निगम के सफाईकर्मियों की हड़ताल खत्म हो गया है, लेकिन शहर की साफ - सफाई अभी भी बेपटरी है।

शहरवासी परेशान हैं। कारण शहर में गंदगी। बीते सोमवार को नगर निगम के सफाईकर्मी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए थे। मंगलवार को उन्हें निगम के अधिकारियों की ओर से उनकी मांगों को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन मिला। मंगलवार से ही सफाईकर्मी काम पर वापस लौट गए। कई इलाकों में घरों के कचरा उठाने का काम भी शुरू हो गया। हालांकि शहर के विभिन्न इलाकों के सड़कों पर परसे कचरे की ओर किसी की नजर नहीं पड़ी। बुधवार को शहर के गली मुहल्लों के साथ-साथ कुछ मुख्य मार्गों पर भी कचरे का अंबार लगा रहा। न तो किसी सफाई कर्मी की नजर उसपर पड़ी और न ही वार्ड के सुपरवाइजर की। वहीं शहरवासियों ने बातचीत के दौरान बताया कि सभी की मांग सुनी जा रही, मांग पूरी हो रही है या उन्हें आश्वासन दिया जा रहा, पर हमें शहर में साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने का आश्वासन कौन देगा।

# बिल्डर ने मजदूरी भुगतान नहीं किया, लोगों ने किया थाने का घेराव



**रांची।** बिल्डर के द्वारा मजदूरों को वेतन भुगतान नहीं करने का विरोध किया गया। मजदूरों ने बुधवार को जगन्नाथपुर थाने का घेराव कर दिया। मजदूर बिल्डर से बकाया वेतन भुगतान की राशि अविलंब कराने या फिर मजदूर भवन निर्माण यूनियन के द्वारा धरना- प्रदर्शन किया जायेगा।

यूनियन के नेता कामेश्वर महतो ने कहा कि बिल्डर दीपराज भगत को एक माह का समय दिया गया है।

कामेश्वर के मुताबिक, बिल्डर दीपराज के साइड पर मजदूर तीन साल से काम कर रहे हैं। वेतन के मद में मज्दूरों का तीन लाख 36 हजार बकाया है। जब उनसे वेतन की मांग की जाती है तो कोई जबाव नहीं दिया जाता।

## पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग, झारखंड, रांची के प्रांगण में त्रिदिवसीय क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट का इनॉग्रेशन सीआइडी की डीआइजी संध्या रानी मेहता ने किया। इस अवसर पर पुलिस निरीक्षक असीत कुमार मोदी, प्रभारी अनुसंधान प्रशिक्षण शाखा, झारखंड, रांची पुलिस निरीक्षक शिव गोप, परिचारी प्रवर, अपराध अनुसंधान विभाग, झारखंड, रांची तथा परीक्षक मंडल के नीरज सहाय, सहायक निदेशक फिंगर प्रिंट ब्यूरों, डॉ० चित्तोष पाल, सहायक निदेशक, डीएफएसएल, रवि रंजन, वैज्ञानिक सहायक, डीएफएसएल दिलीप कुमार महतो फोटो ब्यूरो एवं परीक्षक मंडल के अन्य सदस्य उपस्थित रहें। प्रतियोगिता में अपराध अनुसंधान विभाग/एसीबी/ विशेष शाखा / एसटीएफ/ एटीएस एवं रेल के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

# आलमगीर आलम सहित नौ की बढ़ी हिरासत अवधि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। ठेकों में कमीशनखोरी से प्राप्त बड़ी रकम का मनी लाउंड्रिंग करने मामले में आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम समेत नौ आरोपियों की न्यायिक हिरासत अवधि पीएमएलए कोर्ट ने बढ़ा दी है। इससे जेल में बंद आरोपियों को वीसी के माध्यम से बुधवार को अदालत में पेश किया गया। वहीं जमानत पर चल रहे तीन आरोपी कोर्ट के समक्ष हाजिरी लगाई। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 11 सितंबर निर्धारित की है। मामले में अगली निर्धारित तारीख को 12 आरोपियों के आरोप गठन पर सुनवाई होगी। आरोपियों को पुलिस पेपर सौंप दिया गया है। मामले में आलमगीर आलम, आप्त सचिव संजीव कुमार लाल, जहांगीर आलम, वीरेंद्र राम, आलोक रंजन, नीरज मित्तल, तारा चंद, राम प्रकाश भाटिया एवं हरिश यादव की पेशी की गई। जबकि गेंदा राम, राजकुमारी एवं मुकेश मित्तल ने हाजिरी लगाई।

## राज्यपाल के समक्ष संविदा कर्मियों ने रखी मांगें

**रांची।** ट्रेड यूनियन कोऑर्डिनेशन सेंटर के प्रतिनिधिमंडल ने सुशील कुमार पांडेय के नेतृत्व में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। राज्य के कामगारों, संविदा, अनुबंध, दैनिक पारिश्रमिक, अस्थायी, आउट सोर्सिंग पर कार्यरत कर्मियों के स्थायीकरण, ग्रेड पे समायोजन, समान काम समान वेतन, सामाजिक सुरक्षा एवं स्थायी कर्मियों के समान देय अवकाश के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पारा शिक्षकों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, 52वीं परियोजना के महिला पर्यवेक्षिका सहित संविदा कर्मियों, मिशन वात्सल्य बाल संरक्षण, मनरेगा कर्मियों, ग्राम पंचायत पर्यवेक्षक, स्वंय सेवक, कृषक मित्र, आत्मा कर्मियों, बैफ कर्मियों, स्वास्थ्य सहित इत्यादि की सेवा और मांगों पर विस्तार से इसमें बात रखी गयी है। महेश सोरेन ने बताया कि राज्यपाल की ओर से आश्वावासन दिया गया है।

## झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड का पंचम वार्षिक आम-सभा संपन्न



**रांची।** झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड का पंचम वार्षिक आम-सभा का आयोजन बुधवार को टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव में किया गया। आम-सभा को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने बताया कि झारखण्ड के सभी सरकारी एवं प्रशासनिक महकमों को झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक से जोड़ने एवं बैंक के द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष में सभी अंशधारकों को बैंक के द्वारा आकर्षक लाभांश प्रदान किये जायेगें। कार्यक्रम में सूरज कुमार, निबंधक, सहयोग समितियां, झारखण्ड, रांची, एस. के. जहाँगीरदार, मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड, गौतम कुमार सिंह, महाप्रबंधक, नाबार्ड, क्षेत्रीय कार्यालय, रांची, कृषि निदेशक के प्रतिनिधि एवं बैंक के सभी निदेशकगण के साथ साथ राज्य के चौबीस जिलों से लैंपस / पैक्स एवं अन्य समितियों के लगभग 2000 अंशधारकों ने भाग लिया।

## श्री गणेश पूजा समिति डोरंडा का भूमि पूजन संपन्न



**रांची।** श्री गणेश पूजा समिति काली मंदिर रोड डोरंडा मे भव्य पूजा पंडाल का भूमि पूजन किया गया। पूजा को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया है। जिसमें सर्वसमती से नवीन मलोहत्रा को अध्यक्ष ,अमित गुप्ता को महामंत्री एवं बाबू सोना दास को कोषाध्यक्ष चुना गया साथ ही संरक्षक शंभू गुप्ता, रोहित शारदा, सरदार बबलू सिंह बनाए गए। 7 सितंबर को पंडाल का उद्घाटन किया जाएगा। पूजा के आयोजन में बच्चों के लिए डांस कंपटीशन ,भंडारा, डांडिया एवं अन्य कार्यक्रम समिति के द्वारा इन पांच दिनों में आयोजित किए जायेगें। भूमि पूजन पुरोहित संतोष ने कराया। भूमि पूजन में मुख्य रूप से समिति के सरदार बबलू सिंह,बिसू घोष, टोटन घोष,बीनू सिंह,रीता तमांग,अजय घोष, विक्की वर्मा सहित मनसा पूजा समिति की महिलाएं सम्मिलित हुई।

## हिट एंड रन मामले में ठोस साक्ष्य के अभाव में आरोपी रिहा

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी मयंक मालियाज की अदालत ने 11 साल पुराने हिट एंड रन से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुये आरोपी तुलेश्वर यादव को सबूत के अभाव में बरी कर दिया है। अदालत ने अभियोजन को साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए काफी मौका दिया। गवाहों के खिलाफ समन से लेकर वारंट तक कई बार जारी किया गया। बावजूद मामले के न सूचक एनामुल हक अंसारी और न जांच अधिकारी गवाही देने पहुंचे। 25 जून 2013 को खूंटी रोड में 10 चक्का ट्रक के धक्के से शमीम अंसारी की मौत हो गई थी। घटना को लेकर जगन्नाथपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

## अमित अग्रवाल की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की फर्जी तरीके से खरीद-बिक्री कर उस अवैध कमाई का मनी लाउंड्रिंग करने से जुड़े मामले में जेल में बंद अमित अग्रवाल को झटका लगा है। उसकी ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर बुधवार को सुनवाई के बाद पीएमएलए कोर्ट ने खारिज कर दी है। उसने जमानत की गुहार लगाते हुए 19 अगस्त को याचिका दाखिल की थी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने जेल में बिताई गई अवधि को देखते हुये जमानत देने का अनुरोध किया। इसका विरोध ईडी की ओर से किया गया। उन्होंने कहा कि मामले में याचिकाकर्ता पर आरोप तय कर दिया गया है। बाहर आने पर ट्रायल प्रभावित हो सकता है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने जमानत देने से इनकार किया। अमित अग्रवाल को ईडी ने उक्त मामले में 7 जून 2023 को गिरफ्तार किया था। तब से जेल में है। इसी मामले में पहले भी निचली अदालत से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक ने जमानत देने से इनकार किया था।

# सुरेंद्र बंगाली की क्रीमिनल याचिका पर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

**महाधिवक्ता ने जवाब देने के लिए मांगा समय**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** तीन दशक पहले रांची में आतंक का प्रयाय माना जाने वाला अपराधी सुरेंद्र सिंह रौतेला उर्फ सुरेंद्र बंगाली की क्रीमिनल याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुरेंद्र बंगाली को प्रीमेच्योर (25 साल की सजा के बाद) रिहाई को लेकर सरकार का पक्ष रखने के लिए महाधिवक्ता ने समय की मांग की। जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। सुरेंद्र बंगाली ने हाईकोर्ट में क्रीमिनल याचिका दाखिल कर कहा है कि हत्या के मामले में अदालत ने उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनायी थी। वह 25 साल से अधिक समय से जेल में बंद हैं। वर्ष 2003 में राज्य स्तर पर गठित पुनरीक्षण बोर्ड ने उनकी रिहाई के आवेदन को खारिज कर दिया था। सुरेंद्र बंगाली ने इसी साल सुप्रीम कोर्ट के (जोसेफ बनाम स्टेट ऑफ केरला) फैसले का हवाला देते हुए प्रीमेच्योर रिलीज का आग्रह किया है।

**1996 में हत्या मामले में अदालत ने सुनायी थी फांसी की सजा**

उल्लेखनीय है कि वर्ष 1996 में लालपुर थाना क्षेत्र में हुई एक हत्या मामले में अदालत ने सुरेंद्र बंगाली को फांसी की सजा सुनायी थी। वर्ष 2000 में हाई कोर्ट ने भी फांसी की सजा को कायम रखा था। इसके बाद सुरेंद्र बंगाली ने फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। वर्ष 2001 में सुप्रीम कोर्ट ने उसकी फांसी की सजा को आजीवन कारावास की सजा में तब्दील कर दी थी।

**पहले 14 साल की सजा काटने के बाद कर दिया जाता था रिहा**

गौरतलब है कि पहले आजीवन कारावास की सजा पाने वाले व्यक्ति को 14 साल की सजा काटने के बाद रिहा कर दिया जाता था। बाद में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर यह व्यवस्था बनी कि आजीवन कारवास का मतलब पूरी जिंदगी जेल में रहना पड़ेगा। साथ ही यह भी व्यवस्था बनी कि आजीवन कारावास की सजा प्राप्त व्यक्ति 20 साल की सजा काटने के बाद राज्य स्तर पर गठित पुनरीक्षण बोर्ड में अपील करके प्रीमेच्योर रिहाई का लाभ ले सकता है।

## झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक वित्तपोषण में पूरे भारत में प्राप्त किया तीसरा स्थान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** कृषि अवसंरचना कोष भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य किसानों और कृषि उद्योग को विकसित करने हेतु प्रावधान किया गया है। इस कोष का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उत्पन्न करना है। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक ने कृषि अवसंरचना कोष के वित्तपोषण में पूरे भारतवर्ष में तीसरा स्थान प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है, जिसके लिये नई दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में देश के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के हाथों बैंक के अध्यक्ष मदन मोहन बरियार पुरस्कृत किया गया है।

## राज्यपाल से मिले एसकेएमयू के वीसी



**रांची।** राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका (एसकेएमयू) के प्रभारी कुलपति डॉ० बिमल प्रसाद सिंह ने राज भवन में भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया।

## राज्यपाल से मिले आईसीएआर के निदेशक



रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को निदेशक, आईसीएआर-राष्ट्रीय द्वितीयक कृषि संस्थान अभिजीत कर ने राज भवन में भेंट की।

## राज्यपाल से मिले सैनिक बाजार के दुकानदार



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को सैनिक बाजार दुकानदार संघ का एक शिष्टमंडल संघ के अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में राज भवन में भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को सैनिक बाजार की जर्जर दुकानों से अवगत कराया।

## राज्यपाल से मिला शैक्षिक संघ का डेलिगेशन



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को डॉ० ब्रजेश कुमार के नेतृत्व में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का एक प्रतिनिधिमंडल राज भवन में भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को रांची विवि से संबंधित शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी।

## राज्यपाल से मिले बाल कल्याण संघ के अध्यक्ष



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को बाल कल्याण संघ का एक प्रतिनिधिमंडल संजय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में राज भवन में भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को झारखंड में संघ की ओर से किये जा रहे सकारात्मक कार्यों की जानकारी दी। मौके पर संघ की निदेशक भी मौजूद थीं।

## राज्यपाल से मिले बीबीएमकेयू के वीसी



**रांची।** राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद (॰बीबीएमकेयू) के वीसी डॉ राम कुमार सिंह ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया।

### आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने हेमंत सरकार की नीयत पर उठाया सवाल, कहा

# मंईयां सम्मान राशि वितरण के लिए बच्चों की पढ़ाई करा दी बाधित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि के वितरण के नाम पर बच्चों की पढ़ाई को बाधित कराना समझ से परे है। आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कार्यक्रम के नाम पर स्कूल बसों को जब्त किए जाने पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा है कि घर के बच्चे जब स्कूल नहीं गए तो उन्होंने छुप्ती का कारण पूछा। जवाब मिला कि स्कूल की गाड़ियां ले ली गई हैं।

ये तो हद है। ऑनलाइन योजना चलाने के लिए शानदार सिस्टम आ गए हैं। मुख्यमंत्री चाहते तो घर बैठे एक बटन दबाकर राशि ट्रांसफर कर सकते थे। लाभुकों के खाते में पैसे पहुंच जाते। लेकिन बच्चों की पढ़ाई को बाधित करके कार्यक्रम के नाम पर जो तरीका अपनाया गया है, वह कहीं से भी उचित नहीं है।

दरअसल, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को हर माह 1000 रु देना है। राशि को लाभुकों के बैंक खाते में डीबीटी के जरिए ट्रांसफर करना है। इसके लिए प्रमंडल स्तर पर कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। 4 सितंबर को दक्षिणी छोटानागपुर के पांच जिलों के लिए रांची के नामकुम स्थित खोजाटोली मैदान में कार्यक्रम का आयोजन हुआ है।



कार्यक्रम स्थल तक लाभुकों को लाने के लिए बड़े वाहनों की जरूरत थी। लिहाजा, रांची के डीटीओ ने पत्र जारी कर सभी निजी स्कूलों और बस संचालकों से बसों की मांग कर दी। रांची के डीटीओ के पत्र के मुताबिक सिर्फ रांची जिला के अलग-अलग प्रखंडों से लाभुकों को लाने के लिए 2000 बड़े वाहनों की जरूरत है।

लिहाजा, रांची के ज्यादातर बड़े निजी स्कूलों को बंद करना पड़ा। प्रबंधन के पास कोई ऑप्शन ही नहीं बचा था। 3 सितंबर को अभिभावकों को मैसेज आया कि 4 सितंबर को स्कूल बंद रहेगा। खास बात है कि इस कार्यक्रम की वजह से ट्रैफिक रूट में भी परिवर्तन किया गया है। इस वजह से कई किंडरगार्टेन (जहां नन्हें बच्चे पढ़ते हैं) स्कूलों के प्रबंधन ने 4 सितंबर की सुबह अभिभावकों को मैसेज भेजकर बता दिया कि आज स्कूल बंद रहेगा। वैसे विपक्षी दल बार-बार कह रहे हैं कि विधानसभा चुनाव सिर पर है। इसलिए लोगों को गुमराह करने के लिए राज्य सरकार ऐसा कर रही है।

## लूट मामले में अभियुक्त की सजा बरकरार

**रांची।** प्रधान न्यायायुक्त की अदालत ने कॉमन सेंटर के संचालक से 5.31 लाख रुपये के लूट मामले में सजायाफ्ता पंकज कुमार पासवान की सजा को बरकरार रखा है। एसडीजेएम रूपम स्मृति टोपनो ने लूट एवं आर्म्स एक्ट में दोषी पाकर पंकज कुमार पासवान को बीते 29 जुलाई को तीन साल कैद की सजा सुनाई थी। साथ ही 10 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया था। इसी सजा को चुनौती देते हुये सजायाफ्ता ने न्यायायुक्त की अदालत में क्रिमिनल अपील दाखिल की थी। अभियुक्त मूलतः बिहार के औरंगाबाद जिले के महिप बिगहा गांव निवासी है। लूट की घटना को लेकर आशीष कुमार ने 11 नवंबर 2022 को मैक्लुस्कीगंज थाना में आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अदालत ने अपीलकर्ता के विरुद्ध दोष सिद्धि के निर्णय और सजा के आदेश की पुष्टि करते हुये अपील खारिज कर दी।

भाजपा ने कहा कि राज्य में नौजवान मर रहे और मुख्यमंत्री खुद में मस्त हैं...

# ग्रामसभा का अधिकार छीन रही झारखंड सरकार : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को राजभवन के पास धरने पर बैठे झारखंड प्रदेश मुखिया संघ, झारखंड राज्य पंचायत सचिव संघ, झारखंड राज्य जल सहिया कर्मचारी संघ, झारखंड व्यवसायिक प्रशिक्षक संघ के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। उनकी समस्याओं को सुना और भाजपा सरकार बनने पर उनके समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार को जनता की समस्याओं के समाधान से कुछ भी लेना देना नही है। उन्होंने धरना पर बैठे लोगो से कहा कि आप सब हेमंत सरकार से उम्मीद नहीं करें। यह सरकार केवल लूटने, लुटवाने केलिये बनी है।हेमंत सरकार कानून से नही बल्कि पंकज मिश्रा, पिंटू, प्रेमप्रकाश जैसे दलाल बिचौलियों से चल रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की बुनियाद ग्राम सभा पर टिका है। हेमंत सरकार ग्राम सभा को कमजोर कर सारे अधिकार को अपने अधिकार में रखना चाहती है। उन्होंने कहा कि धरना की स्थिति तब पैदा होती है जब सरकार समस्याओं को सुनना नही चाहती। भाजपा मुखिया संघ के धरना के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि वे राज्य सरकार को कहेंगे कि जन प्रतिनिधियों से बात कर समस्या का समाधान करे। उन्होंने कहा कि चारों तरफ अराजकता का माहौल है। राज्य के 15 होनहार युवा सरकार के गलत निर्णय के कारण दौड़ते दौड़ते अपनी जान गवां बैठे। ऐसे में आश्चर्य होता है कि राज्य के मुख्यमंत्री दिल्ली में पत्नी संग खुशी मनाते हैं। उन्होंने कहा कि लघु खनिज, बालू, हाट, बाजार जैसे संसाधनों पर ग्राम सभा का अधिकार होना चाहिये। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व की पहली राज्य सरकार ने ऐसे ही निर्णय लिये थे। बालू घाट ग्राम सभा के जिम्मे था। हाट बाजार सब गांव के लोग हो देखते थे। पारा शिक्षकों की नियुक्ति भी ग्राम सभा के माध्यम से हुआ था। लेकिन हेमंत सरकार जब से बनी इसने बालू घाटों को मुंबई, दिल्ली के दलाल, बिचौलियों को सौंप दिये।

उन्होंने कहा कि 160 दिनों से दिव्यांग राजभवन के पास 2500 रुपये पेंशन के लिए धरने पर बैठे हैं। कोई सुध लेने वाला नही है। उसी प्रकार पंचायत सचिव, व्यवसायिक शिक्षक संघ, जल सहिया की बहने धरना पर बैठी है। यह सरकार महिला सम्मान का ढिंढोरा पीट रही। इस अवसर पर शिवपूजन पाठक, प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, रमाकांत महतो, शोभा यादव शामिल थे।

राज्य के टेट पास सहायक अध्यापकों ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

# आज शिक्षक दिवस पर काला बिल्ला लगाकर विरोध जतायेंगे शिक्षक

मांगों पर संज्ञान नहीं लेने का लगाया आरोप

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के टेट पास करीब 13 हजार सहायक अध्यापकों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उनका कहना है कि 5 सितंबर यानि शिक्षक दिवस के दिन काला बिल्ला लगाकर विरोध जतायेंगे। टेट सफल सहायक अध्यापक संघ के प्रमोद कुमार ने कहा किस सरकार के पास सहायक आचार्य नियुक्ति में सुधार के लिए बार बार टेट सफल सहायक अध्यापक सम्प्रति पारा शिक्षकों की समस्या को रखा गया, लेकिन सरकार के स्तर पर संज्ञान नहीं लिया गया। सरकार के इस नकारात्मक रैवये से परेशान होकर टेट सफल सहायक अध्यापक संघ के तमाम टेट पास पारा शिक्षक शिक्षक दिवस के दिन काला बिल्ला लगाकर कार्य करेंगे। इतने पर भी सरकार संज्ञान नहीं लेती है तो दो दिन बाद शिक्षा मंत्री के आवास में जाकर न्याय की गुहार लगाएंगे।

### टेट सफल सहायक अध्यापक संघ की मांगें

प्रदेश के सभी 12073 टेट पास पारा शिक्षकों का सहायक आचार्य के पद पर एडजस्टमेंट किया जाये। सहायक आचार्य बनने के बाद जो 10 वर्ष कायार्नुभव की बाध्यता रखी गई है, उसे शिथिल किया जाये।

### अध्यापक संघ का आंदोलन कार्यक्रम

शिक्षक दिवस के दिन सभी टेट पास सहायक अध्यापक काला बिल्ला लगाकर कार्य करेंगे और सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज करेंगे। सात सितंबर को राज्य के तमाम टेट पास सहायक अध्यापक न्याय मार्च करते हुए धुर्वा स्थित शिक्षा मंत्री आवास पहुंचकर न्याय की गुहार लगाएंगें। इसका नेतृत्व टेट सफल सहायक अध्यापक संघ के प्रमोद कुमार ,मिथिलेश उपाध्याय, मोहन मण्डल ,सीमांत घोषाल, मीना कुमारी, मिथिलेश यादव, महेश मेहता, जितेन्द्र कुमार, राजेन्द्र प्रसाद दत्ता, यदुवंशी गौरव, कालीनाथ शाहदेव, रामप्रकाश यादव, राजकिशोर महतो, अजय साहु, रविनंदन सिंह, रविशंकर ठाकुर, धर्मेंद्र कुमार पाल करेंगे।

खबर एक नजर में

### नागपुरी फिल्म 'आई लव यू' का ट्रेलर लॉन्च



**रांची।** गिरिराज फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बनी नागपुरी 'फिल्म आई लव यू' का ट्रेलर मेन रोड स्थित जेडी सिनेमा हाई स्ट्रीट मॉल में बुधवार को लॉन्च किया गया। आई लव यू अक्टूबर में दशहरा के बाद दर्शकों के लिये रिलीज किया जायेगा। इस खास मौके पर फिल्म के स्टार कास्ट समेत आई लव यू के मेकर से लेकर क्रू टीम के सभी सदस्य मौजूद रहे। यह फिल्म नागपुरी भाषा की रोमांटिक, एक्शन और ड्रामा फिल्म है।

### सीआइटी की वाईस प्रिंसिपल बनी प्रो रशिका



**रांची।** कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सीआईटी) में वाइस प्रिंसिपल के पद पर प्रो रशिका नवनीत सिंह ने पदभार ग्रहण किया है। पदभार ग्रहण के बाद प्रो सिंह ने कहा कि कड़ा अनुसाशन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उनकी प्राथमिकता होगी। प्रो सिंह को उप प्राचार्य बनाये जाने पर कैंब्रिज ट्रस्ट की चेयरर्सन जानकी देवी व संस्थान के प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन ने उन्हें बधाई दी है।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मना शिक्षक दिवस



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने शिक्षक दिवस के अवसर पर अपने शिक्षकों के प्रति आभार और सम्मान व्यक्त करने के लिए स्कूल परिसर में बुधवार को एक भव्य समारोह का आयोजन किया। यह समारोह हर्ष, सराहना और कृतज्ञता से भरा हुआ था। इस वर्ष का विषय था रेट्रो मेट्रो। लाइव बैंड ने 90 के दशक की बॉलीवुड धुनों को प्रस्तुत किया, जिससे पुरानी यादें ताजा हो गईं। प्राचार्या परमजीत कौर ने इस अवसर पर शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें प्रेरित किया कि वे अपने छात्रों से, जो उनके सर्वश्रेष्ठ शिक्षक हैं, लगातार सीखते रहें।

### भाजपा ने झामुमो नेताओं पर दर्ज कराया केस

**रांची।** भाजपा ने झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन, कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन समेत आईटी सेल के नेताओं के खिलाफ दुष्प्रचार करने का आरोप लगाते हुये अरगोड़ा थाने में यथोचित कार्रवाई का आवेदन दिया है। सुधीर श्रीवास्तव के अलावा भाजपा के संतोष कुमार राम ने अरगोड़ा थाना में मामला दर्ज कराया है। आवेदन में कहा गया है कि बीते 23 अगस्त 2024 को मोरहाबादी मैदान में हुई युवा आक्रोश रैली के दौरान हंगामे के बाद झामुमो के आधिकारिक ट्विटर, एक्स हैंडल से दूसरे राज्य के पुलिसवाले की कई साल पुरानी फोटो वायरल कर लोगों को भ्रमित और भाजपा को बदनाम करने का कार्य किया गया है।

## हेमंत सरकार रोजगार के प्रति गंभीर नहीं : सुदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सरकार अपने पांच साल के कार्यकाल में कभी भी रोजगार के प्रति गंभीर नहीं रही। नए पदों का सृजन करने की बात तो दूर यह सरकार रिक्त पदों को भी भर नहीं पाई है। आज राज्य के युवा अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। वर्तमान राजनीतिक हालात ने राज्य की छवि को धूमिल किया है। लोगों के जीवन को बेहतर बनाने की हमारी तैयारी है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कही। इस दैरान अधिवक्ता सह समाजसेवी आशुतोष वर्मा ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

**सरकार की गलती के कारण युवाओं की जान गयी :** सुदेश महतो ने कहा कि सिपाही बहाली में सरकार की बड़ी गलती की वजह से हमने अपने परिवार के 12 नौजवानों को खो दिया है। सरकार अपने ही बनाए हुए नियमावली का बहाना बनाकर अपनी जिम्मेदारी से मुकर नहीं सकती है। इस बहाली में राज्य के लाखों युवा शामिल हो रहे हैं, यह उनकी मजबूरी है। घटना होने के बाद मुख्यमंत्री मूल्यांकन कर रहे हैं, जबकि सरकार का दायित्व था कि ऐसी घटना ही न हो। बिना किसी तैयारी के सरकार ने यह दौड़ आयोजित की थी। अपने कार्यक्रम के लिए सरकार बच्चों की पढ़ाई बाधित कर रही है। यह सही नहीं है।

**अधिवक्ता आशुतोष वर्मा ने थामा आजसू का दामन :** मौके पर अधिवक्ता आशुतोष वर्मा ने आजसू का दामन थामा। सुदेश महतो ने कहा कि राज्य और राज्यवासियों के विषय में बेहतर सोचने वाले लोगों की इस राज्य की आवश्यकता है। अच्छे विचार और निःस्वार्थ भाव से राज्य की सेवा करने की इच्छाशक्ति से ही बदलाव संभव है। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद आशुतोष वर्मा ने कहा कि आजसू के विचारों, सिद्धांतों के साथ ही सुदेश महतो की ईमानदारी, राज्य के लिए समर्पण और इनकी दूरदर्शिता ने हम सभी को प्रभावित किया है।

## मास्टर प्रेम एमएमए हाई स्किल ट्रेनिंग के लिए मुंबई रवाना



**रांची।** मास्टर प्रेम, एमएमए (मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स) में उच्च कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए मुंबई के लिए रवाना हो गए हैं। मुंबई में 'एमएमए शार्क' रंजन सिंह राजपूत के नेतृत्व में हाई स्किल मास्टर ट्रेनिंग का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में दमन दीव, दादरा नगर हवेली, गुजरात और केरल से प्रतिष्ठित मास्टर्स जैसे मास्टर रंजीत, मास्टर राजन जैकब, मास्टर संदीप और मास्टर विठल की अगुवाई में फाइटर्स भाग लेंगे। यह कार्यक्रम एमएमए के क्षेत्र में उभरते हुए फाइटर्स को उनकी क्षमताओं को निखारने और उच्च स्तर की प्रशिक्षण तकनीकों को अपनाने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। ग्रैंड मास्टर रंजन सिंह राजपूत द्वारा आयोजित इस ट्रेनिंग सेशन का उद्देश्य भारतीय फाइटर्स को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार करना है।

## सोना चमकाने के नाम पर दो कंगन और हार ले भागे ठग

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची में अब बड़े बुर्जुगों को जालसाजों द्वारा धूर्त बनाकर उनके जेवरात लेकर भाग जा रहे हैं। बुधवार की सुबह चुटिया थाना क्षेत्र के एक महिला से दो ठगों ने सोना चमकाने के नाम पर कंगन और गले का हार ठग लिया। दोनों जालसाजों का चेहरा सीसीटीवी में कैद हो गया है।

**मार्बल-टाइल्स साफ करने के बहाने ले उड़े गहने :** चुटिया थाना क्षेत्र के रहने वाले एक बुजुर्ग दंपति के घर दो व्यक्ति पहुंचे और कहा कि वे लोग मार्बल और टाइल्स को चमकाने का काम करते हैं। कंपनी की तरफ से उन्हें घर-घर भेज कर अपने प्रोडक्ट का प्रचार करने को कहा गया है। दोनों बुजुर्ग पति-पत्नी घर आए ठगों के झांसे में आ गए. पहले तो दोनों ठगों ने मार्बल और टाइल्स को केमिकल डाल कर चमका दिया, फिर घर में ही रखे पीतल के दो बर्तनों को साफ कर दिया। जब दोनों ठगों को लगा कि बुजुर्ग दंपति उनके झांसे में आ गए हैं, तब उन्होंने बुजुर्ग दंपति से यह कहा कि उनके पास सोना चमकने वाला पाउडर भी है। बुजुर्ग अजय कुमार ने बताया कि वे लोग ठगों के झांसे में आ गए। पत्नी ने सोने के कंगन और गले की हार ठगों को चमकाने के लिए दे दिया। अजय कुमार के अनुसार पाउडर में गहने रखने के दौरान कब दोनों ने गहने गायब कर दिए, उन्हें यह पता ही नहीं चला। दोनों ठगों ने बुजुर्ग दंपति से कहा कि उन लोगों ने गहने को पाउडर में डाल दिया है। आधे घंटे बाद वह पाउडर से गहनों को निकाल लें, गहने चमकने लगेंगे। इतना कह कर दोनों ठग बुजुर्ग दंपति के घर से चले गए।

**पोटली खोली तो गहने मिले गायब :** दोनों ठगों के जाने के बाद जब बुजुर्ग दंपति ने पोटली खोली तो उसमें से सोने के सभी गहने गायब थे। इसके बाद बुजुर्ग दंपति को समझ आया कि उनके साथ ठगी हुइ है। वे भागे-भागे थाने पहुंचे और पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस एक्शन में आ गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों आरोपियों की तलाश में शुरू कर दी, लेकिन तब तक दोनों ठग फरार हो चुके थे।

### प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सजाया गया दीवान

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के पहले प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में बुधवार को दीवान सजाया गया। गुरु नानक नाम लेवा संगत द्वारा बड़ी श्रद्धा भावना से सबसे पहले सुबह 03:45 बजे से 4:00 बजे तक गुलाब फूल की पंखुड़ियों की वर्षा कर श्री गुरुग्रंथ साहिब जी का प्रकाश किया गया, विशेष दीवान की शुरूआत सुबह चार बजे नितनेम साहिब के पाठ से हुई। तत्पश्चात उपस्थित समूह साध संगत द्वारा श्री सुखमनी साहिब जी का सामूहिक पाठ हुआ। प्रकाश पर्व में बीबी जागीर कौर ने भी गायन किया। भाई गुरविंदर सिंह ने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी हमेशा मानवता का मार्गदर्शन करते हैं। बता दें कि विशेष दीवान की समाप्ति सुबह 8:30 बजे हुई। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने जानकारी दी कि सुबह 5:30 बजे गुरुद्वारा साहिब के मीत ग्रंथी भाई सूरज सिंह ने अरदास कर वाहेगुरु से चोला बदलने की आज्ञा मांगी, तत्पश्चात गुरु घर के सेवक हरविंदर सिंह मिढ़ा ' हन्नी' ने निशान साहब जी को नया चोला पहनाया।

## यूनिवर्सिटी में तकनीकी कुशलता के कार्यक्रमों का किया जायेगा नियमित आयोजन : कुलपति

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में स्मार्ट इण्डिया हैकथॉन का आयोजन बुधवार को किया गया। इस प्रतियोगिता में छः टीमों ने भाग लिया। एआईसीटी का एक केंद्र डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय को मिला है। इस प्रतियोगिता के दौरान सभी टीमों ने इस कार्यक्रम में स्वयं के विचारों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को एक नयी खोज बताते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति ने विस्तार से इसे परिभाषित किया। उन्होंने कहा कि हैकथॉन, जिसे कोडफेस्ट के रूप में भी जाना जाता है, एक सामाजिक कोडिंग कार्यक्रम है जो कंप्यूटर प्रोग्रामर और अन्य इच्छुक लोगों को एक नया सॉफ्टवेयर प्रोग्राम बनाने या सुधारने के लिए एक साथ लाता है। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों से विश्वविद्यालय में तकनीकी कुशलता से संदर्भित कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिनमें रोबोटिक्स प्रदर्शन के उपरांत का यह हैकथॉन कार्यक्रम है। आने वाले दिनों में भी तकनीकी कुशतलता पर नियमित कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने भी इस प्रतियोगिता में शामिल टीमों को बधाई दी। इस प्रतियोगिता के जूरी सदस्य के रूप में डॉ आशीष गुप्ता, डॉ आई.ए. साहू, डॉ राजेंद्र कुमार महतो, डॉ सईद जाफर अब्बास,डॉ अनिता, डा अनुपम ने अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम के संयोजक के तौर पर डॉ० राहुल देव साह थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## त्योहारी सीजन के पहले रेलवे की तैयारी, स्पेशल ट्रेन की हुई घोषणा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आने वाले महीने से त्योहार सीजन शुरू हो जायेगा। इसे लेकर रेलवे ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। रेलवे ने दुर्गा पूजा दिवाली और छठ के मद्देनजर स्पेशल ट्रेनों के परिचालन की घोषणा कर दी है। इसमें ट्रेन संख्या 02832 भुवनेश्वर-धनबाद स्पेशल वाया रांची का परिचालन 30 सिंतबर से 30 दिसंबर तक प्रतिदिन भुवनेश्वर से होगा। ट्रेन संख्या 02831 धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल वाया रांची का परिचालन एक अक्टूबर से 31 दिसंबर तक प्रतिदिन धनबाद से प्रस्थान करेगी।ट्रेन संख्या 08897 गोंदिया पटना छठ पूजा फेस्टिवल स्पेशल वाया रांची का परिचालन 3 नवंबर से 4 नवंबर को गोंदिया से प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन का गोंदिया प्रस्थान 11: 20 बजे, राउरकेला आगमन 22:15 बजे प्रस्थान 22:23 बजे, हटिया आगमन 01:15 बजे प्रस्थान 01: बजे, रांची आगमन 01:35 बजे प्रस्थान 01:45 बजे, मूरी आगमन 02:48 बजे प्रस्थान 02:50 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 04:00 बजे प्रस्थान 04: 05 बजे एवं पटना आगमन 11:00 होगा।

ट्रेन संख्या 08898 पटना गोंदिया छठ पूजा फेस्टिवल स्पेशल वाया रांची 4 और पांच नवंबर को पटना से प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन का पटना प्रस्थान 12:30 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 19:00 बजे प्रस्थान 19: 05 बजे, मूरी आगमन 20:10 बजे प्रस्थान 20:12 बजे, रांची आगमन 21:25 बजे प्रस्थान 21:35 बजे, हटिया आगमन 21:55 बजे प्रस्थान 22: 00 बजे, राउरकेला आगमन 01:20 बजे प्रस्थान 01:28 बजे एवं गोंदिया आगमन 14:30 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 08611 सांतरागाछी अजमेर साप्ताहिक स्पेशल 30 सिंतबर से 18 नवंबर तक प्रत्येक सोमवार को सांतरागाछी से प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन का सांतरागाछी प्रस्थान 22:40 बजे, मूरी आगमन 03:15 बजे प्रस्थान 03रूः बजे, रांची आगमन 04:50 बजे प्रस्थान 05:00 बजे, लोहरदगा आगमन 05: 58 बजे प्रस्थान 06:00 बजे एवं अजमेर आगमन 15:00 बजे होगा। ट्रेन संख्या 08612 अजमेर सांतरागाछी साप्ताहिक स्पेशल3 अक्टूबर से 21 नवंबर तक प्रत्येक गुरुवार को अजमेर से प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन का अजमेर प्रस्थान 23:00 बजे, लोहरदगा आगमन 05:10 बजे प्रस्थान 05:12 बजे, रांची आगमन 06:55 बजे प्रस्थान 07:05 बजे, मूरी आगमन 08:20 बजे प्रस्थान 08:40 बजे एवं सांतरागाछी आगमन 14:20 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 06059 कोयंबत्तूर बरौनी साप्ताहिक स्पेशल वाया रांची 10 सिंतबर से 26 नवंबर तक प्रत्येक मंगलवार को कोयंबत्तूर से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 06060 बरौनी कोयंबत्तूर साप्ताहिक स्पेशल वाया रांची 13 सिंतबर से 29 नवंबर तक प्रत्येक शुक्रवार को बरौनी से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 06063 कोयंबत्तूर धनबाद साप्ताहिक स्पेशल वाया रांची 13 सिंतबर से 29 नवंबर तक प्रत्येक शुक्रवार को कोयंबत्तूर से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 06064 धनबाद कोयंबत्तूर साप्ताहिक स्पेशल वाया रांची 16 सिंतबर से 2 दिसंबर तक प्रत्येक सोमवार को धनबाद से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 03253 पटना सिकंदराबाद एक्सप्रेस स्पेशल वाया रांची 14 अक्टूबर से 30 दिसबर तक प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को पटना से प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन का पटना प्रस्थान 15:00 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 21:20 बजे प्रस्थान 21:22 बजे, रांची आगमन 23:25 बजे प्रस्थान 23:35 बजे, हटिया आगमन 23:50 बजे प्रस्थान 2355 बजे, राउरकेला आगमन 03:00 बजे प्रस्थान 03:05 बजे, दुर्ग आगमन 10:10 बजे प्रस्थान 10: 20 बजे, नागपुर आगमन 15:50 बजे प्रस्थान 16:00 बजे एवं सिकंदराबाद आगमन 03:30 बजे होगा। ट्रेन संख्या 07255 हैदराबाद पटना एक्सप्रेस स्पेशल वाया रांची 16 अक्टूबर से एक दिसंबर तक प्रत्येक बुधवार को हैदराबाद से प्रस्थान करेगी।

इस ट्रेन का हैदराबाद प्रस्थान 22: 50 बजे, सिकंदराबाद आगमन 23:15 बजे प्रस्थान 23:20 बजे, नागपुर आगमन 09:20 बजे प्रस्थान 09:30 बजे, दुर्ग आगमन 13:50 बजे प्रस्थान 14:00 बजे, राउरकेला आगमन 22:10 बजे प्रस्थान 22:15 बजे, हटिया आगमन 01:15 बजे प्रस्थान 01:20 बजे, रांची आगमन 01:35 बजे प्रस्थान 01:45 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 04:03 बजे प्रस्थान 04:05 बजे एवं पटना आगमन 11: 30 बजे होगा। ट्रेन संख्या 07256 सिकंदराबाद पटना एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 18 अक्टूबर से 27 दिंसबर तक प्रत्येक शुक्रवार को सिकंदराबाद से प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन का सिकंदराबाद प्रस्थान 21:00 बजे, नागपुर आगमन 07:20 बजे प्रस्थान 07530 बजे, दुर्ग आगमन 11:50 बजे प्रस्थान 12:00 बजे, राउरकेला आगमन 20:10 बजे प्रस्थान 20:15 बजे, हटिया आगमन 23:15 बजे प्रस्थान 23:20 बजे, रांची आगमन 23:35 बजे प्रस्थान 23:45 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 02:03 बजे प्रस्थान 02:05 बजे एवं पटना आगमन 09:30 बजे होगा। इन ट्रेनों में एसएलआरडी के 2 कोच, सामान्य श्रेणी के 3 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर के 12 कोच, वातानुकूलित 3 टियर के 4 एवं वातानुकूलित 2 टियर के 2 कोच होंगे।

# रांची के धनंजय कुमार की बेहतरीन पेंटिंग्स से सजा दिल्ली का नवनिर्मित झारखंड भवन

बिल्डिंग में आधुनिकता और परंपरा दोनों का सम्मिश्रण, भव्य सोहराय पेंटिंग से झारखण्ड की लोककला को मिली नयी पहचान



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आखिर 24 वर्षों के बाद झारखंड को अपना नया भवन मिला। दिल्ली स्थित बांग्ला साहिब रोड में झारखंड भवन का उद्घाटन सीएम हेमंत सोरेन ने किया। यह इमारत अपने आधुनिक और भव्यता के लिए जाना जाएगा साथ ही साथ यह भवन झारखंड की लोक कला को एक नई पहचान और सम्मान दिलायेगा। इस इमारत मैं झारखंड की लोक कला चारों ओर दिख रहा है। जहां परिसर के अंदर लगभग 200 से ऊपर झारखण्ड की लोककला आधारित पेंटिंग्स दिख रही है। वहीं बाहरी दीवार पर लगभग 3100 स्क्वायर फीट की एक भव्य सोहराई पेंटिंग नजर आ रही है। जिसको रांची के युवा चित्रकार धनंजय कुमार ने मूर्त रूप दिया है। अपनी कलाकारी से इस बिल्डिंग की खूबसूरती में चार चांद लगा दिए हैं। ये पेंटिंग अपने आप में ही एक रिकॉर्ड है किसी भी इमारत पर बनी ये आज तक की सबसे बड़ी और ऊंचाई लगभग 110 फीट से बनाई गई 70 फीट की झारखण्ड की सोहराई पेंटिंग है। बीते दिनों मुख्यमंत्री अपनी दिल्ली यात्रा के दौरान इस इमरत को देखने गए थे जहां उन्होंने पेंटिंग्स को देख वह काफी प्रभावित हुए।

धनंजय कुमार ने बताया कि इस बिल्डिंग में आधुनिकता और परंपरा दोनों का सम्मिश्रण है। जहां बिल्डिंग में एक से बढ़ कर एक आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया गया है साथ ही साथ इमारत के बाहरी दीवारों पर भव्य सोहराय पेंटिंग ने झारखण्ड राज्य की लोककला को एक नई पहचान और सम्मान देने का काम किया है। इस पेंटिंग को बनाने में धनंजय कुमार और उनकी टीम को लगभग 20 दिनों का समय लगा 110 फीट की ऊंचाई पर बारिश के मौसम और तेज धूप सब सहते हुए कलाकारों ने इतनी बड़ी पेंटिंग बनाई जो आज इस बिल्डिंग की पहचान बनी है। पेंटिंग को कई किलोमीटर दूर से भी देखा जा सकता है। इसके अलावा परिसर के अंदर लगभग 200 से अधिक पेंटिंग लगायी गयी है। जिन्हें बनाने में लगभग डेढ़ महीने का समय लगा जिसमें 40 कलाकारों ने अपना योगदान दिया।

धनंजय कुमार की बनाई हुई पेंटिंग्स विभिन्न परिसरों में लगाई गई है। धनंजय कुमार रांची डोरंडा के रहने वाले हैं और विगत 23 वर्षों से कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट चलते हैं। जहां बच्चों को पेंटिंग सिखाई जाती है। उन्होंने बीआईटी मेसरा रांची से सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग की है। इन्हें अबतक 130 से अधिक अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है और तत्कालीन राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू, झारखंड के कई मुख्यमंत्री और कई राज्य और केंद्रीय मंत्रियों ने इन्हें सममानित किया है। ये ऑनलाइन क्लास के माध्यम से 12 देश के बच्चों को ऑनलाइन पेंटिंग सीखाते हैं। ये झारखण्ड की लोक कला को बच्चों और नयी पीढ़ी तक पहुँचाने का काम कर रहे है। इनके द्वारा बाल कैदियों को भी निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया है जिससे आज कई बाल कैदी चित्रकला को अपना पेशा अपना कर समाज की मुख्यधारा में जुड़ रहे हैं।

# सही कदम

हिमाचल सरकार द्वारा लड़कियों की शादी की कानूनी उम्र 18 से बढ़ाकर 21 वर्ष करना एक प्रगतिशील कदम है। लेकिन साथ ही हिमाचल सरकार द्वारा बाल विवाह निषेध (हिमाचल प्रदेश संशोधन) विधेयक 2024 के इस कदम ने एक नई बहस को भी जन्म दिया है। वहीं कांग्रेस पार्टी के भीतर भी कुछ असंतोष के सुर उभरते दिखे हैं। बहस इस मुद्दे से जुड़ी राष्ट्रीय चचाओं को लेकर भी है कि इससे पहले लाया गया केंद्र सरकार का बाल विवाह निषेध संशोधन विधेयक अभी भी एक संसदीय पैनल के समक्ष समीक्षाधीन है। उम्मीद है कि इसकी रिपोर्ट में सांस्कृतिक संवेदनशीलता, सामाजिक-आर्थिक कारकों और महिलाओं के अधिकारों तथा व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर संभावित प्रभाव सहित विभिन्न चिंताओं को संबोधित किया जायेगा। इस मामले में हिमाचल सरकार की स्वतंत्र पहल का निर्णय जहां एक प्रगतिशील कदम है तो वहीं इसे जल्दबाजी में उठाया गया कदम भी कहा जा रहा है। निस्संदेह, हिमाचल सरकार का यह सक्रिय रुख लैंगिक समानता और युवा महिलाओं के सशक्तीकरण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को ही उजागर करता है। वहीं दूसरी ओर महिलाओं की शादी की उम्र को पुरुषों के बराबर लाकर, सही मायनों में कानून का उद्देश्य उन्हें शादी के दबावों से मुक्त करना भी है। जिससे उन्हें शिक्षा और व्यक्तिगत विकास के लिये समान अवसर मिल सकें। निस्संदेह, ऐसे प्रयास स्त्री सशक्तीकरण की दिशा में एक सार्थक पहल कही जा सकती है। जो कालांतर समाज में लैंगिक समानता का मार्ग प्रशस्त करके उन्हें स्वावलंबी बनाने में मददगार हो सकती है। यही वक्त की मांग भी है। पार्टी सुखविंदर सुक्खू सरकार के कदम से आश्चर्यचकित हैं, क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने ही केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा लाए गए इसी तरह के विधेयक का विरोध किया था।

# वायु प्रदूषण की मार

यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट द्वारा किये गए अध्ययन में बताया गया है कि कुछ शहरों में वायु प्रदूषण भारतीयों की जीवन प्रत्याशा को नौ साल तक कम कर सकता है। कह सकते हैं कि वायु प्रदूषण से सबसे अधिक प्रभावित लोग अपनी जीवन प्रत्याशा को तेरह प्रतिशत अधिक खो सकते हैं। उम्र में कमी के अलावा लोग कई तरह के असाध्य रोगों की भी चपेट में आ जाते हैं, जिसका दंश उन्हें सालों-साल भुगतना पड़ता है। फलतः परिवारों को भावनात्मक व आर्थिक संकट भी झेलना पड़ता है। यह अध्ययन स्मरण कराता है कि भारत में गंगा के मैदानी इलाकों के शहरों में करीब 48 करोड़ लोग जिस प्रदूषित वातावरण में सांस ले रहे हैं, उसका स्तर यूरोप व उत्तरी अमेरिकी की तुलना में कई गुना अधिक है। निस्संदेह, समय-समय पर सामने आने वाले तथ्यों के दृष्टिगत नागरिकों व नीति-निमार्ताओं को इसे खतरे की घंटी मानते हुए सजग हो जाना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि हाल के वर्षों में देश के लोगों की जीवन प्रत्याशा में आशातीत वृद्धि हुई है। दुनिया में बहुचर्चित मेडिकल जर्नल लैंसेट के अनुसार वर्ष 1990 और 2019 के बीच भारत में जीवन प्रत्याशा 59.6 से बढ़कर 70.8 हुई है। हालांकि यह प्रत्याशा राज्यों के स्तर पर अंतर रखती है। यह भी हकीकत है कि दुनिया में वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों में एक बड़ा हिस्सा भारत का भी है। वहीं संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि वर्ष 2100 तक भारतीयों की जीवन प्रत्याशा 81 वर्ष होगी। बेहतर जीवन के लिये हमें प्रदूषण की समस्या का कारगर समाधान तलाशना होगा। हालांकि, यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो की रिपोर्ट का आकलन वर्ष 2019 की स्थिति पर आधारित है क्योंकि अब प्रदूषण महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश आदि को भी चपेट में लेने लगा है और वातावरण गर्म होने की शिकायत आ रही है।

# सर्वश्रेष्ठ शिक्षा देना ही जीवन का उदेश्य



**हमें** समझना होगा कि साक्षरता एवं पुस्तकीय ज्ञान शिक्षा का एक अंग भर हैं, शिक्षा का पूरा संसार नहीं। शिक्षा के इस अंग का उपयोग नैतिक एवं मानवीय मूल्यों के संरक्षण-संवर्धन के लिए किया जाना चाहिए। शिक्षक दिवस पांच सितंबर को हम सब मिलकर अगर इस दिशा में सोचे तब जाकर परिणाम आयेगा। साक्षरता जनित पुस्तकीय ज्ञान विज्ञान की तरह ही दुधारी तलवार है। भारतवर्ष की सनातन सांस्कृतिक परंपरा में शिक्षा स्वयं में बहुअर्थगर्भित शब्द है। यहां शिक्षा का अभिप्राय साक्षरता अथवा शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की उपलब्धता मात्र नहीं है। शिक्षा यहां मानव-मन को शुभसंस्कारों से सज्ज करने का माध्यम है; मनुष्य को मनुष्य बनाने की कला है; उसमें सामाजिक दायित्वबोध का जागरण है और उदात्त मानव-मूल्यों की प्राप्ति का कल्याणकारी संदेश है, जिसमें अक्षरज्ञान, संस्था-पदत्त प्रमाणपत्र आदि औपचारिकताओं का स्थान गौण है और मनुष्य का चारित्रिक उत्थान प्रधान है।

व्यापक यूरोपीय प्रभाव के कारण जब से भारतीय-समाज ने शिक्षा के उपर्युक्त स्वरूप और उद्देश्य को विस्मृत कर संस्थागत प्रमाणपत्रीय औपचारिक शैक्षणिक स्वरूप को ही शिक्षा के अर्थ में सीमित-संकुचित कर दिया है तब से समाज शिक्षा के वास्तविक प्रकाश से वंचित होकर अशिक्षा एवं अज्ञान के घोर अंधकार में भटकता हुआ अपराध के पतन-गर्त में गिर रहा है; गिरता ही जा रहा है। तथाकथित अंग्रेज शिक्षाविद मैकाले के समय से लेकर अब तक कितनी ही बार शिक्षा को लेकर विचार हुआ है; समितियों और आयोगों ने नई-नई नीतियां अनुशंसित की हैं; व्यवस्था के कर्णधारों ने उन्हें क्रियान्वित करने के लिए जनता की गाढ़ी कमाई को जी भरकर खर्च किया है किंतु परिणाम क्या है ? सामाजिक अशांति, संघर्ष और अपराध की बढ़ती भयावह स्थितियाँ !

विगत सौ वर्षों में देश के कोने-कोने में स्कूल-कॉलेज खुल गए; विश्वविद्यालयों और तरह-तरह के शैक्षणिक संस्थानों की बाढ़ आ गई; युवाओं का बड़ा वर्ग साक्षर हुआ, बड़ी-बड़ी डिग्रियों से अलंकृत हुआ किन्तु समाज में सुख-शांति और समृद्धि नहीं आई। उपर्युक्त कथित शिक्षा के प्रसार के साथ-साथ हमारे समाज में अनुशासनहीनता, सामाजिक-सांस्कृतिक मानमूल्यों की अवमानना, पारिवारिक-कलह, सामाजिक संघर्ष, रोजगार के संकट, आर्थिक-भ्रष्टाचार, लूट-हत्या-बलात्कार एवं हिंसक अपराधों के प्रकरण निरंतर बढ़े हैं, मनुष्य का मन अशांत हुआ है और आत्महत्याओं का सिलसिला बढ़ा है। इस तथाकथित शिक्षा ने मनुष्य की मनुष्यता ही छीन ली है- कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के विकट संकट काल में बड़े-बड़े नामी-गिरामी चिकित्सा संस्थानों के उच्चशिक्षित डिग्री धारी डॉक्टर-व्यवस्थापक रोगियों के कपड़े उतार रहे हैं; उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ वकील न्यायालय की अवमानना कर रहे हैं, नक्सलवाद और आतंकवाद के बेलगाम घोड़ों की लगामें बड़े-बड़े प्रोफेसरों के हाथों में दिखाई दे रही हैं। किन्तु मनुष्यता के प्रकाश और सामाजिक दायित्वबोध से कोसों दूर हैं। ऐसी शिक्षा की सार्थकता स्वयं में बड़ा प्रश्नचिन्ह है।



-डॉ मेरी ग्रेस

> शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना किसी भी समाज का दायित्व है। सरकारें सदैव सरकारी शिक्षा को कम आंकती है तो इसके पीछे वो नीतियां जबावदेह है जो बेहतर स्कूल को खुलकर आगे बढ़ने के बजाए उन्हें सरकारी नीतियों से सीमित कर देते हैं। आज हमें राज्य का सर्वश्रेष्ठ स्कूल का ईनाम मिला है लेकिन हमारी सीटें कम क्यों कर दी गयी यह सवाल किसी भी शिक्षाविद को चुभ रहा है।

आज कंप्यूटर और तकनीकी शिक्षा में पारंगत युवा साइबर क्राइम की दुनिया में रोज नए काले कारनामे कर रहे हैं। कब किसके खाते से कितनी रकम चुरा ली जाएगी, कुछ पता नहीं। तात्पर्य यह है कि शिक्षा के मूल्यनिष्ठ सांस्कृतिक धरातल से विचलित होकर औपचारिक संस्थागत साक्षरतापरक पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित होने की भारी कीमत समाज पिछली शताब्दी से अब तक निरंतर चुकाता आ रहा है और जब तक शिक्षा अपने इस वर्तमान छद्म आवरण को तोड़कर मनुष्य को मनुष्य बनाने के प्रति संकल्पित नहीं होगी तब तक शिक्षा के माध्यम से समाज के कल्याण का स्वप्न अपूर्ण ही रहेगा।

हमें समझना होगा कि साक्षरता एवं पुस्तकीय ज्ञान शिक्षा का एक अंग भर हैं, शिक्षा का पूरा संसार नहीं। शिक्षा के इस अंग का उपयोग नैतिक एवं मानवीय मूल्यों के संरक्षण-संवर्धन के लिए किया जाना चाहिए।

साक्षरता जनित पुस्तकीय ज्ञान विज्ञान की तरह ही दुधारी तलवार है जो किसी सुसंस्कारित विवेकशील मनुष्य के हाथ में आई तो मानवता का संकट हरेगी और अगर किसी दुराचारी व्यक्ति के हाथ में पड़ी तो समाज के लिए संकट का कारण बनेगी। सेवा, चिकित्सा, न्याय, प्रशासन आदि किसी भी क्षेत्र में हमें पहले अच्छा इंसान चाहिए बाद में अच्छा डॉक्टर, वकील, प्रशासक आदि। दुर्भाग्य है कि हमारी शिक्षा नीतियां, हमारे परिवार और समाज अच्छा मनुष्य बनाने के प्रति उदासीन हैं और अधिकतम धन-अर्जन में सक्षम व्यक्तित्व विकसित करने के प्रति प्रयत्नशील हैं। हमारी आधुनिक शिक्षा-व्यवस्था संवेदनाहीन लोभी रोबोट अधिक दे रही है और संवेदना, समृद्ध सेवाभावी मनुष्य कम दे पा रही है। कोई भी शिक्षा नीति तब तक समाज के लिए उपयोगी नहीं बन सकती जब तक उसमें संवेदनशील, उदार और विवेकवान मनुष्य के सृजन की सामर्थ्य ना हो। अतः शिक्षा नीति के निर्धारण में इस लक्ष्य की प्राप्ति अभीष्ट है।

शिक्षा एक गंभीर सामाजिक दायित्व-बोध है। शिक्षा स्वयं की क्षमता का संवर्धन और समाज के हित में उस क्षमता का निस्वार्थ विसर्जन है। शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना किसी भी समाज का दायित्व है। सरकारें सदैव सरकारी शिक्षा को कम आंकती है तो इसके पीछे वो नीतियां जबावदेह है जो बेहतर स्कूल को खुलकर आगे बढ़ने के बजाए उन्हें सरकारी नीतियों से सीमित कर देते हैं। आज हमें राज्य का सर्वश्रेष्ठ स्कूल का ईनाम मिला है लेकिन हमारी सीटें कम क्यों कर दी गयी यह सवाल किसी भी शिक्षाविद को चुभ रहा है। हम निर्धन बेटियों को उंची उड़ान देते हैं। मैं दशको से इस काम को अपनी टीम के साथ कर रही हूं। लेकिन मेरी निराशा और हताशा तब बढ़ती है जब मैं अपने खाली क्लास को देखती हूं जो सरकारी नीतियों के कारण खाली है। हम पढ़ाना चाहते हैं आप पढ़ाने ही नहीं देते यह पीड़ा शिक्षक दिवस पर साझा करते मर्माहत हूं। उर्सुलाइन इंटर कॉलेज को राज्य का श्रेष्ठ कॉलेज का पुरस्कार मिला है सभी सहयोगियों को आभार।

**(प्राचार्या, उर्सुलाइन इंटर कॉलेज, रांची)**

## खास बात

### तुष्टीकरण और जलालत से जंग

**नागेन्द्र सिंह**

**आधुनिक** विश्व की सबसे बड़ी ताकत चुनाव शब्दों में निहित है। क्योंकि चुनाव शब्द द्वारा परिवर्तन को अस्तित्व मिलता है ।आज दुनिया की हर प्रगतिशील सोच को चुनाव शब्दों से लिपटी लोकतंत्र प्यारी है। तथा इन पर आस्था भी है । आवाम के मत से चुनी गई व्यवस्था , व्यवस्था अंतर्गत सरकार बनती उतरती है। ऐसी लोकतांत्रिक व्यवस्था को हर धरा चुमना चाहती है। लेकिन इसकी एक बहुत बड़ी कमी भी है। लोकतंत्र की सबसे बड़ी कमजोरी तुष्टीकरण की राजनीति है। इतिहास गवाह है तुष्टीकरण की राजनीति की त्रासदी की देन प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध है। लड़ता फौजी है, राष्ट के झंडेतले मगर उसकी त्रासदी आवाम को झेलनी पड़ती है। आवाम बेचारी निर्दोष होकर भी सालों तक जिल्लत भरी और पानी से निकाले गये मछलियों की भांति तड़पते रहते हैं। आज दुनिया के युवा लोकतंत्र के माध्यम से ज्ञान- विज्ञान की इमारत बना रहे हैं और लोकतंत्र के चंद लोग तुष्टिकरण की घिनौनी खेल खेल कर लोकतंत्र पर विश्वास करने वालों को दहशत के साए में रखने को मजबूर कर रहे हैं। या कहां तक उचित है ? अफगानिस्तान को ही ले लीजिए। अमेरिका अफगानिस्तान में फौज तैनात कर दी मगर राष्ट्र भक्ति जगाने भी फेल हो गया। नतीजा तालिबान का कब्जा। मै तालिबान के बारे में नही कहता क्योंकि हमारी लोकतंत्र की प्रगतिशील विचारधारा को अफगणियो तक तुष्टीकरण से ऊपर उठकर नहीं बतायी गई। नतीजा अराजकता अराजकता के दो पाटन लोकतंत्र एवं हथियारबंद संगठन तालिबान के बीच पीसे जा रहे हैं अरे ! जागो सुरवीर अफगानी तुम्हारी खामोशी तुम्हारे इतिहास के सूर्य को चंद लोग अस्त करना चाहते हैं। तुम्हारी भौगोलिक संपदा की अपनी एक पहचान है उसे बचा लो अपनी आने वाली नस्लों के लिए वरना तुम्हें अपनी इतिहास में लुटेरे की संज्ञा दे देंगे ? कुल मिलाकर देश से दुनिया तक हिंसा और जलालत की जिंदगी से करोड़ों लोग परेशान है और अमेरिका से लेकर पूरी दुनिया में हर हुक्मरान अपनी चलाता है।

# अभिमान

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**मैं** और तू के अभिमान में सारा संसार व्यर्थ विवाद में पड़ा है। अपने अंदर में अहंकार को मारकर एक नाम की शरण में जाना चाहिए। ब्रम्ह्य सर्व व्यापक है। जहां तक जगत है पृथ्वी,जल, पवन आकाश आदि यहां तक कि पृथ्वी के अलावा करोड़ों ब्रम्हाण्डों में वह ब्रम्ह व्याप्त है। व्यक्त और अव्यक्त सृष्टि ब्रह्म के अंदर ही है। ब्रह्म गुण रहित है, बिना आकार का है अविनाशी है, अजन्मा है और अनंत है। अखिल ब्रह्मांड ब्रह्म का ही रूप है। बुद्धि द्वारा विकसित नाम-रूप भीड़ के कारण जगत में अलग-अलग वस्तुएं ही दिखाई दे रही हैं। जैसे स्वर्ण आभूषण का नाम सिकड़ी हार झुमका कंगन इत्यादि है, पर ये वस्तुएं वास्तव में स्वर्ण ही है। उससे अलग ये कुछ नहीं हैं। ब्रह्म के नाम पर ब्रह्मांड कहा जाता है। चराचर भूत जगत ब्रह्म के अलग-अलग नाम रूप है । ब्रह्म ज्ञान मनुष्य के हृदय में होता है। जैसे सारे कास्ट में अग्नि है पर छिपी हुई है तथा किसी- किसी कास्ट में अंगार के रूप में प्रगट ह। उसी तरह जब कोई मनुष्य अपना निर्णय निर्मल कर लेता है तो उसे हृदय में परमात्मा सच्चिदानंद रूप में प्रकट होता है। शरीर रूपी पुर में निवास करने के कारण उसे पुरुष कहा जाता है। आसानी से न प्रकट होने के कारण उसे अलख कहते हैं। जिस शरीर में अलख पुरुष प्रगट होता है उसे ही नाम कहते हैं। भाषा में नाम कहते हैं उर्दू में शब्द कहा जाता है। उसे संस्कृत में तत कहते हैं और वेद में तत्वमासी मर्सी कहा गया है। **(ब्रम्हा विद्यालय एवं आश्रम, छोटा राजपुर, बक्सर)**

## कार्टून वर्ल्ड

### कैसा विकास?



साभार कॉटूनमूवमेंट डॉट काम

## लेटर टू एडिटर

### हिंदी दिवस की बात

**अब** सितंबर आ गया तो हम सब 14 को हिंदी दिवस मना लेंगे। लेकिन हिंदी लगातार पिछड़ती जा रही है। आखिर हर जगत चमकते अंग्रेजीयत से भरे संस्थान यह नही कह रहें हैं। हिंदी को दिल से आत्मसात करने की जिजीविषा बैंक कर्मियों के मन-मस्तिष्क में पनपेगी? दिशाहीन कवायदों से हिंदी आगे बढ़ने की बजाये, पिछड़ जाएगी।

**श्री कांत, गढ़वा**

### कृर्षि से उम्मीद

**कृषि** क्षेत्र की विकास दर बढ़ाने में रबी फसलों की पैदावार, खासतौर से गेहूं की भारी पैदावार ने प्रभावी भूमिका निभाई है। पिछले वित्त वर्ष 2020-21 की पहली तिमाही में कृषि क्षेत्र की वृद्धि तीन फीसद ही थी। इस वर्ष कृषि विकास दर में वृद्धि के साथ कृषि निर्यात की बढ़ने की भी संभावनाएं प्रबल हुई हैं। कोरोना के संकट में कृर्षि क्षेत्र ने देश में अनाज की कमी नहीं होने दी। **-विवेक, हजारीबाग**

एक-एक दिन, एक-एक कदम,
आप बढ़ें, मैं भी चलूँ संग।
सपनों की ओर हम साथ बढ़ें,
हर कठिनाई को मिलकर आसान करें
**-जयश्री सोरेन, दुर्गा सोरेन सेना**

## रोचक ट्वीट

**झारखण्ड** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत अब 18-20 वर्ष की बेटी-बहनों को भी योजना से जोड़ा जाएगा। बेटियों और बहनों के खाते में भी सम्मान राशि दी जाएगी।

**-हेमंत सोरेन, सीएम**





**पारा** ओलंपिक में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भारतीय पारा एथलीट दल के सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

आपकी उपलब्धियों से देश गौरवान्वित है।

**- अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

## स्मृति शेष

# एक बेहतरीन शिक्षक से बिजनेस आइकॉन तक का सफर

### सरलता, सहजता और सहयोग अभय सर के जीवन का मूल मन्त्र था

**मुरलीधर**

**अभय सर** के महाप्रयाण के अविश्वसीन ईश्वरीय कृत्य से हम मर्माहत हैं। उनका चला जाना *खबर मन्त्र* परिवार के लिए एक अंतहीन पीड़ा है। इस पीड़ा को शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। पत्रकारिता के क्षेत्र में *खबर मन्त्र* ने झारखंड में अभय कुमार सिंह के नेतत्व में जिस प्रकार से अपना स्थान बनाया, वह उनके दृढ़ निश्चय, दूरदर्शिता, धर्य और व्यवहारकुशलता का परिणाम है। ऐसे समय में जब लोग अखबार निकालने का साहस नहीं करते, तब उन्होंने *खबर मन्त्र* का सफल नेतृत्व किया। उनकी कुशल व्यवहार और विनम्रता से किसी भी समस्या को समझने और उसका निष्पादन करने की उनकी क्षमता पूरे वृंदा मीडिया और वन वृदावन कंस्ट्रक्शन परिवार के लिए प्रेरणाश्रोत रहे। एक कुशल शिक्षकाविद से वे अपने लगन और मेहनत से जिस उंची मुकाम को हासिल किया वह एक उदाहरण है। इसके बाद भी उनके व्यवहार में लेश मात्र का अहंकार नहीं था वे सभी के साथ सहजता से मिलते। एक ओर पत्रकारिता की उलझने तो दूसरी ओर कंस्ट्रक्शन के चुनौतीपूर्ण कार्य के बीच श्री सिंह सदैव मुस्कुराते हुए हम सब के प्रेरणा श्रोत बने रहे। हमारे बीच उनकी स्मृतियां सदैव हमें उनकी याद दिलाती रहेंगी। वे सदैव हमारे साथ होंगे। हमारे लिए सहज नहीं है इस प्रकृति के सत्य को स्वीकार करना। निश्चित तौर पर जीवन मृत्यु के कठोर प्रहार से न कोई बचा है और न ही कोई बच सकेगा। लेकिन उसका प्रहार इतना क्रूर और निर्दयी होगा इसकी कल्पना किसी ने नहीं की थी। उनके साहचर्य, सहयोग, सरलता और सफलता के हम सब कायल थे। तमाम विपरीत स्थितियों के बीच हम यह मानते हैं कि हमारे अभिभावक के गुण ही थे कि हर कठिनाई में हम सफल हुए। इस असामयिक दुख और अलगाव को किस प्रकार सहन कर सकेंगे यह यक्ष प्रश्न है। हमें दुखः रहेगा कि हम अपने अभिभावक को इस तरह जाने दिया चुपचाप।। स्वभाव से कम बोलने और वश उतना ही बोलना जितनी आवश्यकता है उनकी खूबी थी। हम कृतज्ञ है उस मनीषी का, जिनके वाणी और व्यवहार ने मन को दुखी नहीं होने दिया चाहे स्थितियां जैसी भी हो। वे *खबर मन्त्र* का प्रकाशन बिहार, यूपी और दिल्ली से करके इसे राष्ट्रीय पहचान दिलाने में लगे थे। इस दिशा में उन्होंने योजना भी बनानी भी शुरू कर दी थी।

वे बार-बार कहते थे कोई चीज बड़ा नहीं होता, छोटा से ही तो बड़ा होता है। अगर हर व्यक्ति हार मान ने तो दुनिया नहीं चलती। शब्दों की सीमा होती है, पर न सुख की सीमा है और न ही दुख की। जाना नियति है लेकिन बहुत कुछ बाकी था आप चले गये। आप विराट धैर्य के स्वामी थे। तब तो आपने इतना बड़ा फासला तय किया। एक दिन आपने कहा था मुरली जी मैं काम के पीछे भागता हूं। परिणाम स्वतः आता है। आपलोग काम करते रहिये, परिणाम खुद आयेगा। बड़ी सहजता से कहते आप कर लीजियेगा। हम जानते हैं न। हमलोग जब कभी अपनी समस्याओं से हारने लगते थे तब आप साहस देते। अपना उदाहरण भी देते थे। एक शिक्षाविद से निर्माण के व्यवसाय और फिर मीडिया का उनका सपना पूरा करना कोई छोटी बात नहीं थी। हर काम को मुकाम तक पहुंचाने का धैर्य और पक्की योजना पर काम करते रहे। एक बेहतरीन प्रोफेसर की नौकरी से झारखंड-बिहार के जाने माने आइकॉन तक का सफर आसान नहीं था। आज वृंदा मीडिया और वन वृंदावन कंस्ट्रक्शन के सभी लोग आपकी प्रेरणा का स्मरण करते हुए आपके सपने को अपनी जिंदगी का ध्येय मान काम में लगे हैं। **विनम्र श्रद्धांजलि।**



*एक बेहतरीन प्रोफेसर की नौकरी से झारखंड बिहार के जाने माने आइकॉन तक का सफर आसान नहीं था। आपने उसे पूरा कर एक उदाहरण पेश किया। आज वृंदा मीडिया के सभी लोग आपकी प्रेरणा का स्मरण करते हुए आपके सपने को अपनी जिंदगी का ध्येय मान आगे बढ़ रहे हैं। खबर मन्त्र और वन वृंदावन कंस्ट्रक्शन के सभी सदस्यों की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि।*

# चीन से व्यापार : आयात और निर्यात का उलझा समीकरण

## सामयिक

**- राकेश दुबे**

थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक इस वर्ष 2024 के पहले छह महीनों (जनवरी से जून 2024) के दौरान भारत का चीन के साथ अब तक का सर्वाधिक व्यापार घाटा दर्ज किया गया है, जो 41.6 अरब डॉलर है। इस अवधि में चीन से आयात बढ़ कर 50.1 अरब डॉलर हो गया। जबकि चीन को सिर्फ 8.5 अरब डॉलर का निर्यात किया गया।

पिछले संपूर्ण वित्त वर्ष 2023-24 में चीन के साथ भारत के व्यापार को देखें तो पाते हैं कि चीन से आयात 101.75 अरब डॉलर हुआ था। जबकि चीन को निर्यात 16.66 अरब डॉलर रहा तथा चीन के साथ व्यापार घाटा 85.09 अरब डॉलर रहा है। निश्चित रूप से चीन के साथ बढ़ता हुआ व्यापार घाटा देश के सामने एक बड़ी चुनौती है। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के मुताबिक प्रोत्साहन आधारित उत्पादन (पीएलआई) के तहत एपीआई का उत्पादन बढ़ा कर इसके चीन से बड़े पैमाने पर होने वाले आयात में कमी की जा रही है। केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक चीन को खाद्य प्रसंस्करण उत्पादों का निर्यात बढ़ाने के रणनीतिक प्रयास किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि इन दिनों भारत-चीन के व्यापार से संबंधित प्रकाशित हो रही विभिन्न वैश्विक आर्थिक व वित्तीय संगठनों की रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि इस समय भारत के पास चीन से आयात घटाने और वैश्विक निर्यात में भारत का हिस्सा बढ़ाए जाने की संभावनाएं हैं। वैश्विक वित्तीय कंपनी नोमूरा ने भी हाल ही में अपनी रिपोर्ट में कहा कि चीन से ग्लोबल कंपनियां बाहर निकल रही हैं जिसका बड़ा फायदा भारत को मिलता दिख रहा है।

नोमूरा द्वारा चाईना प्लस वन स्ट्रेटजी पॉलिसी को लेकर 130 फर्मों के साथ सर्वे किया गया है। कहा गया है कि खासतौर से भारत के दरवाजे पर दस्तक दे रही इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, सेमीकंडक्टर (एसेंबलिंग, टेस्टिंग), एनर्जी (सोलर) के अलावा फार्मास्युटिकल्स सेक्टर की कंपनियों का भारत में हरसंभव सुविधा देकर स्वागत किया जाना होगा। यह भी महत्त्वपूर्ण है कि जी-20 की नई शक्ति से सुसज्जित भारत नए वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश की भूमिका में उभर कर सामने आया है और चीन को आर्थिक टक्कर देने की स्थिति में है।

निश्चित रूप से दुनिया के बाजार में चीन का दबदबा तोड़ने के परिप्रेक्ष्य में यूरोपीय, अमरीका और अन्य कई देश चीन से आयात के बढ़ते खतरों के मद्देनजर चीनी आयातों पर असाधारण आयात प्रतिबंध लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। विगत 12 जून को यूरोपीय आयोग ने चीन में बने इलेक्ट्रिक वाहनों पर 48 प्रतिशत तक आयात शुल्क लगाना सुनिश्चित किया है। पिछले कई वर्षों से यूरोपीय देशों की चीन से आयात पर शुल्क की दरें 10 प्रतिशत तक ही सीमित रही हैं। ऐसे में विभिन्न देशों द्वारा चीन से आयात होने वाले अनेक उत्पादों पर लगातार बढ़ता शुल्क चीन के आयात को हतोत्साहित करने की एक अहम पहल है, ऐसे में इन देशों में भारत से निर्यात की संभावनाएं बढ़ी है। वैसे चीन का भारतीय बाजारों पर जो दबदबा बना हुआ है, उसमें कमी आती दिखाई दे सकती है। यह बात महत्त्वपूर्ण है कि मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर देश से निर्यात और रोजगार सृजन दोनों में अहम योगदान देता है और इसके प्रोत्साहन के लिए इस बजट में खास ख्याल रखा गया है। वित्तमंत्री ने बजट में देश के 100 शहरों में प्लग एंड प्ले वाले औद्योगिक पार्क बनाने की घोषणा की है। केंद्र, राज्य और निजी सेक्टर की आपसी सहभागिता से प्लग एंड प्ले सुविधा वाले औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। उद्यमी को ऐसे औद्योगिक पार्क में जाकर सिर्फ उत्पादन शुरू करना होता है। नए बजट प्रावधानों के तहत 100 शहरों में प्लग एंड प्ले वाले सुविधा वाले औद्योगिक क्लस्टर या पार्क के विकसित होने से कम से कम 100 प्रकार के आइटम का बड़े पैमाने पर उत्पादन हो सकता है। वर्ष 2024-25 के बजट में वित्तमंत्री ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को निर्यात बढ़ाने के मद्देनजर सशक्त बनाया है। साथ ही इस सेक्टर के आयात में कमी के मद्देनजर प्रावधान किए गए हैं। निःस्संदेह एक बार फिर देश के करोड़ों लोगों को चीनी उत्पादों की जगह स्वदेशी उत्पादों के उपयोग के नए संकल्प के साथ आगे बढ़ना होगा।

## स्पीड न्यूज

### उज्जवला फाउंडेशन के सदस्यों का विकास पहली प्राथमिकता: प्रजापति



**कुजू।** उज्जवला फाउंडेशन की बैठक बुधवार को जेपी रेस्टोरेंट एंड बैंक्वेट हॉल में हुई। इसकी अध्यक्षता फाउंडेशन के अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति व संचालन शांति देवी ने किया। बैठक में सदस्यों ने आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए कार्यों की समीक्षा की। फॉउंडेशन सदस्य ललिता देवी के पुत्र के निधन पर जगेश्वर प्रजापति ने श्राद्धकर्म के लिए 25 किलो आटा, 10 पैकेट रिफाइन तेल देकर सहयोग किया। उन्होंने कहा कि उज्जवला फाउंडेशन के सदस्यों का विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि संस्था को कैसे आगे लेकर जाना है इस पर हमलोगों साथ मिलकर काम करना है। उन्होंने कहा कि अगले माह से फाउंडेशन सदस्यों को सिलाई प्रशिक्षण दिया जायेगा। मौके पर वीणा कुमारी, अनिता देवी, शांति देवी, कौशल्या देवी, मनसरी देवी, सुमन, कुसुम देवी, सोनी, सुमंती, रूपा, कंचन, अंजू, सुदासो, करमी, सुलेखा आदि शामिल थे।

### बच्चियों ने सीखे आत्मरक्षा के गुर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जेएसपी पतरातू में जेएसपी फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण परिवेश की छात्राओं के लिए आयोजित तीन दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को समापन हो गया। शिविर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार राम, पुलिस निरीक्षक पतरातु योगेंद्र सिंह, थाना प्रभारी बासल कैलाश कुमार, एचआर प्रमुख अजय झा और सीएसआर प्रमुख रवि निवास उपस्थित थे। शिविर में रामगढ़ जिले कराटे एसोसिएशन के प्रशिक्षक सेंसाई शशि पांडेय और विनय रंजन द्वारा बच्चियों को आत्मरक्षा के विभिन्न तकनीकों के बारे में प्रशिक्षण दिया। इन तकनीकों में हाथ पकड़ना, गर्दन, बाल, कमर और कंधे पर हाथ रखने पर बचने की तरीके शामिल थे। जेएसपी फाउंडेशन की अध्यक्षा शालू जिंदल के मार्गदर्शन में जेएसपी फाउंडेशन पतरातू द्वारा लड़कियों को आत्मरक्षा का गुर सिखाया जा रहा है।

### दो कराटे बालिका प्रशिक्षक सम्मानित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे कोच सेंसाई कंचन दास के देख-रेख में कराटे प्रशिक्षण लेने वाली दो कराटेकार बालिकाओं को रामगढ़ डीसी कार्यालय में सम्मानित किया गया। डीसी चन्दन कुमार ने कराटेकार सह प्रशिक्षका श्रृष्टि कुजुर एवं आस्था सिंह की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्रमाण-पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने दोनो बालिकाओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि कोच कंचन दास द्वारा आत्मरक्षा के लिए लड़कियों को मार्शल आर्ट का ट्रेनिंग दिया जा रहा है जो कि काफी सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को खास करके लड़कियों आत्मरक्षा के लिए मार्शल का टेजेनिंग जरूर लेना चाहिए। डीसी ने कहा कि कराटे से शारीरिक और मानसिक विकास तो होता ही है, यह हमसबों को अनुशासन की भी सीख देता है।

### विद्युत विभाग ने लगाया शिविर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल भुरकुंडा ने बुधवार को उपभोक्ता जागरूकता शिविर लगाया। शिविर में विद्युत कार्यपालक अभियंता कुजू प्रमंडल नवलेश कुमार, सहायक विद्युत अभियंता पुरन कुमार घांसी, कनीय विद्युत अभियंता भुरकुंडा पुष्पेन्दु कुमारी, पतरातु रोहितास कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थें। शिविर में भुरकुंडा, पतरातु और बरकाकाना प्रशाखा के करीब 50 उपभोक्ताओं के बिजली बिल में गड़बड़ी सहित अन्य समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर को सफल बनाने में प्रधान लिपिक रविंद्र कुमार, तकनीकी सहायक जयंत कुमार, शैलंश कुमार, अजय कुमार, सुरेश महतो, ननकु महतो, मनोज ठाकुर, तुलसी महतो, महेश यादव, अली सहित अन्य कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

### कुजू में दुर्गा पूजा को लेकर बैठक



**कुजू।** करमा नारायणपुर हनुमान मंदिर में बुधवार को दुर्गा पूजा को लेकर ग्रामीणों ने बैठक की। इसकी अध्यक्षता जानकी ठाकुर और संचालन प्रदीप शर्मा व पुरोहित हीरा लाल तिवारी ने की। दुर्गा पूजा के सफल संचालन समेत विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। आय व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। सर्वसम्मति से 3 वर्षों से बेहतर कार्य करने के उपरांत पूर्व कमेटी को पुनः जिम्मेवारी सौपी गई। जिसमे अध्यक्ष इंद्रदेव ठाकुर, उपाध्यक्ष जीवलाल महतो, सचिव पोखलाल महतो, सहसचिव रंजीत कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष मनपुरण प्रसाद, उपकोषाध्यक्ष कुमेश्वर महतो, वही, संरक्षक के रूप में करमा दक्षिणी मुखिया खगेश्वर महतो, संगठन मंत्री जगदेव साव, जानकी ठाकुर, मथुरा साव, प्रदीप शर्मा., देवनारायण प्रसाद, मोहित महतो, जबकि कार्यकारिणी सदस्यों में अयोध्या महतो, टुकेश्वर महतो, लखन ठाकुर, केदार ठाकुर उर्फ विक्की, प्रेम कुमार शर्मा, प्रमोद शर्मा, रामचंद्र महतो, दिनेश महतो, सुनील सोनी, विकास सोनी, शुभम सोनी, चरण महतो, मोनू शर्मा, कैलाश शर्मा, राहुल शर्मा, प्रीतम ठाकुर, सुरेंद्र शर्मा शामिल है। बैठक में परमेश्वर महतो, तिलकधारी महतो, मोहित कुमार, प्रकाश महतो, सुनील कुमार, राजू महतो, रामपति महतो, राजदीप शर्मा, कृष कुमार महतो, मिश्री ठाकुर, नरसिंह ठाकुर, महेश ठाकुर समेत काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

# विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक

## बड़कागांव में अकेले चुनाव लड़ने का प्रस्ताव भेजा गया है : विवेकानंद सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**बड़कागांव।** भाजपा बड़कागांव पश्चिम,पूर्वी उरीमारी,केरेडारी एवं पिपरवार मंडल कार्य समिति की संयुक्त एक दिवसीय बैठक सांढ पंचायत भवन प्रांगण पश्चिमी मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू की अध्यक्षता में की गई। बैठक का संचालन उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने किया। बैठक की शुरूआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए वंदे मातरम गीत गाकर की गई। सर्वप्रथम जिला उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता ने बैठक का उद्देश्य पर विषय वस्तु से अवगत कराई। उन्होंने कहा कि बड़कागांव विधानसभा परंपरागत भाजपा की रही है। आजसू के साथ गठबंधन होना बड़कागांव के लिए दुर्भाग्य है। जिला कमेटी एवं मंडल के अध्यक्षों द्वारा प्रदेश नेतृत्व को बड़कागांव विधानसभा से स्वयं चुनाव लड़ने का लिखित ज्ञापन सौंपा गया है। तत्पश्चात कार्यकर्ताओं से भी रायशुमारी ली गई जिसमें अधिकांश कार्यकर्ताओं ने कहा कि पार्टी को विधानसभा में अकेले ही चुनाव लड़नी चाहिए। हालांकि कुछ कार्यकर्ताओं ने केंद्र एवं प्रदेश नेतृत्व का गठबंधन का भी अनुपालन करने की बात कहीं।

जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने कहा कि प्रदेश तक बड़कागांव विधानसभा के लिए भाजपा का अकेले चुनाव लड़ने का प्रस्ताव भेजा जा चुका है। बावजूद केंद्र एवं राज्य नेतृत्व जो भी निर्णय लेगी उसे अनुपालन करना होगा। जिला अध्यक्ष ने कहा कि हर हाल में झारखंड में भाजपा नेतृत्व में सरकार बनाना है। क्योंकि झारखंड की हेमंत सरकार भ्रष्टाचारी एवं निकम्मी हो गई है। प्रदेश में हिंदुत्व खतरे में है। हमारे धर्म के साथ खिलवाड़ हो रही है। पहले हम हिंदू हैं तब जात-पात। भाजपा का मूल मंत्र पहले बूथ जीतो तब लोकसभा और विधानसभा। भाजपा जो बोलती है वह करती है। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि क्षेत्र की जनता की मांग है कि भाजपा अकेले चुनाव लड़े। यदि आजसू के साथ गठबंधन प्रदेश नेतृत्व करती है तो फिर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के ही आजसू कार्यकर्ता को टिकट देकर भेजें तभी मान्य होगी। झारखंड में दोहरी नीति चल रही है। रैयत की जमीन का मालिक कंपनी बन बैठा है। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र भाजपा का परंपरागत क्षेत्र रहा है। इसलिए यहां स्वयं भाजपा चुनाव लड़े।बैठक का धन्यवाद ज्ञापन पिपरवार के मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र शर्मा ने की। बैठक में जिला उपाध्यक्ष दामोदर सिंह,मंत्री जय नारायण प्रसाद, पूर्व उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता,शिवलाल महतो,विधानसभा विस्तारक उपेंद्र कुशवाहा, केरेडारी मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव, प्रभारी कुणाल दुबे, प्रीतम साहू,मुकुटधारी महतो, मूलचंद साव,राजू साव, टुकेश्वर प्रसाद, बेचन साव,पूनम साहू,सुनीता देवी,सेवंती देवी,उप प्रमुख बच्चन देव कुमार, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, पंसस उपेंद्र प्रसाद, भीखन महतो,महेंद्र महतो, नरेश साव, शिव शंकर कुमार उर्फ शिबू नरसिंह प्रसाद, अशोक साहू महेंद्र महतो, कजरू साव, श्रीकांत निराला, बढ़न तुरी, ज्ञानेश्वर शर्मा, किशोर राणा,दिनेश करमाली, बद्रीनारायण सिंह,लालमणि महतो, भागीरथ ठाकुर,बजरंग साव,नागेश्वर महतो, मोहन साव,सच्चिदानंद पांडे, राज किशोर साव,दानिश खान, ज्ञानचंद कुमार,स्वरूप नारायण महतो सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

# 300 पीस नशीले इंजेक्शन के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

▶▶ दवा शेड्यूल एच-1 श्रेणी में आता है उसे बिना चिकित्सीय परामर्श के नहीं दी जा सकती : एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता




**रामगढ़।** पुलिस ने 300 पीस नशीले इंजेक्शन के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। एसपी अजय कुमार ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गिरफ्तार तस्करों में दयानंद भगत उर्फ दुखु साव उर्फ राजा, राकेश यादव और सुमित अग्रवाल शामिल हैं।

एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी के दौरान एक ब्लू रंग की स्कूटी (पीबी 32 डी 1566) को जब्त किया। स्कूटी से 300 पीस पेंटाजोसिन लेक्टेड इंजेक्शन एंड फेनीरेमाइन मैलेट इंजेक्शन कंपनी का नशीला इंजेक्शन बरामद किया गया। दयानंद भगत ने पुलिस को बताया कि नशीले इंजेक्शन को उसे राकेश यादव और सुमित अग्रवाल के द्वारा उपलब्ध कराया गया था। एसपी ने बताया कि बरामद नशीले इंजेक्शन की जांच औषधि निरीक्षक से कराई गई। इसके बाद पता चला कि वह दवा शेड्यूल एच-1 श्रेणी में आता है। उसे बिना चिकित्सीय परामर्श के नहीं दी जा सकती। साथ ही बिना औषधि अनुज्ञप्ति के उसकी बिक्री भी अवैध है। छापेमारी में रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, प्रभारी थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, एएसआई सुजीत कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

### कुख्यात चोर नवल किशोर महतो पुलिस के हत्थे चढ़ा

रामगढ़। रामगढ़ थाना क्षेत्र में कुख्यात चोर नवल किशोर महतो पुलिस के हत्थे चढ़ा। बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर टायर चोरी, बैट्री चोरी व अन्य उपकरणों की चोरी की घटनाएं हो रही थी। इस मामले में रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में विशेष टीम लगातार छापेमारी कर रही थी। टेक्निकल सेल की सहायता से टीम ने घटना में शामिल अभियुक्तों का पता लगाते हुए रजरप्पा थाना क्षेत्र के सोसो उसरा गांव से नवल किशोर महतो को गिरफ्तार किया। एसपी ने बताया कि उसकी निशानदेही पर ट्रक, टर्बो से चोरी किए गए 6 टायर, 234/24 में चुटूपालू घाटी में दुर्घटनाग्रस्त टेलर से चोरी किए गए 6 टायर, दो बैट्री को सोसो बंसवारी स्थित अभियुक्त के बंगला ईंट भट्ठा के पास से बरामद किया गया।

### राज्य में बदलाव का लहर : संजीव साहू



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ जिला के प्रवक्ता संजीव साहू ने बुधवार को कहा कि संगठन बड़कागांव विधानसभा से जिनको भी अधिकृत प्रत्याशी घोषित करेगी उसके लिए दिन-रात मेहनत कर उम्मीदवार को भारी मतों से विजय दिलाने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि जनता ने बदलाव का मन बना लिया है और वर्तमान सरकार से झारखंड की जनता ऊब चुकी है। वर्तमान सरकार ने जो भी झारखंड की जनता से पिछले विधानसभा 2019 में वादा किया था उन वादों में एक भी वादा पूरा होता नहीं दिख रहा है। सरकार ने वादा किया था 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति बनाएंगे, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देंगे, स्थानीय व्यक्ति को कल-कारखानों में 75 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित कर नौकरी दिया जाएगा, बेरोजगारो को बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा, युवाओं को नौकरी दी जाएगी, झारखंड आंदोलन में शहीद परिवारों को सरकारी नौकरी दी जाएगी।

### भुरकुंडा : आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक में कई निर्णय

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पंचायत भवन में बुधवार को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा पतरातू प्रखंड की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता हरिशंकर चौधरी और संचालन बृजेश पांडेय ने किया। बैठक में झारखंड अलग राज्य आंदोलनकारी को जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए सभी आंदोलनकारी को अलग पहचान कर उनको राजकीय मान-सम्मान देने, उनके आश्रितों को रोजी-रोजगार एवं नियोजन में शत प्रतिशत अधिकार की गारंटी देने, सभी को सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रुपए देने की मांग को लेकर आगामी 11 सितंबर को संपूर्ण झारखंड बंद करने के निर्णय का समर्थन किया गया। जिसकी तैयारी को लेकर 10 सितंबर को शाम छह बजे मतकमा चौक से लेकर भुरकुंडा थाना चौक तक मशाल जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया। बैठक में झारखंड बंद के के दिन सभी आवश्यक वस्तुओं को छोड़कर सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठान, ट्रांसपोर्टिंग चक्का जाम का निर्णय लिया है। मौके पर दर्शन गंझू, संजय मिश्रा, लालदेव मुंडा, नरेश गंझू, उदय मालाकार, रॉवेल एक्का, गांगो बेदिया, शिवशंकर राम, सरहुल मुंडा, झलकू बेदिया, रामधन गंझू, लालू बेदिया, जितेंद्र महतो, योगेंद्र यादव, बीडी सिंह, मोहन तिवारी, रविंद्र प्रसाद, विनोद करमाली सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### फर्जी बायोमेट्रिक अटेंडेंस मामले में चार पर प्राथमिकी

**कुजू।** फर्जी बायोमेट्रिक अटेंडेंस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज किया। चंदन कुमार राज, गौरव बनर्जी, यशवंत सिंह और गोविंदा सिंह का नाम शामिल है। फर्जी डिजिटल सिग्नेचर लिक्विड रबर बरामद मामले में सोमवार को श्रीराम चौक एआर कॉम्प्लेक्स स्थित मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत वीर सुभाष चंद्र सेवा संस्थान में फर्जी डिजिटल सिग्नेचर रबर बरामदगी मामले में एसडीएम आशीष गंगवार ने संस्थान को सील किया था। साथ ही संस्थान के एक कमरे में रखे लिक्विड युक्त रबर की खोज कर प्रांगण में बिखेर दिया। अभी भी क्षेत्र में कई ऐसे सरकारी संस्थान है जहां फर्जी तरीके से कार्य हो रहा है। अगर प्रशासन निष्पक्ष जांच करें तो इसी तरह का मामला का भांडाफोड़ हो सकता है।

# वेणुगोपाल से मिले इरफान अंसारी व उमाशंकर अकेला

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** कांग्रेस के महासचिव और संगठन प्रभारी सांसद केसी. वेणुगोपाल से मंत्री इरफान अंसारी और विधायक उमाशंकर अकेला ने शिष्टाचार भेंट की। बैठक में झारखंड के लिए कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। वेणुगोपाल ने झारखंड के विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने झारखंड के विकास और कांग्रेस पार्टी के संगठन सशक्तिकरण के लिए अपने विचार साझा किए। वेणुगोपाल ने उमाशंकर अकेला को पूर्ण आत्मविश्वास के साथ जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि झारखंड में कांग्रेस संगठन को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। अकेला ने कहा कि वेणुगोपाल से मुलाकात करना उनके लिए प्रेरणादायक था। वेणुगोपाल के मार्गदर्शन ने अपने क्षेत्र के विकास के लिए और अधिक मेहनत करने का संकल्प दिलाया। झारखंड की राजनीतिक स्थिति और भविष्य की रणनीति पर चर्चा करते हुए, वेणुगोपाल ने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# सचिव बनने पर अंबा प्रसाद का स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विधायक अंबा प्रसाद को कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं वेस्ट बंगाल का प्रभारी बनाए जाने पर पतरातू प्रखंड विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह के नेतृत्व में नलकारी पुल तालाटांड में कांग्रेसियों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कार्यकताओं में काफी हर्ष का माहौल देखने को मिला।

कार्यकर्ताओं ने विधायक को फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत करते हुए बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर कांग्रेसियों ने कहा कि यह हमसबों के लिए गौरव की बात है कि विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव विधानसभा को पूरे देश में एक नई पहचान दिलाई है। विधायक के 24 घंटे क्षेत्र के प्रति तत्परता को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने एक साधारण से विधायक को इतना बड़ा पद देने का काम किया है इसके लिए हम सभी कांग्रेसी राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। कांग्रेसियों ने कहा कि इसी तरह विधायक अंबा प्रसाद क्षेत्र के प्रति कार्य करते रहें और अपने कद को और ऊंचाई तक ले जाएं। इसके लिए हमसभी कार्यकर्ता कांग्रेस व देशहित में कार्य करते रहेंगे।

स्वागत करने वालो में विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, विधायक प्रतिनिधि अमित कुमार, विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर पांडेय उर्फ राजू पांडे, अंजन प्रसाद, युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, याकूब राय, चंदन साव, छोटू साव, बबलू कुमार, देवा साहू, विक्कू रजक, मकसूद अंसारी, नईम अंसारी, रमेश बेदिया, योगेंद्र सिंह खरवार, बारीक अंसारी, अशोक प्रसाद, कमलेश कुमार, तपस कुमार, इस्लाम अंसारी, मुस्तफा अंसारी, छोटन महतो, गीता देवी, लक्ष्मी देवी, सुनीता देवी, सावित्री देवी, दीपक कुमार, संजीत सिंह, रामेश्वर सिंह, अशोक करमाली, वीरेंद्र नायक, गीता देवी, रवानी अंसारी, रवि श्रीवास्तव, महताब आलम, मीना देवी, सुमन मुंडा, रामकुमार महतो, अमित कुमार, देव बेदिया, नरेंद्र सिंह खरवार, सहमत अंसारी, इरफान अंसारी, कालेश्वर महतो, रमेश बेदिया सहित दर्जनों कांग्रेसी शामिल थे।

## एक नजर में

### बरही में प्रेरणास्रोत बने दो सम्मानित शिक्षक

शिक्षक दिवस पर विशेष






बरही। बरही के दो शिक्षक इन दिनों स्थानीय लोगो के लिए प्रेरणा के श्रोत बन गये हैं। दोनों शिक्षकों की चर्चा आम होने लगी है। बरही अपनी समृद्ध सांस्कृतिक और शैक्षिक धरोहर के लिए जाना जाता है, उसने शिक्षा के क्षेत्र में एक अद्वितीय पहचान बनाई है। इस छोटे से शहर के दो शिक्षकों, पंडित सुखदेव राम और इशो सिंह को उनके उत्कृष्ट शैक्षिक योगदान के लिए देश के सर्वोच्च सम्मान राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। पंडित सुखदेव राम, जिन्हें 1962 में तत्कालीन राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन द्वारा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था, बरही के शिक्षा क्षेत्र के लिए एक प्रेरणा स्रोत बने। उनका शिक्षा के प्रति समर्पण और विद्यार्थियों के प्रति उनके स्नेह ने उन्हें इस सम्मान का पात्र बनाया। 2009 में बरही के ही एक और शिक्षक इशो सिंह को उपराष्ट्रपति मो. हमीद अंसारी ने राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया। इशो सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में अपने अनूठे तरीकों और छात्रों के प्रति अपने विशेष दृष्टिकोण से ख्याति अर्जित की। उनके शिक्षण के तरीकों में नवीनता और छात्रों को हर स्तर पर प्रोत्साहित करने की उनकी अद्वितीय क्षमता ने उन्हें इस पुरस्कार का हकदार बनाया। इशो सिंह रसोइया धमना मध्य विद्यालय में पदस्थापित थे। इसके अलावा 22 नवम्बर 2021 को झारखंड स्थापना दिवस पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन व विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो द्वारा विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया था।

### विवादित जमीन पर कब्जे का लगाया आरोप

**कटकमदाग।** विवादित जमीन पर कब्जा करने व उस पर काम कराने का मामला कटकमदाग थाना क्षेत्र के मसरातू में प्रकाश में आया है। मसरातू में खाता नंबर 209 प्लॉट नंबर 99 ,थाना नंबर 125 रैयती भूमि पर मोहम्मद मजहर पिता सफीक मियां ग्राम मसरातू के द्वारा जमीन पर बा-जबरन काम करवाया जा रहा है। इस जमीन पर टाइटल सूट अभी वर्तमान में भी चल रहा है जिसका केस नंबर 121/ 21 है। उसके बावजूद भी उस पर निर्माण कार्य जारी है । इस संबंध में निवेदक रुबेदा बानो एक आवेदन लेकर बुधवार की शाम को थाना पहुंची। उन्होंने बताया की वहां पर उपस्थित पुलिस की पदाधिकारी ने कहा कि काम रुकवाने के लिए आपको अंचल अधिकारी से मिलना होगा। इस संबंध में रुबेदा बानो ने बताया कि इस जमीन पर कोर्ट में एक टाइटल सूट चल रहा है जिसका नंबर 121 /21 है उसे केस का विविध वाद संख्या 24 ऑब्लिक 23 माननिय सीनियर सिविल जज 2 हजारीबाग के न्यायालय में लंबित चला आ रहा है। उक्त वर्णित भूमि को गलत तरीके से मोहम्मद इम्तियाज पिता मोहम्मद अब्दुल हुसैन खिरगांव थाना बड़ा बाजार द्वारा जमीन पर कॉलम की खुदाई शुरू किया । हमारे मना करने पर मजदूर बोलते हैं कि हमको कोई काम करने दिया वह काम चल रहा है । मोहम्मद मजहर पिता सफीक मियां ग्राम मसरातु जिला हजारीबाग इसी के द्वारा बा जबरन जमीन पर काम करवाया जा रहा है मना करने पर वह कहता है कि जमीन पर से आप लोग चले जाइए नहीं तो ठीक नहीं होगा। उसके धमकी से हमलोग भयभीत है।

### कृषि उन्नति योजना के तहत प्रशिक्षण

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के ग्राम- खरना पंचायात- खरना में दो दिवसीय प्रशिक्षण कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा हजारीबाग, आत्मा समेति सहायय, ( कृषिउन्नति योजना) के तहत आयोजन किया गया । बैठक की अध्यक्षता पंचायत समिति चांदमुनि हेंब्रम के द्वारा की गई ।इस प्रशिक्षण में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक उमेश कुमार राणा ने किसानों को खरीफ एवं रवि में होने वाली फसलों तथासब्जी की खेती जैविक खेती मिट्टी जांच नमूना का संग्रहण मोटे अनाज की खेती दलहन या तिलहन की खेती को बढ़ावा देना ,किसान क्रेडिट कार्ड के प्रति लोगों को जागरूक करना, किसान समृद्धि योजना के तहत पंप सेट योजना के बारे में विस्तार पूर्वक बताना, कृषि उपादान के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक पौधा संरक्षण पर्यवेक्षक विष्णुगढ़ चितरंजन कुमार सिंह एवं समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला विष्णुगढ़ के कृषि विशेषज्ञ अखिलेश कुमार कृषक मित्र गणेश नायक ,सुनील कुमार सिंह सहित काफी संख्या मेंमहिला एवं पुरुष कृषक उपस्थित थे।

### औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में नये सत्र शुरू

**बड़कागांव।** एनएमएल पकरी बरवाडीह द्वारा संचालित एनटीपीसी खनन एवं औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में नए सत्र का बुधवार से शुरू हुआ। नये विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। साथ ही अभिभावकों के साथ चर्चा की गई। पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना द्वारा संचालित यह औद्योगिक एवं प्रशिक्षण केंद्र आस पास के गाँव के बच्चों को बेहतर प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए पिछले कुछ सालों से जाना जाता रहा है। शुरूआत इन 65 नए विद्यार्थियों का चयन खनन एवं औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र की विभिन्न कोर्सेस में हुआ है वे सभी परियोजना प्रभावित गाँव के बच्चे हैं जो एक नई उम्मीद और आशा की किरण लिए इस संस्थान में दाखिला करवाएं हैं । पकरी बरवाडीह महाप्रबंधक एसके सेनापति ने सभी प्रशिक्षुओं डायरी दिया।

### बहेरा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**चरही।** बहेरा पंचायत भवन सभागार में बुधवार को राज्य सरकार की पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत चुरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक,बीडीओ ललित राम ने सामुहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में सर्वजन पेंशन योजना के चार आवेदन स्वीकृत किए गए। मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के 21 आवेदन लिए गए। नए राशन कार्ड आवेदन में शून्य रही।वहीं राशन कार्ड में त्रुटि के सुधार हेतु 58 आवेदन प्राप्त किए गए। सबसे अधिक अबुआ आवास योजना के 151 प्राप्त किए गए। ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा चुरचू प्रखंड के सखी मंडलों को 31 लाख रुपए के बैंक ऋण राशि का चेक वितरण किया गया। साथ ही शिविर में सरकार के द्वारा चलाया जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं कि समीक्षा एवं आवेदन प्राप्त किए गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, बीडीओ ललित राम, सीओ राजमोहन तुरी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष लखीराम मांझी, झामुमो प्रखंड सचिव आनंद मरांडी,पूर्व प्रमुख चोलेश्वर महतो, उप मुखिया शिवचंद मुर्मू, पंचायत समिति सदस्य शक्ति देवी,मालती देवी,वार्ड सदस्यआशामुनी मुर्मू ,बिरजू राम, अजहरुद्दीन अंसारी,सबीना हेमब्रोम, गीता देवी, प्रतिनिधि बिरसा मांझी, ललन प्रसाद, सहित कई ग्रामीण शामिल थे।

### भुरकुंडा श्रीश्री दुर्गा पूजा की कमेटि गठित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जवाहर नगर बौनर धौड़ा स्थित मां शीतला मंदिर प्रांगण में बुधवार को श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता डॉ. आरएन प्रसाद एवं संचालन कृष्णा साव ने किया। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा पूरे धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पूजा की तैयारियों, साफ-सफाई, लाइट-साउंड,पंडाल, कोष संग्रह व प्रतिमा स्थापित करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान पूजा की सफलता को लेकर कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष मनोज साव, उपाध्यक्ष अनुभव भारद्वाज, सचिव धीरज कुमार मंगलम, सह सचिव देव गुप्ता, कोषाध्यक्षा जषवंत पाठक, उप कोषाध्यक्ष अशोक पाठक चुने गये। कार्यकारिणी के लिए विनय सिंह, सूरज राणा, अनिल साव, राजेश शर्मा, अनित गुप्ता, रजत साव, मनोज पाठक, सूजल साव, आदित्य साव, अनिल नायक, नरेन्द्र सिंह रेखी, प्रदिप साव, संजय गुप्ता, छोटेलाल नायक, बबन राम, विक्की गुप्ता, रोहित गुप्ता, राजकुमार साव, नीरज साव, षालू सिंह, रिंकू सिंह आदि शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## डीएवी स्कूल एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा के श्रेयांश पांडेय ने जीता कांस्य पदक

**टंडवा (चतरा)।** डीएवी संस्थान द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय अंडर 14 बालक जूडो प्रतियोगिता में डीएवी स्कूल एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा के खिलाड़ी श्रेयांश पांडेय ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए जूडो में कांस्य पदक जीता। श्रेयांश ने लंबी कूद प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक जीता। उनके इस शानदार प्रदर्शन के चलते उनका चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हो गया है। वरिष्ठ अध्यापक वीरेंद्र कुमार पांडेय और खेलकूद शिक्षक कुन्दन कुमार सिंह ने श्रेयांश को राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए कई गुर सिखाए।

## पुलिस ने दो फरार अभियुक्तों के घर डुगडुगी बजाकर चिपकाया इश्तिहार

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया पुलिस ने दो फरार अभियुक्तों के घर डुगडुगी बजाकर इश्तहार चिपकाया है और अतिशीघ्र आत्म समर्पण करने की चेतावनी दी है। पहला अभियुक्त प्रखंड मुख्यालय निवासी नजीर आलम उर्फ छोटू खान है। छोटु धारा 376, 420 और 120 बी का अभियुक्त है। पुलिस लंबे समय से इसको तलाश कर रही है। जबकि दूसरा लोहसिंगना निवासी मो. सलमान है। सलमान भी धारा 376, 504 और 24 का अभियुक्त है। पुलिस ने। इसके घर पर भी इश्तिहार चिपकाया है। पुलिस टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी मानव मयंक कर रहे थे। उन्होंने बताया कि न्यायालय के आदेश अनुसार अभियुक्त के विरुद्ध उक्त कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि यदि अभियुक्त अति शीघ्र आत्मसमर्पण नहीं करते तो इनके विरुद्ध कुर्की जब्ती सहित अन्य अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

## दिव्यांगों के लिए शिविर का आयोजन

**गिद्धौर।** गिद्धौर के मध्य विद्यालय में दिव्यांगों के लिए एक शिविर का आयोजन किया गया, जहाँ 19 दिव्यांग स्कूली बच्चों को ट्राई साइकिल, विलचेयर, कैलीपर और श्रवण मशीन जैसे उपकरण वितरित किए गए। इलिंको भुवनेश्वर से आए डॉक्टर ज्ञाननंद कुमार और डॉक्टर दीपक कुमार मंडल ने उपकरणों का वितरण किया। यह उपकरण उन छात्र-छात्राओं को दिए गए जो कक्षा 9 से 12 तक पढ़ रहे हैं। इस अवसर पर बीपीओ नीरज कुमार, अशोक कुमार सिंह, समाजसेवी यदुन्दन पांडेय और शिक्षक सिद्धेश्वर पांडेय भी उपस्थित थे।

## भाजपा पार्टी की प्रखंड स्तरीय मंडल कार्यसमिति की बैठक

**गिद्धौर।** बुधवार को बटेश्वर शिव मंदिर परिसर में भाजपा पार्टी की प्रखंड स्तरीय मंडल कार्यसमिति की बैठक हुई जिसमें चतरा जिला प्रभारी विनय जायसवाल और जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक की शुरूआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी बाजपेई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर की गई। मंडल कार्यसमिति की बैठक में उपस्थित कार्यकताओं को विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया गया और बूथों में जाकर कम से कम ग्यारह लोगों से संपर्क करने की बात कही गई।


### नोटिस

मैं चंदन कुमार ठाकुर पिता मालपति ठाकुर ग्राम-मेराल, पोस्ट सिक्की कला, थाना पाटन जिला पलामू राज्य झारखंड का निवासी हूं। मेरा सर्विस नंबर-15622373 एक्स है। मेरा मां का नाम सर्विस बुक में गलत है। मेरा मां का नाम सुधार करवाना है। मेरा सर्विस बुक में मां का नाम पतया देवी patya devi जन्म तिथि 04-06-1954 दर्ज है। जो कि आधार कार्ड से मैच नहीं कर रहा है। इसलिए जन्म तिथि सुधार करवाना है। जो इस प्रकार है आधार में नाम पतवा देवी patwa देवी जन्म तिथि 01-01- 1952 है। मेरी का सही नाम पतवा देवी patwa देवी है जिसका जन्म तिथी 01-01-1952 है यही सही है।

**चंदन कुमार ठाकुर**
**ग्राम - मेराल पोस्ट- सिक्की कला**
**थाना पाटन , जिला- पलामू।**
**राज्य - झारखंड**
**पिन 822123**


मेघातरी कुशहना गांव के बाढ़ पीड़ितों को 18 दिन बाद भी मुआवजा का इंतजार

# हमलोगों को सिर्फ अभितक आश्वासन ही मिला : ग्रामीण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिले के मेघातरी पंचायत कुशहना गांव में चेकडैम टूटने से बाढ़ आने के बाद 18 दिन से ज्यादा बीत जाने के बाद भी बाढ़ पीड़ितों को सरकार की ओर से मिलने वाले मुआवजा का इंतजार है। बतादें कि बाढ़ से कुशहना गांव के 61 घर प्रभावित हुआ था। इन घरों में कुछ भी नहीं बचा, न खाने का अनाज, न पहनने के लिए कपड़े, न ही बर्तन। वहीं ग्रामीणों में अनिता देवी ने बताया कि बारिश होने के बाद हमलोग रात को सोते हैं तो डर लगता है, कही फिर से बाढ़ न आ जाये, खतरा अभी भी बना हुआ है। हमलोगों को सरकार की ओर से जो मुआवजा मिलने वाला था अभी तक नहीं मिला है। सिर्फ हर तरफ से हमलोगों को आश्वासन ही मिल रहा है।



वहीं गैना भुइयां ने बताया कि वन विभाग के द्वारा चेक डैम बनाया गया था। जो जर्जर स्थिति में था। वन विभाग के पदाधिकारियों को सूचना भी था। चेकडैम टूटने से कुछ दिन पहले रेंजर राम बाबू कुमार द्वारा चेकडैम का मुआयना भी किया गया था। समय रहते चेकडैम की मरम्मती कर ली जाती तो हमलोगों को ये झेलना नही पड़ता। वहीं गांव की गौरी देवी ने बताई की सुबह अचानक बाढ़ आने से हमलोग घर में ही फंस गए थे। आसपास के लोगों द्वारा बच्चों को दीवार तोड़कर निकाला गया और हमलोग किसी तरह बाहर निकल पाए। सरकार से हमलोग सुरक्षित जगह घर बनाने और मुवावजा की मांग करते है। साथ ही कहा कि नेता लोग एक दिन का राशन पहुंचाकर गए, उसके बाद आज तक देखने तक नहीं आए। वहीं मेघातरी पंचायत के उपमुखिया जीतू बहादुर ने बताया कि बाढ़ आने के बाद हमलोग लगातार लोगों के मदद में खड़े है। सरकारी मुवावजा के सारी प्रक्रिया भी का कर ली गई। वहीं मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार राम ने बताया कि हम लोग बाढ़ के दिन से आज तक लोगों की सेवा में लगे है। लेकिन अभी तक मुववाजा नहीं मिलने से लोगों में काफी आक्रोश है।

## एलुमनी सदस्यों ने वृद्धा आश्रम का किया भ्रमण

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के एलुमनी एसोसिएशन ऑफ ग्रिजली कॉलेज एजुकेशन के तत्वावधान में झुमरीतिलैया के अड्डी बंगला स्थित वृद्धा आश्रम का भ्रमण किया। महाविद्यालय के एलुमनी एसोसिएशन के एलुमनी सदस्यों एवं महाविद्यालय के संकाय सदस्यों द्वारा दैनिक उपयोग की सामग्री, फल, मिठाई, कपड़े, हलुआ, पूरी-सब्जी, बिस्कुट, सत्तू आदि वृद्धजनों को वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रत्येक व्यक्ति को महाविद्यालय के सदस्यों द्वारा नगद राशि भी भेंट की गई।

# जिले के हर योग्य लाभुकों को योजना से अच्छादित करें : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सतगावां प्रखंड के समलडीह, डोमचांच प्रखंड के नावाडीह व मधुबन, कोडरमा प्रखंड के पुरनानगर, चंदवारा प्रखंड के पिपराडीह, जयनगर प्रखंड के चेहाल और मरकच्चो प्रखंड के तेलोडीह पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया।



चंदवारा प्रखंड के पिपराडीह में आयोजित शिविर में उपायुक्त मेघा भारद्वाज शामिल हुई। वहीं उन्होंने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पंचायत के विभिन्न गांवों से आये आमजनों को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार की सभी तरह की योजनाओं से योग्य लाभुकों को अच्छादित करना है।

# विस्थापित प्रभावितों के चार सौ ट्रक बने है घर का शोभा, हड़ताल जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** आम्रपाली कोल परियोजना में चार दिनों से हड़ताल जारी है, जिससे प्रतिदिन दस हजार टन कोयले का परिवहन प्रभावित हुआ है। ट्रांसपोर्टर और लिफ्टर सिफ्टर द्वारा भाड़ा घटाने और मनमाने कटौती के कारण विस्थापित प्रभावित ट्रक वाहन मालिक लाखों के कर्ज में डूब गए हैं। लिफ्टर द्वारा विभिन्न मदों में कटौती कर कम भुगतान करने के कारण वाहन मालिकों ने अपने ट्रकों को घरों में खड़ा कर दिया है। वाहन मालिक संघ परियोजना विस्थापित संजीत यादव ने हड़ताल पर बैठे सभा में कहा कि आम्रपाली परियोजना के बिंगलात एक नंबर बेरियर के समक्ष चार दिनों से विस्थापित प्रभावित वाहन मालिक संघ के बैनर तले अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है।

ट्रांसपोर्टर, स्थानीय लिफ्टर और कोयला व्यवसायों से जुड़े साठगांठ करने वाले लोगों की पैठ को तोड़ने के लिए वाहन मालिक अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। जब तक मनमानी करने वालों की मनमानी नहीं टूटेगी, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। हड़ताल के कारण विभिन्न कंपनियों के लिंकेज कोयले की वैधता समाप्त होने की तिथि से लिफ्टरों में हड़कंप मचा हुआ है। ट्रक मालिक बीते रविवार से पांच सूत्री मांग को लेकर हड़ताल पर हैं और हड़ताल को समर्थन देने के लिए हंटरगंज, चतरा, सिमरिया, बड़कागांव, केरेडारी, टंडवा सहित अन्य क्षेत्रों से पांच सौ से अधिक वाहन मालिक पहुंच रहे हैं।





### क्या है वाहन मालिको की मांग?

ट्रक और पे लोडर भाड़े में गिरावट को संतुलित करने, डीएमओ का समय 8 किलो मीटर प्रति घण्टा करने, ट्रकों का लोडिंग माइंस में न देकर अलग डंप की व्यवस्था करने, 25000 टन से कम कोयला का उठाव ट्रकों से करने और माइंस के अंदर सड़क व कांटे घर पर साफ सफाई करने की मांग की गई। इस मौके पर सैकड़ों वाहन मालिक उपस्थित थे।

## 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन

**गिद्धौर।** गिद्धौर पंचायत कार्यालय परिसर में मंगलवार को 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला उपनिर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, बीडीओ राहुल देव, जिला परिषद सदस्य अनीता देवी, प्रमुख अनीता यादव, मुखिया निर्मला देवी, झामुमो पार्टी प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा समेत अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

## साइकिल रैली का आयोजन

**चतरा।** केन्द्र प्रायोजित पोषण अभियान के तहत 1 सितंबर से 30 सितंबर तक पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है, जिसका थीम एनीमिया, वृद्धि निगरानी, उपरी आहार, पोषण भी पढ़ाई भी और बेहतर शासन के लिए तकनीक का वृहत उपयोग है। इसी क्रम में, चतरा के उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देशानुसार, समग्र पोषण और पोषण भी पढ़ाई भी थीम पर एक साइकिल रैली का आयोजनकिया गया।

# फैंसी ड्रेस और राखी मेकिंग प्रतियोगिता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** डीएवी पब्लिक स्कूल चतरा में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए फैंसी ड्रेस और राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

नर्सरी में फैंसी ड्रेस में रुद्रा, अन्नया पासवान और आयुष ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। राखी मेकिंग में रूद्र, इशांत मिश्रा और यशिका ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। एलकेजी में फैंसी ड्रेस में श्रीहान दे, अरनव और आरुष, शेखर सुमन और प्रत्यूष ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। राखी मेकिंग में इनाया इरशाद, मोहम्मद अदनान और शेखर सुमन ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। यूकेजी ए से राखी मेकिंग में इकरा,



अन्वेषा अन्वी, अभिनव और शिक्षा स्नेही ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। फैंसी ड्रेस में समृद्धि मित्तल ने प्रथम और तृतीय स्थान प्राप्त किया। यूकेजी बी से राखी मेकिंग में आयुष रंजन, इवांका वर्मा, कनक मिश्रा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। फैंसी ड्रेस कंपटीशन में अनमोल राज, आयांश रंजन और अक्षरा कृति ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।वर्ग प्रथम में राखी मेकिंग में अनमोल कुमार सिंह, सृष्टि कुमारी और शिवम पांडे ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।वन बी में फैंसी मेकिंग कंपटीशन में रिया कुमारी, दिव्यांश कुमार सिंह, मयंक आजाद ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। फैंसी ड्रेस कंपटीशन में अंशिका सिंह, आराध्या कुमारी, अतिथि कुमारी, शिवाय शाह और अधिराज जायसवाल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्लास 2 ऐसे फैंसी ड्रेस में अक्षत गोलक, अभी प्रकाश और मयंक ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। राखी मेकिंग कंपटीशन में रेशाक कुमार, श्रेयांन कुमार, निधि कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्लास टू बी से राखी मेकिंग कंपटीशन में आराध्या कुशवाहा, आलिया नाच, प्रत्यूष और वंश आर्य ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। फैंसी ड्रेस कंपटीशन में मयंक राज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## मेला प्रदर्शनी व नुक्कड़-नाटक का आयोजन

**कोडरमा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिले के सभी प्रखंडों के पंचायत में लगे शिविर में जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा मेला प्रदर्शनी एवं नुक्कड़-नाटक का आयोजन किया गया।

## लापरवाह अधिकारियों को नहीं किया जाएगा मांफ : उपायुक्त

**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप ने कान्हाचट्टी अंचल अधिकारी के वेतन निकासी पर रोक लगाने का निर्देश दिया है क्योंकि उन्होंने 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में लापरवाही बरती है। इस कार्यक्रम के तहत, सभी पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाने थे और आवेदकों से आवेदन प्राप्त कर पोर्टल पर ऑनलाइन किए जाने थे। समीक्षा बैठक में पाया गया कि कान्हाचट्टी अंचल में आयोजित तीनों शिविरों में संतोषजनक आवेदन प्राप्त नहीं हुए और अंचल अधिकारी बिना सूचना के अनुपस्थित रहे। उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित ऑनलाइन बैठक में भी वे अनुपस्थित रहे, जिसके कारण उनके अंचल अंतर्गत राजस्व से संबंधित समीक्षा नहीं की जा सकी। उपायुक्त के निर्देश पर अगले आदेश तक उनके वेतन निकासी पर रोक लगा दी गई है और उनसे कारण पृच्छा भी की गई है।


### उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
### (सामान्य शाखा)
### आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि चौकीदार के पद पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या – 01/2024 के आलोक में प्राप्त आवेदनों कों स्क्रुटनी के उपरान्त प्रकाशित विज्ञापन की शर्तों के अधीन आवेदनों को स्वीकृत एवं अस्वीकृत किया गया है। स्वीकृत आवेदन एवं अस्वीकृत आवेदनों की सूची कोडरमा जिला के वेबसाईट **www.koderma.nic.in** पर प्रकाशित की जा रही है।

प्रकाशित सूची के विरूद्ध दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने हेतु अन्तिम तिथि 10–09–2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक निर्धारित की जाती है। जिन अभ्यर्थियों को प्रकाशित सूची के विरूद्ध कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो निर्धारित तिथि/समय तक आवश्यक साक्ष्य सहित आवेदन प्रभारी पदाधिकारी, सामान्य शाखा, कोडरमा को समर्पित करेंगे।

ह0/–
उपायुक्त, कोडरमा।

PR.NO.334648 District(24-25):D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### एन० आर०ई०पी०–1, राँची

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 30/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, एन०आर०ई०पी०–1,राँची
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन०आर०ई०पी०–1,राँची
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 12.09.2024 (अपराह्न 2.00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 13.09.2024 को 2.00 बजे तक।
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, राँची
6. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 19.09.2024 को 11:00 बजे पूर्वाहन।
7. निविदा खोलने का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय एन०आर०ई०पी०–1,राँची
8. कार्य का विस्तृत विवरणी :

| क्र0 स0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि | यंत्र संयत्र का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चान्हो प्रखण्ड के चामा खेलारी मेन रोड से डाढी डहर तक 2120 फीट पी०सी०सी० पथ एवं 02 अदद आर०सी०सी० पुलिया निर्माण | 4799700.00 | 96000.00 | 5000.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 2 | चान्हो प्रखण्ड के चामा सकुआटांड जाने वाले रास्ते में भदर गिरवा नाला में दो स्पैन का पुल निर्माण | 3761500.00 | 76000.00 | 5000.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 3 | बेड़ो प्रखण्ड के ग्राम जहानाबाज स्कूल टिकरा से रामनाथ महतो के घर से आंगनबाड़ी केन्द्र होते हुए स्कूल तक 880 फीट पी०सी०सी० पथ निर्माण | 1603300.00 | 33000.00 | 5000.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 4 | बेड़ो प्रखण्ड के ग्राम जहानाबाज जतरा बगीचा में चबूतरा का निर्माण | 1790200.00 | 36000.00 | 5000.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 5 | लापुंग प्रखण्ड के PWD रोड से अशोक के घर तक 280 फीट पी०सी०सी० पथ निर्माण | 514200.00 | 12000.00 | 1250.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 6 | ओरमांझी प्रखण्ड के खीराबेड़ा मनातु झारखण्ड पब्लिक स्कूल तक 400 फीट पी०सी०सी० पथ निर्माण | 513000.00 | 11000.00 | 1250.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |

नोट :– 1. निविदा से सम्बन्धित अन्यशर्तें कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0–1, राँची के कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड रॉची अन्तर्गत निबंधित संवेदक भाग लेंगे।

कार्यपालक अभियंता
एन०आर०ई०पी०–1,राँची

PR 334569 (NREP)24-25*D



### कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), चतरा
### संयुक्त जिला कृषि कार्यालय, तपेज, चतरा (झारखण्ड)
### e.mail - atmactr@rediffmail.com

**किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना**

चतरा जिला के किसान भाइयों को सूचित किया जाता है कि जिले में सिंचाई जल के स्रोत मुख्यतः छोटे मौसमी नदी, नाले, झरने, तालाब तथा कुएँ इत्यादि में उपलब्ध जल स्रोतो को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार के द्वारा सौर ऊर्जा चालित सिंचाई इकाईयों की स्थापना के लिए "किसान समृद्धि योजना" का प्रावधान किया गया है।

- योजना की मुख्य विशेषताएँ :–

1) इस योजना के अन्तर्गत दो तरह की सिंचाई ईकाईयों की स्थापना/वितरण का प्रावधान है :–
A.5 Hp सतही सौर ऊर्जा आधारित पम्पसेट उद्‌वह सिंचाई ईकाई
B.2 Hp सतही सौर ऊर्जा आधारित पम्पसेट चलंत सिंचाई ईकाई
2) योजना में सरकार निर्धारित न्यूनतम दर पर 90 प्रतिशत तक अनुदान देगी एवं 10 प्रतिशत अंशदान लाभुकों द्वारा दिया जायेगा।
3) योजना के अन्तर्गत लाभुकों का चयन ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया के आधार पर किया जाएगा।

- किसान समृद्धि योजना अन्तर्गत सौर ऊर्जा चालित दो तरह की सिंचाई ईकाईयों की स्थापना /वितरण किया जायेगा :–

A.5 Hp सतही सौर ऊर्जा आधारित पम्पसेट उद्‌वह सिंचाई ईकाई :–
इसके अन्तर्गत नदी, नाले, तालाब, चेकडैम, बड़े कुएँ जैसे जल स्रोत जहाँ प्रायः सालों भर पर्याप्त मात्रा में सिंचाई जल उपलब्ध रहता है, पर 5 Hp क्षमता के सौर ऊर्जा चालित सतही पम्पसेट आधारित छोटे उद्‌वह सिंचाई ईकाई स्थापित किये जायेंगे जिनकी सिंचाई क्षमता लगभग 05 एकड़ होगी, इस उद्‌वह सिंचाई ईकाईयों की स्थापना एकल /सामूहिक इकाई के रूप में की जाएगी।

B.2 Hp सतही सौर ऊर्जा आधारित पम्पसेट चलंत सिंचाई ईकाई :–
इसके अन्तर्गत नदी, नाले, तालाब, चेकडैम, कूप जैसे जलस्रोत जहाँ प्रायः सालों भर पर्याप्त मात्रा में सिंचाई जल उपलब्ध रहता है, पर 2 Hp क्षमता के सौर ऊर्जा चालित सतही पम्पसेट आधारित चलंत सिंचाई ईकाई किसानों को प्रदान किये जायेंगे जिसकी सिंचाई क्षमता लगभग 01 एकड़ होगी। इस प्रकार की सिंचाई ईकाईयाँ ट्राली के उपर अवस्थित होंगी और जो किसानों को व्यक्तिगत स्तर पर उपयोग के लिये प्रदान की जाएगी।

- आवेदक की पात्रता एवं आवेदन की प्रक्रिया :–

(क)कृषक समूह/स्वयं सहायता समूह/FPO/FPC/Co-Opera VES की ओर से समूह/संस्था के अध्यक्ष/सक्षम पदाधिकारी आवेदन कर सकते है।
(ख)आवेदक किसान/अध्यक्ष/सक्षम पदाधिकारी का आधार/राशन कार्ड का e-KYC होगा।
(ग)आवेदन में FPO/FPC/LAMPS/PACS के User Group लाभुकों की विवरणी देनी होगी।
(घ)किसान/समूह/संस्था यह सुनिश्चित करेंगे कि आवेदकों की भूमि जल स्रोत के पास में ही हो। अन्यथा भूमि निरीक्षण के दौरान आवेदन सही नहीं पाये जाने पर आवेदन निरस्त किया जा सकता है।

- पात्रता :–

➢ व्यक्तिगत किसान/कृषक समूह FPO/FPC/LAMPS/PACS के सदस्य/शेयर होल्डर–झारखण्ड राज्य का स्थानीय होना चाहिए।
➢ कृषक समूह/महिला स्वयं सहायता समूह (JSLPS पंजीकृत)/ FPO/FPC/LAMPS/PACS का पंजीकृत कार्यालय–झारखण्ड राज्य में होना चाहिए।
➢ किसान/सदस्य/शेयर होल्डर की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।
➢ किसान/सदस्य/शेयर होल्डर के पास वैध आधार नम्बर होना चाहिए।
➢ एक परिवार से एक ही सदस्य पात्र होंगे।
➢ किसान/परिवार/समूह के सदस्य के पास जल स्रोत एवं जमीन होने का प्रमाण होना चाहिए।
➢ आधार लिंक्ड मोबाईल नम्बर होना चाहिए।

- निम्नलिखित श्रेणी के आवेदक इस योजना के पात्र नहीं होंगे :–

➢ बटाईदार किसान/परिवार में कोई संवैधानिक पद पर हो/राज्य एवं केन्द्र सरकार /पी0एस0यू0/सरकारी स्वायत्त निकायों के सेवारत या सेवा निवृत अधिकारी एवं कर्मचारी/डॉक्टर/इंजीनीयर/सी0ए0/आर्किटेक्ट्स/वकील जैसे प्रोफेशनल्स/सरकारी कर्मी (चतुर्थ वर्गीय कर्मी को छोड़कर)/जिसको अन्य किसी विभाग/ संस्था से समरूप सिंचाई योजना से आच्छादित लाभुक एवं उनके परिवार/काली सूची में दर्ज किसान उत्पादक समूह/किसान उत्पादक कम्पनी सहकारी समिति।

- आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज :–

(क)व्यक्तिगत किसान इस योजना के लिए निम्नलिखित दस्तावेज योजना के पोर्टल पर ऑनलाईन अपलोड करने होंगे :–
a)जमीन का मालगुजारी रसीद
b)वंशावली का शपथ पत्र / JRFRY से अनुबंधित किसान
c) आधार कार्ड का फोटो कॉपी
d)बैंक पासबुक का फोटो कॉपी
e)आधार कार्ड लिंक्ड मोबाईल नम्बर
f) आधार लिंक्ड राशन कार्ड नम्बर
(ख)SHGs/FPo/FPC/LAMPS/PACS के लिए निम्नलिखित दस्तावेज योजना के पोर्टल पर ऑनलाई अपलोड करने होंगे :–
a)संस्था पंजीकरण का प्रमाण–पत्र
b)अध्यक्ष/सक्षम पदाधिकारी का आधार कार्ड तथ आधार लिंक मोबाईल नं0
c) यूजर ग्रुप के सदस्यों का आधार कार्ड
d)जिस भूमि के लिए आवेदन किया गया है, उस भूमि का मालगुजारी रसीद
e)संस्था का बैंक खाता

- आवेदन एवं लाभुक चयन की प्रक्रिया :–

➢ पात्र आवेदक अपना आवेदन दिये गये आवेदन प्रपत्र (क, ख, एवं ग) में सारी वांछित जानकारी भरेंगे। अलग–अलग प्रकार के आवेदक के लिए अलग–अलग आवेदन प्रपत्र भरे जायेंगे।
➢ आवेदक आवेदन करने के लिए योजना के पोर्टल से आवेदन पत्र डाउनलोड करेंगे।
➢ डाउनलोड आवेदन पत्र को आवेदक द्वारा भरा जायेगा। आवेदन पत्र भरने के उपरान्त ग्राम सभा द्वारा अनुमोदन कराना होगा।
➢ ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित आवेदन तथा वांछित दस्तावेजों के साथ आवेदक को अपने नजदीकी CSC (प्रज्ञा केन्द्र/लैम्पस/पैक्स) या अन्य क्रेन्द्र में जाकर ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी तथा आवेदक को CSC हेतु निर्धारित सेवा शुल्क का वहन करना होगा।
➢ CSC (प्रज्ञा केन्द्र/लैम्पस/पैक्स) द्वारा आवेदकों की सारी जानकारी पोर्टल पर ऑनलाईन भरी जायेगी तथा वांछित दस्तावेजों को भी अपलोड करना होगा। साथ ही आवेदक अपना आधार तथा राशन कार्ड आधारित e-KYC करायेंगे।
➢ ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण होने के उरान्त आवेदक को jlhn@iathdj.k संख्या प्रदान की जायेगी, जो कि भविष्य में Reference के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।
➢ योजनान्तर्गत 90 प्रतिशत अनुदान की राशि का निर्धारण से संबधित कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई पूर्ण होते ही कृषक अंशदान की राशि से अवगत कराया जायेगा।
➢ प्रखण्डवार लक्ष्य की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्रम | प्रखण्ड का नाम | निर्धारित भौतिक लक्ष्य (संख्या में) | क्रम | प्रखण्ड का नाम | निर्धारित भौतिक लक्ष्य (संख्या में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चतरा | 30 | 7 | सिमरिया | 30 |
| 2 | कान्हाचट्टी | 20 | 8 | टण्डवा | 30 |
| 3 | गिद्धौर | 12 | 9 | लावालौंग | 18 |
| 4 | पत्थलगडा | 10 | 10 | कुन्दा | 10 |
| 5 | ईटखोरी | 22 | 11 | हंटरगंज | 48 |
| 6 | मयूरहण्ड | 20 | 12 | प्रतापपुर | 30 |

योजना के अधिक जानकारी/प्रपत्र हेतु आत्मा, चतरा के वेबसाईट (www.atmachatra.in) तथा संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक/सहायक तकनीकी प्रबंधक से कार्यलय अवधि में सर्म्पक कर प्राप्त किया जा सकता है।

जिला कृषि पदाधिकारी,
चतरा

PR 334685 (Agriculture)24-25*D

स्पीड न्यूज

## सपना चौधरी के जीवन पर बनेगी फिल्म



**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार महेश भट्ट ,हरियाणवी लोक कलाकार और मशहूर डांसर सपना चौधरी के जीवन पर फिल्म बनाने जा रहे हैं। महेश भट्ट, विनय भारद्वाज के साथ मिलकर सपना चौधरी की अनोखी और प्रेरक कहानी को सिल्वर स्क्रीन पर लाने की तैयारी कर रहे हैं। मैडम सपना नाम की इस फिल्म का निर्माण शाइनिंग सन स्टूडियोज के बैनर तले किया जाएगा।महेश भट्ट इस फिल्म में सपना चौधरी के डांस, सिंगिंग और जिंदगी के स्ट्रगल को दिखाएंगे। फिल्म में सपना चौधरी का रोल कौन अभिनेत्री करेंगी यह अभी तक साफ नहीं है। इस फिल्म में दर्शकों को हरियाणा में डांस करने से लेकर रेड कार्पेट तक का सपना चौधरी का सफर देखने मिलेगा।

## यूक्रेन के विदेश मंत्री ने दिया इस्तीफा

**कीव।** यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। यूक्रेनी संसद के अध्यक्ष रुसलान स्टेफनचुक ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यूक्रेन के वेरखोव्ना राडा (संसद) को विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा के इस्तीफे की जानकारी मिली है।

## शेयर बाजार में तेजी थमी सेंसेक्स 202 अंक लुढ़का

**मुंबई।** विश्व बाजार की गिरावट से पंद्रह समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार के दोनों मानक सूचकांक की लगातार जारी तेजी बुधवार को थम गई। सेंसेक्स 202.80 अंक की गिरावट लेकर 82,352.64 अंक और निफ्टी 81.15 अंक कमजोर होकर 25,198.70 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा, जिससे मिडकैप 0.15 प्रतिशत फिसलकर 49,065.43 अंक रह गया जबकि स्मॉलकैप 0.26 प्रतिशत बढ़कर 56,208.39 अंक पर पहुंच गया।

## बिहार : ब्रजेश मेहरोत्रा और प्रकाश कुमार बने सूचना आयुक्त

**पटना।** पूर्व मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा और पत्रकार प्रकाश कुमार राज्य सूचना आयुक्त बनाए गए हैं। बुधवार को सामान्य प्रशासन विभाग से दोनों की नियुक्ति की अधिसूचना जारी हो गई। पदभार ग्रहण की तिथि से इनकी नियुक्ति प्रभावी होगी। मेहरोत्रा 31 अगस्त को मुख्य सचिव पद से सेवानिवृत हुए थे। प्रकाश कुमार लंबे समय से इलेक्ट्रानिक मीडिया से जुड़े हुए हैं। मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के बीच मंत्रणा के दौरान दोनों नामों पर सहमति बनी थी।

# भारत-ब्रुनेई के बीच कई समझौते

## उन्नत साझीदारी में बदलेंगे, दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध

▶▶ **ब्रूनेई की अर्थव्यवस्था में सकारात्मक योगदान दे रहा भारतीय समुदाय : मोदी**

**एजेंसी**

**बंदर सेरी बेगवान।** भारत एवं ब्रुनेई दारुस्सलाम ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को उन्नत साझीदारी के स्तर तक ले जाने के इरादे के साथ रक्षा, व्यापार और निवेश, खाद्य सुरक्षा, शिक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, क्षमता निर्माण, संस्कृति के साथ-साथ लोगों से लोगों के आदान-प्रदान तथा नई और उभरती प्रौद्योगिकियों और नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग बढ़ाने के लिए सहमति जतायी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रुनेई की राजधानी बंदर सेरी बेगवान के इस्ताना नुरुल ईमान में बुधवार को ब्रुनेई के सुल्तान हाजी हसनल बोलकिया के साथ बैठक में ये विचार विमर्श हुआ। मोदी के सुल्तान के महल में पहुंचने पर सुल्तान ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने सुल्तान को उनके निमंत्रण के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि किसी भारतीय शासनाध्यक्ष की ब्रुनेई की पहली द्विपक्षीय यात्रा हमारे देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने की भारत की गहरी इच्छा को दर्शाती है। इस साल ब्रूनेई की आजादी की 40वीं वर्षगांठ है। सुल्तान के नेतृत्व में ब्रूनेई ने परंपरा और निरंतरता के लिए एक महत्वपूर्ण संगम के साथ प्रगति की है। ब्रूनेई के लिए उनका वावासन 2035 विजन सराहनीय है। उन्होंने कहा कि गर्मजोशी भरे स्वागत और आतिथ्य-सत्कार के लिए सुल्तान और पूरे शाही परिवार का मैं हृदय से बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूँ। भारतीय प्रधानमंत्री की ब्रूनेई की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा है। लेकिन यहाँ मिले अपनेपन से मुझे, हमारे दोनों देशों के सदियों पुराने संबंधों का एहसास हर पल हम अनुभव कर रहे हैं। मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि उनकी यात्रा भारत की विगत 10 वर्षों से चली आ रही एक्ट ईस्ट नीति को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को ध्यान में रख कर आयोजित की गयी है। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को उन्नत साझीदारी तक ले जाने का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारत और ब्रूनेई के बीच गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध हैं। इस साल हम अपने राजनयिक संबंधों की चालीसवीं सालगिरह मना रहे हैं। इस अवसर पर हमने निर्णय लिया है कि अपने संबंधों को उन्नत साझीदारी का दर्जा देंगे। हमारी साझीदारी को रणनीतिक दिशा देने के लिए हमने सभी पहलूओं पर व्यापक चर्चा की। विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों नेताओं ने रक्षा, व्यापार और निवेश, खाद्य सुरक्षा, शिक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, क्षमता निर्माण, संस्कृति के साथ-साथ लोगों से लोगों के आदान-प्रदान सहित कई विषयों पर बातचीत की। वे आईसीटी, फिनटेक, साइबर सुरक्षा, नई और उभरती प्रौद्योगिकियों और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग का पता लगाने और आगे बढ़ाने पर सहमत हुए।

मोदी ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में, हमने द्रवीकृत प्राकृतिक गैस में दीर्घकालिक सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। रक्षा क्षेत्र में सहयोग को बढ़ाने के लिए, हमने रक्षा उद्योग, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण की संभावनाओं पर सकारात्मक विचार किये। अंतरिक्ष के क्षेत्र में अपने सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए हमने सेटेलाइट डवलपमेंट, रिमोट सेंसिंग और ट्रेनिंग पर सहमति बनाई है। दोनों देशों के बीच कनेक्टिविटी के लिए जल्द ही सीधी उड़ानें शुरू की जाएंगी। मोदी ने कहा कि हमारे लोगों के बीच आपसी संबंध हमारी साझीदारी की नींव है। मुझे खुशी है कि भारतीय समुदाय ब्रूनेई की अर्थव्यवस्था और समाज में सकारात्मक योगदान दे रहा है। कल भारतीय राजदूतावास के लोकार्पण से, भारतीय समुदाय को एक स्थायी पता मिला है। भारतीय समुदाय के कल्याण और हितों की देख-रेख के लिए, हम सुल्तान और उनकी सरकार के आभारी हैं।

उन्होंने कहा कि भारत की एक्ट ईस्ट नीति और हिन्द प्रशांत विजन में ब्रूनेई एक महत्वपूर्ण साझीदार रहा है। भारत हमेशा आसियान केन्द्रीयता को प्राथमिकता देता आया है, और आगे भी देता रहेगा। हम संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानूनों पर संधि (यूएनक्लॉस) जैसे अंतराष्ट्रीय कानूनों के तहत नौवहन की स्वतंत्रता और वायु क्षेत्र में उड़ानों की आजादी का समर्थन करते हैं। हम सहमत है कि इस क्षेत्र में आचार संहिता पर सहमति बने। हम विस्तारवाद नहीं विकासवाद की नीति का समर्थन करते हैं। प्रधानमंत्री और सुल्तान ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों नेताओं ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा की और राज्यों से इसे अस्वीकार करने का आह्वान किया। दोनों नेताओं ने आसियान-भारत व्यापक रणनीतिक साझीदारी को और मजबूत करने के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी क्षेत्रों में मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। सुल्तान ने जलवायु परिवर्तन के लिए आसियान केंद्र की मेजबानी में ब्रुनेई दारुस्सलाम के प्रयासों के लिए भारत के समर्थन की भी सराहना की। दोनों नेता विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और ब्रुनेई के परिवहन और सूचना संचार मंत्री पेंगिरन दातो शम्हारी पेंगिरन दातो मुस्तफा द्वारा सैटेलाइट और प्रक्षेपणयानों के लिए टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और टेलीकमांड स्टेशन के संचालन में सहयोग पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर और आदान-प्रदान के गवाह बने। उन्होंने बंदर सेरी बेगवान और चेन्नई के बीच सीधी उड़ान कनेक्शन की आगामी शुरूआत का स्वागत किया।

सुल्तान ने प्रधान मंत्री के सम्मान में एक आधिकारिक दोपहर के भोज का आयोजन किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेताओं के बीच आज की चर्चा से भारत-ब्रुनेई द्विपक्षीय संबंध और मजबूत होंगे। प्रधानमंत्री ने ब्रुनेई के सुल्तान को भारत आने के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री की ऐतिहासिक यात्रा भारत की एक्ट ईस्ट नीति और हिन्द प्रशांत को लेकर भारत के विजन को बल देगी।



## सिंगापुर में पीएम मोदी ने बजाया ढोल

नयी दिल्ली। ब्रुनेई दौरा पूरा करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को सिंगापुर की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर चांगी हवाई अड्डे पर पहुंचे। जहां भारतीय समुदाय ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। सिंगापुर पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का अलग ही अंदाज देखने को मिला। वे महाराष्ट्र के रंग में रंगे नजर आए। मोदी ने वहां मौजूद कलाकारों के साथ महाराष्ट्रियन धुन पर जमकर ढोल बजाया।

## जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलायेंगे : राहुल



**जम्मू।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने बुधवार को संगलदान (रामबन) में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वो नफरत फैला रहे हैं और हम मोहब्बत फैला रहे हैं। नफरत को नफरत से नहीं, बल्कि मोहब्बत से हराया जा सकता है। हिन्दुस्तान के इतिहास में पहली बार जम्मू-कश्मीर राज्य का दर्जा छीना गया है। आपको राज्य का दर्जा वापस देना है। यह आपका सिर्फ राज्य नहीं छीना गया, बल्कि आपका अधिकार, आपका धन छीना गया। राहुल गांधी ने कहा कि यह इतनी खूबसूरत जगह है कि मैं अगली मीटिंग के लिए जाना नहीं चाह रहा, आपने फंसा लिया मुझे। मुझे ऐसा लग रहा है मैं अगली मीटिंग में न जाऊं और यहीं आपके साथ दो-तीन दिन रहूं। राहुल ने कहा कि पहले मोदी जी बड़े-बड़े भाषण देते थे।

इस बार संसद में घुसने से पहले उन्होंने सिर पर संविधान को रखा फिर अंदर गए। राहुल गांधी ने कहा कि आजादी के बाद हमने राजाओं को हटाकर जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक सरकार बनाई। हमने देश को संविधान दिया। हमारा पहला कदम जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दिलाना होगा। हम चाहते थे कि चुनाव से पहले आपको राज्य का दर्जा मिले लेकिन भाजपा ऐसा नहीं चाहती।



**राष्ट्रपति ने लातुर में विश्वशांति बुद्ध विहार का किया उद्घाटन**

**मुंबई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को लातुर जिले के उदगीर में नवनिर्मित विश्वशांति बुद्ध विहार का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने विहार में गौतम बुद्ध की प्रतिमा के दर्शन किये तथा बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।**

## इपीएस पेंशनभोगियों को जनवरी से किसी भी बैंक से मिलेगी पेंशन

▶▶ **78 लाख से अधिक कर्मियों को मिलेगा लाभ**
▶▶ **सत्यापन के लिए शाखा में जाने की जरूरत नहीं होगी**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) के पेंशनभोगियों के लिए अच्छी खबर है। केंद्र सरकार ने केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) को मंजूरी दे दी है। इससे ईपीएस पेंशनभोगियों को 1 जनवरी, 2025 से देश में कहीं भी, किसी भी बैंक और किसी भी शाखा से पेंशन मिलेगी। इसके तहत 78 लाख से अधिक कर्मचारियों को फायदा होगा, जो कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) का हिस्सा है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री तथा ईपीएफ के केंद्रीय न्यासी बोर्ड के अध्यक्ष ने कर्मचारी पेंशन योजना, 1995 के लिए केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) के प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी है।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा कि ईपीएस पेंशनभोगी 1 जनवरी, 2025 से भारत में कहीं भी, किसी भी बैंक और किसी भी शाखा से पेंशन प्राप्त कर सकते हैं।

इस ऐतिहासिक निर्णय के बारे में केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा कि केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) की स्वीकृति ईपीएफओ के आधुनिकीकरण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। मंडाविया ने कहा कि पेंशनभोगियों को देश में कहीं भी किसी भी बैंक, किसी भी शाखा से अपनी पेंशन हासिल करने में सक्षम बनाने वाली ये पहल पेंशनभोगियों के सामने आने वाली लंबे समय से चली आ रही चुनौतियों का समाधान करती है और एक निर्बाध और कुशल संवितरण तंत्र सुनिश्चित करती है। मंत्रालय के अनुसार पेंशनभोगियों को पेंशन शुरू होने के समय किसी भी सत्यापन के लिए बैंक के शाखा में जाने की भी जरूरत नहीं होगी। पेंशन जारी होने पर तुरंत जमा कर दी जाएगी। इसका अगले चरण में आधार-आधारित भुगतान प्रणाली (एबीपीएस) में बदलाव होगा। इसके अलावा ईपीएफओ को उम्मीद है कि नई प्रणाली में जाने के बाद पेंशन वितरण में उल्लेखनीय लागत में कमी आएगी। गौरतलब है कि पिछले महीने ही केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सरकारी कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को अपनी मंजूरी दी है, जो एक सुनिश्चित न्यूनतम पेंशन और पारिवारिक पेंशन प्रदान करेगी। इस योजना से लगभग 23 लाख केंद्र सरकार के कर्मचारियों को लाभ होगा।




## बिहार में 14 आइपीएस का तबादला

**पूर्णिया के आइजी बने लांडे**

**एजेंसी**

**पटना।** गृह विभाग ने 14 आइपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। दरभंगा और पूर्णिया के आइजी बदले गए हैं, जबकि मुजफ्फरपुर, बेगूसराय और सारण में नए डीआईजी को कमान दी गई है। गृह विभाग ने बुधवार की रात इसकी अधिसूचना जारी कर दी। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे शालीन को बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस (बी-सैप) का आईजी बनाया गया है। उनके पास विशेष कार्य बल (एसटीएफ) आईजी का अतिरिक्त प्रभार भी होगा। आईजी सुरक्षा रहे विनय कुमार को आईजी मुख्यालय की जिम्मेदारी मिली है। इसके अलावा, वह आईजी सुरक्षा के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। अभी तक आईजी मुख्यालय रहे राकेश राठी का तबादला आईजी प्रशिक्षण के पद पर किया गया है। मुजफ्फरपुर के आईजी शिवदीप वामनराव लांडे को पूर्णिया का नया आईजी बनाया गया है। वहीं, आईजी प्रशिक्षण रहे राजेश कुमार को मिथिला क्षेत्र, दरभंगा का नया आईजी बनाया गया है। पूर्णिया के डीआईजी रहे विकास कुमार को बेगूसराय जबकि दरभंगा डीआईजी रहे बाबूराम को तिरहुत क्षेत्र, मुजफ्फरपुर के डीआईजी की जिम्मेदारी दी गई है। डीआइजी (प्रशासन) रहे नीलेश कुमार को सारण क्षेत्र, छपरा डीआईजी का पद दिया गया है।

**दयाशंकर बने डायल-112 के एसपी :** पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहे दयाशंकर को डायल-112 (ईआरएसएस), जबकि पंकज कुमार राज को नागरिक सुरक्षा के एसपी की जिम्मेदारी दी गई है।

## मणिपुर : भारी मात्रा में हथियार बरामद

**इंफाल।** सेना तथा अर्धसैनिक बलों के अभियान में मणिपुर राज्य के अलग-अलग स्थानों से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद किये गये हैं। मणिपुर पुलिस ने बुधवार को बताया किराज्य के पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान चलाया। कांगपोकपी जिले के मार्क हिल से एक एक-47 राइफल और मैगजीन, एक एचके-33 राइफल और मैगजीन, एक ट्रिपल बैरल राइफल, एक .22 राइफल, एक बोल्ट एक्शन राइफल, एक 12 इंच सिंगल बोर बैरल राइफल, एक एचई-36 हैंड ग्रेनेड, एक मोटोरोला रेडियो सेट, 10 ज़िंदा गोला बारूद, 75 फायर किए गए केस, एक टूटी हुई इंसास राइफल मैगजीन, एक माचेटे, तीन बुलेटप्रूफ जैकेट तथा एक कॉम्बैट कोट बरामद किये गए।

# मनचलों को योगी ने दी कड़ी चेतावनी

▶▶ **बहन-बेटियों पर बुरी नजर डालने वालों का हाल कर देंगे बेहाल। राह चलते हाथ डालने का प्रयास किया तो हाथ व पैर अलग-अलग होंगे**



**प्रयागराज (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मनचलों को चेतावनी देते हुये कहा कि किसी ने भी बेटी पर गंदी नजर डाली तो वह अपने पैरों पर नहीं चल सकेगा। फूलपुर स्थित इफको में आयोजित स्वामी विवेकानंनद युवा सशक्तीकरण रोजगार एवं ऋण वितरण मेला में लोगों को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि राह चलती बेटी पर हाथ डालने का प्रयास किया तो उसके हाथ अलग होंगे, पैर अलग होंगे। बेटियों पर बुरी नजर डालने वाले लोग बख्शे नहीं जाएंगे। उनका चौराहों पर जुलूस निकलवाएंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी को सुरक्षा और सम्मान और प्रदान करने को कटिबद्ध है। अपराधियों को किसी भी रूप में बख्शेगें नहीं।

श्री योगी ने करीब 650 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। रोजगार मेले में करीब 90 कंपनियां आई थी। उन्होंने 10 हजार छात्र-छात्राओं को लैपटाप एवं स्मार्ट फोन का भी वितरण किया। योगी ने मंच से कुछ छात्र और छात्राओं को अपने हाथ से लैपटॉप और समार्ट फोन दिया। कहा कि हर बेटी को सुरक्षा प्रदान करना सरकार का दायित्व है। हर

### बुलडोजर चलाने के लिए हिम्मत चाहिए

योगी ने अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा, आज बड़ी बड़ी घोषणा करने वाले लोग माफिया के सामने कभी नाक रगड़ते थे। बुलडोजर चलाने के लिए हिम्मत चाहिए। ये दंगाइयों और माफियाओं के सामने नाक रगड़ने वाले क्या बुलडोजर चलायेंगे। इन्हें बुलडोजर देखते ही हार्ट अटैक आ जायेगा। हमारी सरकार में दंगे नहीं हुए हैं। पहले महीनों-महीनों तक दंगे होते थे। अब कोई दंगा कर पाएगा क्या। दंगे करने की कीमत क्या होती है, जब उनके पोस्टर लगे, सात पीढ़ियों तक वसूली की जाएगी। अब दंगाई दंगा करना भूल गये हैं। ये माफिया समाज के कोढ़ हैं। जब तक आप इन्हें निकालकर बाहर नहीं करेंगे, तब तक ये लोग वर्तमान और भविष्य दोनों खराब करने का काम करते रहेंगे। ये वही लोग हैं, जो टीपू सुल्तान बनने का ख्वाब फिर से देख रहे हैं। यही टीपू थे जो माफिया के सामने नाक रगड़कर आपके सामने पहचान का संकट खड़ा करते थे। माफियाओं को गले का हार बनाकर रखते थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।









# सचिन ने पुरुषों की गोला फेंक स्पर्धा में जीता रजत

एजेंसी

**पेरिस।** भारत ने बुधवार को पदकों का खाता पुरुषों की F46 गोला फेंक स्पर्धा में खोला। सचिन सरजेराव खिलाड़ी ने 16.32 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक अपने नाम किया। सचिन बस 0.06 मीटर से स्वर्ण पदक चूक गए। सचिन ने दूसरे प्रयास में ही 16.32 मीटर का थ्रो किया था। हालांकि, वह इससे ऊपर निकलन में कामयाब नहीं हो सके। कनाडा के ग्रेग स्टीवर्ट ने 16.38 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस स्पर्धा में भारत के मोहम्मद यासेर आठवें और रोहित कुमार नौवें स्थान पर रहे। गोला फेंक के फाइनल में सचिन का पहला प्रयास 14.72 मीटर, दूसरा प्रयास 16.32 मीटर, तीसरा प्रयास 16.15 मीटर, चौथा प्रयास 16.31 मीटर, पांचवां प्रयास 16.03 मीटर और छठा (आखिरी) प्रयास 15.95 मीटर का रहा। उन्होंने 16.32 मीटर के थ्रो के साथ एरिया रिकॉर्ड भी बनाया। यह भारत का पेरिस पैरालंपिक 2024 में 21वां पदक रहा। सचिन ने 2023 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की शॉट पुट एफ46 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था।उन्होंने 16.21 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ पदक अपने नाम किया था। उन्होंने 2024 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी भाग लिया , जिसमें उन्होंने इसी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। यासेर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास 14.21 मीटर का और रोहित का सर्वश्रेष्ठ प्रयास 14.10 मीटर का रहा। पैरा एथलेटिक्स स्पधाओं में एफ46 श्रेणी उन लोगों के लिए है जिनकी एक या दोनों भुजाओं की गतिविधि मामूली रूप से प्रभावित है या जिनके हाथ-पैर नहीं हैं। इन एथलीटों को कूल्हों और पैरों की ताकत से थ्रो करना होता है।




## पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा में शरद ने रजत और मरियप्पन ने कांस्य पदक जीता




**पेरिस।** भारतीय एथलीट शरद कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद में रजत और मरियप्पन थंगावेलु ने कांस्य पदक जीता। मंगलवार देर रात हुई स्पर्धा में शरद कुमार ने ऊंची कूद टी63 के फाइनल में मुकाबले में 1.88 मीटर की छलांग लगाकर पैरालंपिक रिकॉर्ड के साथ रजत पदक जीता। यह शरद कुमार का दूसरा पैरालंपिक पदक था। उन्होंने टोक्यो पैरालंपिक 2020 में 1.83 मीटर की छलांग के साथ कांस्य पदक जीता था। अमेरिका के एजरा फ्रेच ने 1.94 मीटर की छलांग के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। मरियप्पन थंगावेलु ने ऊंची कूद टी63 के फाइनल में 1.85 मीटर की छलांग लगाते हुए कांस्य पदक जीता। इसी के साथ वह लगातार तीन खेलों में पदक जीतने वाले पहले भारतीय पैरा-एथलीट बन गये है। उन्होंने रियो 2016 में 1.89 मीटर की छलांग के साथ स्वर्ण पदक और टोक्यो 2020 में 1.86 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक जीता था।

## हरविंदर सिंह ने पक्का किया पदक



पेरिस पैरालंपिक में भारतीय खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन जारी है। बुधवार को टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता हरविंदर सिंह ने पेरिस में भी शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने पुरुषों की रिकर्व ओपन प्रतियोगिता में लगातार चार जीत हासिल करके फाइनल में प्रवेश कर लिया। वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय तीरंदाज बन गए। हरविंदर ने अंतिम चार चरण में ईरान के मोहम्मद रजा अरब अमेरी को 7-3 से हराया। अब उनका पैरालंपिक में तीरंदाजी में लगातार दूसरा पदक मिलना तय है। इससे पहले क्वार्टर फाइनल में हरविंदर ने दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी कोलंबिया के हेक्टर जूलियो रामिरेज को हराया। इससे पहले उन्होंने राउंड ऑफ 32 में चीनी ताइपे के त्सेंग लुंग-हुई को 7-3 से हराया और फिर शुरूआती सेट में पिछड़ने के बाद इंडोनेशिया के सेतियावान सेतियावान को अंतिम 16 राउंड में 6-2 से हराया।

## परमजीत और सकीना खातून पदक से चूके

भारतीय पैरा एथलीट पुरुष वर्ग 49 किलोग्राम में परमजीत कुमार और महिला वर्ग में सकीना खातून 45 किलोग्राम की पावरलिफ्टिंग स्पर्धा में बुधवार को पदक से चूके है। बुधवार को यहां हुए मुकाबले में पैरा एथलीट परमजीत कुमार 150 किलोग्राम के सर्वश्रेष्ठ भार उठाने के साथ आठवें स्थान पर रहे।




## आस्ट्रेलिया ने टी-20 मैच स्कॉटलैंड को हराया

**एडिनबर्ग।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद ट्रैविस हेड (80) और कप्तान मिचेल मार्श (39) रनों की तूफानी पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को पहले टी-20 मुकाबले में स्कॉटलैंड को 62 गेंद शेष रहते सात विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ आस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है। 155 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आस्ट्रेलिया की शुरूआत भी खबरा रही और उसने पहले ही ओर में जेक फ्रेजर-मक्गर्क (शून्य) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाज करने आये कप्तान मिचेल मार्श ने ट्रैविस हेड के साथ पारी को संभाला। इन दोनों बल्लेबाजों ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए दूसरे विकेट के लिये मात्र 6.1 ओवर में रिकार्ड 112 रनों की साझेदारी कर डाली। मार्क वॉट ने मिचेल मार्श को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। मार्श ने 12 गेंदों में तीन छक्क और पांच चौके लगाते हुए (39) रन बनाये। ट्रैविस हेड ने 25 गेंदों में पांच छक्के और 12 चौके लगाते हुये (80) रन ठोक डाले। जॉश इंग्लिश (27) और मार्कस स्टॉयनिस (8) रन बनाकर नाबाद रहे। आस्ट्रेलिया ने 9.4 ओवर में तीन विकेट पर 156 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया।

## शरत की निकट भविष्य में संन्यास की योजना नही

**नयी दिल्ली।** भारत के महान टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल के पांचवें ओलंपिक में हिस्सा लेने के बाद संन्यास की योजना बनाने की उम्मीद थी लेकिन 42 साल के इस खिलाड़ी ने बुधवार को पेशेवर टूर पर एक और सत्र में खेलने की प्रतिबद्धता जाहिर की। शरत को बुधवार को एशियाई चैंपियनशिप की पुरुष टीम का कप्तान बनाया गया जो अगले महीने अस्ताना में खेली जायेगी। पेरिस ओलंपिक में भारत के ध्वजवाहक शरत ने कहा कि वह सात अक्टूबर से शुरू होने वाले एशियाई चैंपियनशिप के लिए कजाखस्तान की यात्रा से पहले इस महीने के अंत में चाइना स्मैश में भी हिस्सा लेंगे।

## बीसीसीआइ दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के बाद टेस्ट टीम की घोषणा कर सकती है

**नयी दिल्ली।** बीसीसीआइ पांच से आठ सितंबर तक बेंगलुरु और अनंतपुर में खेली जाने वाली दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के बाद बंगलादेश के साथ होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा कर सकता है। भारतीय टेस्ट टीम का अभ्यास सत्र चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में 12 सितंबर से शुरू होगा। भारत और बांग्लादेश के बीच दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला की शुरूआत 19 सितंबर से होगी। बंगलादेश का अभ्यास सत्र चेपॉक पर ही 15 सितंबर से शुरू होगा।

# दलीप ट्रॉफी: लंबी अवधि के प्रारूप में वापसी करने वाले पंत पर होगी नजरें

एजेंसी

**बेंगलुरु।** दिसंबर 2022 में सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद पहली बार लंबी अवधि के प्रारूप में वापसी कर रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत गुरुवार से बेंगलुरु और अनंतपुर में शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूनामेंट में आकर्षण का केंद्र होंगे। पंत ने चोटों से उबरने के बाद सीमित ओवरों की क्रिकेट में सफल वापसी की लेकिन वह अभी तक लंबी अवधि के प्रारूप में नहीं खेले हैं। उन्होंने लाल गेंद से अपना अंतिम मैच दिसंबर 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। अब वह अभिमन्यु ईश्वरन की अगुवाई वाली टीम बी की तरफ से मैदान पर उतरेंगे जिसका मुकाबला यहां चिन्नास्वामी स्टेडियम में शुभमन गिल के नेतृत्व वाली टीम ए से होगा। सीमित ओवरों की क्रिकेट में वापसी करने में उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं हुई लेकिन यह चार दिवसीय टूनामेंट उनके लिए अलग तरह की चुनौती पेश करेगा क्योंकि उन्हें विकेटकीपर और बल्लेबाज के रूप में लंबा समय मैदान पर बिताना पड़ सकता है। पंत को टीम बी का विशेषज्ञ विकेटकीपर नियुक्त किया गया है जिससे पता चलता है कि भारत के टेस्ट क्रिकेट में आगे व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति इस विकेटकीपर बल्लेबाज की वापसी को लेकर कितनी गंभीर है। चयन समिति के लिए हालांकि विकेटकीपर का चयन करना आसान नहीं होगा क्योंकि कुछ अन्य मजबूत दावेदार भी हैं। इनमें टीम ए की तरफ से खेलने वाले ध्रुव जुरेल भी शामिल है जिन्होंने इस साल के शुरू में इंग्लैंड के खिलाफ अपनी पदार्पण श्रृंखला में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। उनके अलावा ईशान किशन भी हैं जो श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम डी के विकेटकीपर हैं। टीम डी का मुकाबला अनंतपुर में टीम सी से होगा जिसकी कप्तानी रुतुराज गायकवाड़ को सौंपी गई है। चयन समिति इसके अलावा विशेषकर तेज गेंदबाजी विभाग में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज के विकल्प तलाशने पर भी ध्यान देगी क्योंकि भारतीय टीम का आगे काफी व्यस्त कार्यक्रम है। सिराज अस्वस्थ होने के कारण टूनामेंट के पहले दौर में नहीं खेल पाएंगे जबकि शमी अभी ऑपरेशन के बाद पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं। ऐसे में चयनकर्ता बंगाल के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार और आकाशदीप पर पैनी नजर रखेंगे। इनके अलावा अर्शदीप सिंह, अवेश खान, खलील अहमद, विदवथ कावेरप्पा, वैसाख विजयकुमार और हर्षित राणा भी चयन समिति को प्रभावित करने की कोशिश करेंगे।



# 5 दिवसीय ग्रामीण एकता सदभावना फुटबॉल टूनामेंट मैच के आखरी दिन फाइनल मैच कच्छप ब्रदर्स काटू लहना को हराया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कच्छप ब्रदर्स काटू लहना को हराकर हेसल सिटी रांची ने ग्रामीण एकता सद्भावना फुटबॉल टूनामेंट का ताज अपने नाम कर लिया। पांच दिवसीय ग्रामीण एकता सद्भावना फुटबॉल टूनामेंट के आखरी दिन हेसल सिटी रांची एवं कच्छप ब्रदर्स काटू लहना के बीच फाइनल मैच खेलाया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, हटिया विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी अलबिन लकड़ा, केंदीय सरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष शिवा कच्छप, कमड़े पंचायत की मुखिया नीलम तिर्की, 33 वार्ड की पार्षद पुष्पा टोप्पो, कमड़े पंचायत समिति शिल्पा कच्छप, पंडरा पंचायत के ग्राम प्रधान लालू खलखो, कमड़े पंचायत के ग्राम प्रधान राजेश लकड़ा, झारखंडी गायक धर्मू नायक, समाजसेवी राजेश लिंडा एवं अन्य शामिल थे। फाइनल मैच के मुकाबले मे पहुंचे दोनों ही टीम के खिलाड़ियों से एक एक कर मिलकर उनका परिचय लिया और उनका हौसला बढ़ाया। दोनों ही टीम के बीच मैच का मुकाबला बहुत ही सुन्दर चला। दोनो ही टीम के खिलाडी गोल के लिए अच्छा प्रदर्शन किया। लेकिन समय की समाप्ति तक दोनों ही टीम जीरो पर थीं। दोनों ही टीम के बीच पेलान्टी मैच कराया गया, जिसमें हेसल सिटी रांची की टीम ने फाइनल मैच का मुकाबला जीत कर मैच को अपने नाम किया। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवं पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के द्वारा विजेता टीम हेसल सिटी रांची को प्रथम पुरस्कार के तौर 25000 रुपये नगद पैसा दिया गया। वहीं, रनर टीम रही कच्छप ब्रदर काटू लहना की टीम को द्वितीय पुरस्कार के तोर पर 15000 रुपये दिये गये। कमड़े पंचायत की मुखिया एवं 33 वार्ड की पार्षद द्वारा तृतीय पुरस्कार एवं चतुर्थ पुरस्कार दिया गया। मौके पर 21 पड़हा सोहराई जतरा कमिटी के सदस्य एवं समाजसेवी संजय तिर्की, सुनील टोप्पो, सोनू लकड़ा, शशिकांत तिर्की, सुनील गाड़ी, सिद्धांत तिर्की, बंसंत बिन्हा, दुर्गा तिर्की, मुन्तजीर खान, सौरभ खलखो, जॉन लकड़ा, जुवेल कुजूर, पीटर कुजूर, कंचन बन्दों, प्रवीण तिर्की, शशि भूषण तिर्की, अमोश खलखो, छोटू खलखो, अमृत बाण्डो, प्रीतम खलखो, गॉडबिन खलखो एवं अन्य उपस्थित थे।



## नोटिस

मैं चंदन कुमार ठाकुर पिता मालपति ठाकुर ग्राम-मेराल, पोस्ट सिक्की कला, थाना पाटन जिला पलामू राज्य झारखंड का निवासी हूं। मेरा सर्विस नंबर-15622373 एक्स है। मेरा मां का नाम सर्विस बुक में गलत है। मेरा मां का नाम सुधार करवाना है। मेरा सर्विस बुक में मां का नाम पतया देवी patya devi जन्म तिथि 04-06-1954 दर्ज है। जो कि आधार कार्ड से मैच नहीं कर रहा है। इसलिए जन्म तिथि सुधार करवाना है। जो इस प्रकार है आधार में नाम पतवा देवी patwa देवी जन्म तिथि 01-01- 1952 है। मेरी का सही नाम पतवा देवी patwa देवी है जिसका जन्म तिथी 01-01-1952 है यही सही है।

**चंदन कुमार ठाकुर**
**ग्राम - मेराल पोस्ट- सिक्की कला**
**थाना पाटन , जिला- पलामू।**
**राज्य - झारखंड**
**पिन 822123**

## स्पीड न्यूज

### बाबूलाल मरांडी से मिले कई भाजपा नेता



**जमशेदपुर।** बुधवार को झारखंड प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से प्रदेश कार्यालय में औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने आगामी चुनाव पर चर्चा और प्रदेश अध्यक्ष का मार्ग दर्शन प्राप्त हुआ।

### एसएसपी ने जानी महिला थाना की हकीकत

**जमशेदपुर।** बुधवार को वरीय पुलिस अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम ने महिला थाना साकची का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना के रखरखाव, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली गयी। साथ ही थाना पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को थाना प्रभारी स्वयं सुनकर शत प्रतिशत कार्रवाई करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

### छह दिनों से लापता छात्र का अब तक सुराग नहीं

**गम्हरिया।** आदित्यपुर थाना क्षेत्र के गम्हरिया के गायत्री नगर मार्ग संख्या चार निवासी हृदय झा का पुत्र अक्षत (14) विगत छह दिनों से लापता है। उसका अबतक कोई पता नहीं चल सका है। परिजनों ने आदित्यपुर थाना में गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कराते हुए एसपी से भी उसे ढूंढ़ निकालने की गुहार लगायी गयी है। बताया गया है कि बीते 30 अगस्त की रात करीब आठ बजे वह छत पर जाने की बात बोला किन्तु वह टहलने के लिए घर के बाहर निकल गया। काफी देर तक वह घर नहीं आया तो परिजनों द्वारा उसकी खोजबीन की जाने लगी।

### पहला प्रकाशोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मना

**गम्हरिया।** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने गम्हरिया गुरुद्वारा में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का पहला प्रकाशोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान गुरुग्रंथ साहिब का पाठ और कीर्तन किया गया, जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चंचल सिंह ने बताया कि यह उत्सव हर साल भादो महीने में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि गुरु ग्रंथ साहिब जी सिख समुदाय का एक प्रमुख धर्मग्रंथ है। कार्यक्रम के आयोजन में सरदार इंद्रजीत सिंह, पतवंत सिंह, चंचल सिंह, सुखजीत सिंह, सौदागर सिंह, बीबी अरविंदर कौर, चरणजीत कौर, रजींदर कौर समेत सिख समुदाय के सभी का योगदान रहा।

### वीणापाणि पाठशाला का समारोह संपन्न

**जमशेदपुर।** स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट द्वारा संचालित वीणापाणि पाठशाला का द्वितीय वार्षिक एवं शिक्षक दिवस का आयोजन बुधवार को बारीडीह स्थित विधायक कार्यालय में मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत गान, स्वागत भाषण और नृत्य का आयोजन वीणापाणि पाठशाला के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका पिंकी पाण्डेय ने किया। इस मौके पर स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी अशोक गोयल ने कहा कि कोरोना काल के दौरान जब सम्पूर्ण लकडाउन था, तब मजदूरों के बच्चों को पढ़ाने के लिए विधायक सरयू राय जी ने वीणापाणि पाठशाला की स्थापना की। मकसद था गरीब बच्चों का बौद्धिक एवं शारीरिक विकास हो। उन्हें नि:शुल्क शिक्षा मिले। वीणापाणि पाठशाला के बच्चे सुमित रविदास, राधा कुमारी, रेनू सरदार, रश्मि कुमारी एवं सरस्वती पात्रो को सम्मानित किया गया, जिन्होंने मैट्रिक परीक्षा में अच्छे प्राप्तांक लाकर वीणापाणि पाठशाला का नाम ऊंचा किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षा प्रतिनिधि श्री एस पी सिंह, भारतीय जनतंत्र महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मंजू सिंह, शिक्षक जगबंधु महतो, शिक्षिका पिंकी पांडेय, शिक्षिका दीपिका कुमारी, प्राचार्या मनीषा कुमारी , भारती जी, अशोक, कार्यालय प्रभारी अशोक कुमार, बीरेंद्र सिंह, अमित कुमार, वीणापाणि पाठशाला के छात्र-छात्रों एवं अभिभावक उपस्थित थे।

## एक नजर में

### इंद्रजीत की छुट्टी करने पर आमादा जगजोत सिंह



**जमशेदपुर।** पटना हाई कोर्ट के आदेश पर 15 सितंबर को तख्त श्री हरमंदिर साहिब पटना साहिब प्रबंधन कमेटी की प्रस्तावित बैठक में नए महासचिव का चुनाव कराने के लिए पटना जिला के प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश सह कस्टोडियन से निर्देश मांगा गया है। तख्त श्री हरमंदिर साहिब प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष सरदार जगजोत सिंह सोही ने लिखित रूप से जिला जज से इस आशय का आग्रह किया है। इससे साफ जाहिर हो गया है कि वह इस पद से महासचिव सरदार इंद्रजीत सिंह की छुट्टी करना चाहते हैं। जिला जज को लिखे गए पत्र में प्रधान ने उल्लेख किया है कि उनके निर्देश के बावजूद महासचिव सरदार इंद्रजीत सिंह कार्यकारिणी की बैठक बुलाने में टाल मटोल करते रहे हैं।

### कृषि उत्पादन बाजार समिति पर मंडी टैक्स की आहट देख व्यापारी होने लगे गोलबंद

**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार द्वारा झारखंड में कृषि उत्पादन बाजार समिति पर मंडी टैक्स लगाने की सुगबुगाहट शुरू होते ही सिंहभूम चैम्बर अफ कमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आंदोलन की घोषणा एवं पूरे प्रदेश में विरोध के स्वर से झारखण्ड सरकार ने आज रांची के कृषि निदेशालय में प्रदेश के व्यापारिक संगठनों एवं कृषकों की एक बैठक आहूत की थी। जमशेदपुर से सिंहभूम चैम्बर अफ कमर्स एंड इंडस्ट्री के उपाध्यक्ष (ट्रेड एंड कमर्स) अनिल मोदी एवं व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीपक भालोटिया, उपाध्यक्ष पवन नरेडी एवं अन्य व्यापारियों ने बैठक में शिरकत की। बैठक में अनिल मोदी ने विस्तारपूर्वक बिंदुवार अपनी बातों को रखा और बताया कि यदि मंडी शुल्क लगाया जाता है तो व्यापारियों का व्यापारिक अस्तित्व संकट में आ जायेगा। उन्होंने कई बिंदुओं पर माननीय मंत्री का ध्यानाष्ट कराया गया एवं निदान की मांग की।

### रेडक्रॉस की गतिविधियों को और तेज करेंगे नये राज्यपाल संतोष गंगवार



**जमशेदपुर/रांची।** भारतीय रेड क्रस सोसाईटी, झारखंड राज्यशाखा की गतिविधियों में जल्द ही तेजी आयेगी और राज्य के सभी जिलों में स्थापित रेड क्रस की जिला शाखाएं मानवसेवी कार्यक्रमों को रेड क्रस सोसाईटी के उद्देश्यों के अनुरूप तेजी से आगे बढायेंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को जरूरत के समय सेवा प्राप्त हो सके। उक्त जानकारी रेड क्रस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव एवं रेड क्रस झारखंड राज्यशाखा के प्रतिनिधि बिजय कुमार सिंह ने आज राजभवन, रांची में महामहिम राज्यपाल के प्रधान सचिव व रेड क्रस राज्य शाखा के सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी से मुलाकात के बाद दी।

### पटमदा के लच्छीपुर व बोड़ाम के भुला पंचायत के सरकार आपके द्वार शिविर में विधायक शामिल



**जमशेदपुर।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार शिविर में बुधवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने पटमदा प्रखंड के लच्छीपुर व बोड़ाम प्रखंड के भुला पंचायत मंडप में शामिल होकर ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। इस दौरान शिविर में लगे सभी विभागों के स्टॉलों का विधायक ने बारी बारी से निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। इसके पहले विधायक ने दोनों जगहों पर द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। विधायक कालिंदी ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी पंचायतों में शिविर के माध्यम से लोगों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम कर रहें हैं। मौके पर विधायक प्रतिनिधि मानिक महतो समेत अन्य कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

### ईचागढ़ में 14.47 लाख से बनेंगी सात सड़कें



**चांडिल।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना अंतर्गत स्वीत ईंचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में 14 करोड़ 47 लाख कि लागत से बनने वाले 7 महत्वपूर्ण सड़क का भूमिपूजन बुधवार को विधायक सविता महतो ने विधिवत शीलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक सविता महतो ने कहा कि गौरांगकोचा से करनडीह 3.5 किमी, बड़ा आमड़ा से जाहेरडीह भाया सिलदा 3.65 किमी, आरई ओ रोड से कुन्द्रीलोंग 2.56 किमी, कुन्द्रीलोंग कांडेबेड़ा (भागाबांध) से धातकीडीह 1.52 किमी, कुटाम से काठघोड़ा 1.23 किमी, नगासेरेंग बाजार से डूंगरीडीह भाया आमनदीरी सीमा तक 4.7 किमी, नगासेरेंग से कुटाम 3.45 किमी सड़क सुदृढ़ीकरण का भूमिपूजन किया गया। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, निताई उरांव, अभय यादव, दयाल सिंह मुंडा, सपन सिंहदेव, किसुन किस्कु, तिलक उरांव, रंजीत किस्कु, गोविन्द बेसरा, पशुपति बागची, अमित सिन्हा, धनसिंग लायक उपस्थित थे।

### सांसद के साथ डीसी, डीडीसी ने झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

**सोनुवा।** सांसद जोबा माझी के आग्रह पर बुधवार को सोनुवा प्रखंड के बेगुना में संचालित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय गुदड़ी का डीसी कुलदीप चौधरी, डीडीसी संदीप मीणा, एसडीओ रीना हांसदा, डीईओ टोनी प्रेमराज टोप्पो, बीईईओ लखींद्र सोरेन ने निरीक्षण किया। इस दौरान सांसद समेत अधिकारियों ने छात्राओं से संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनी। छात्राओं ने बताया कि विद्यालय में सोने के लिए बेड के साथ पढ़ाई के लिए बेंच-डेस्क की कमी है। इसके अलावा अन्य समस्याओं से भी अवगत कराया। समस्याएं सुनने के बाद डीसी ने आश्वस्त किया कि जल्द ही यहां बेड की व्यवस्था करा दी जायेगी। इसके अलावा बेंच-डेस्क भी डीएमएफटी से उपलब्ध कराया जाएगा। डीसी ने कहा कि विद्यालय परिसर में एक कम्यूनिटी हॉल का निर्माण कराएंगे, ताकि कार्यक्रम आयोजन के लिए परेशानी नहीं हो। वहीं लाइब्रेरी दुरूस्त कर स्वच्छ पानी के लिए वाटर प्यूरीफायर समेत अन्य सुविधाएं भी बहाल की जायेगी।

स्पीड न्यूज

## नाई समाज के रंका प्रखंड एवं रंका अनुमंडल कमेटी का गठन

**रंका।** जिलाध्यक्ष घनश्याम ठाकुर के नेतृत्व में भारतीय नाई समाज का रंका प्रखंड एवं रंका अनुमंडल कमेटी का गठन किया गया। ओम प्रकाश शर्मा, मुकेश ठाकुर एवं दिनेश ठाकुर की उपस्थिति में भोला ठाकुर को अनुमंडल अध्यक्ष, कुलदीप ठाकुर को अनुमंडल सचिव बनाया गया। वहीं प्रखंड कमेटी में रामबाबू ठाकुर को अध्यक्ष, पवन कुमार ठाकुर को सचिव, मनोज कुमार ठाकुर, कामेश्वर ठाकुर, नवल ठाकुर को उपाध्यक्ष, मुन्ना ठाकुर को कोषाध्यक्ष, बच्चू ठाकुर को उप सचिव, राजेश कुमार ठाकुर को उप कोषाध्यक्ष, सतीश ठाकुर को संगठन मंत्री सहित 11 सदस्य कमेटी का गठन किया गया।

## सुंदरकांड मानस पाठ का आयोजन

**गढ़वा।** गढ़वा मानस मंडली के तत्वावधान में शहर के श्री बिहारी मंदिर में 505वां साप्ताहिक मंगलवारीय संगीतमय सुंदरकांड मानस पाठ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बिहारी मंदिर में श्री बिहारी जी की छठी मनाई गई। छठी के अवसर पर सोहर गायन कर मानस महामहोत्सव को और दिव्य और भव्य समारोह बनाया गया। मौके पर मानस मंडली के मुख्य मानस व्यास अरुण दुबे, संयोजक द्वारिकानाथ पांडेय, डॉ लालमोहन मिश्र, रासबिहारी तिवारी, ब्रजेश पाण्डेय, मानस आचार्य अमरेंद्र मिश्र, आशीष वैद्य, आत्मा पांडेय, राकेश तिवारी, दिलीप पाठक, दिलीप श्रीवास्तव, रघुपत सिंह, पीके मिश्र, मनोज सिन्हा, मार्कंडेय तिवारी, श्रीपति पाण्डेय, अरविन्द तिवारी, सुबोा सोनी, राजनाथ दुबे, उमेश सिंह, भैरो कुलमणी मिश्र, मृणाल कुलमणी मिश्र, गोपाल स्वरूप कुलमणी, राजन पांडेय, श्रीप्रकाश पांडेय आदि उपस्थित थे।

## व्यवसायिक संघ की बैठक संपन्न

**गढ़वा।** गढ़वा जिला व्यवसायिक संघ की बैठक बाजार समिति परिसर स्थित दुर्गा मंडप में संपन्न हुई। झारखंड सरकार के द्वारा प्रस्तावित कृषि उपज एवं पशुधन विधायक कृषि बाजार समिति शुल्क 2 प्रतिशत लागू किए जाने के विरोध में बैठक की गई। जिसमें सभी व्यापारियों ने एक मत होकर निर्णय लिया गया कि अगर सरकार इस प्रस्ताव को लाती है तो गढ़वा जिला के व्यवसायी अपनी अपनी दुकान को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर देंगे। साथ ही कहा कि चैंबर ऑफ कमर्स रांची जो भी व्यापारियों के हित में निर्णय लेगी उसी निर्णय में हम सभी व्यवसायिक संघ शामिल रहेंगे और उनका पूरा समर्थन करेंगे।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का 60वां स्थापना दिवस आज

**मझिआंव।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के 60 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पांच सितम्बर को मझिआंव नगर पंचायत के ऊंचरी गांव स्थित शिव मंदिर के मैदान में षष्ठी पूर्ति वर्ष मनाया जाएगा। जिसे लेकर विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष धनंजय सोनी की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में मझिआंव नगर पंचायत सहित प्रखंड के सभी सनातन र्मम के लोगों से विश्व हिंदू परिषद के 60वें स्थापना दिवस पर आयोजित षष्ठी पूर्ति कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई।

## योजनाओं एवं दैनिक कार्यों के क्रियान्वयन को लेकर निर्देश

**गढ़वा।** मनरेगा कर्मी एवं पंचायत सचिव के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की परिस्थिति में योजनाओं का क्रियान्वयन में प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, इसके लिए डीसी शेखर जमुआर ने महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। डीसी श्री जमुआर ने मनरेगा कर्मियों एवं पंचायत सचिवों के अनिश्चितकालीन हड़ताल के मद्देनजर उनके जिम्मे के कार्य प्रखंड के अन्य कर्मियों व पदाधिकारियों को करने का निर्देश दिया, ताकि विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं एवं आवश्यक दैनिक कार्यों संचालन व पर्यवेक्षण सुचारू

# छपरा: ऑर्केस्ट्रा देख रहे थे लोग, अचानक छज्जा गिरा, 100 से ज्यादा घायल

## ये घटना मंगलवार रात दो बजे जिले से करीब 40 किमी दूर हुआ था

एजेंसी

**छपरा।** इसुआपुर में हादसा हुआ है। दरअसल वहां महावीर मेला झंडा जुलूस निकला था और उसमें ऑर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया था। जुलूस में काफी भीड़ थी, जो ऑर्केस्ट्रा देखने आयी थी। वहीं मेला स्थल से ठीक सटा घर था, जहां से उस घर के और आसपास के लोग छज्जा पर खड़े होकर ऑर्केस्ट्रा देख रहे थे। लेकिन उसी दौरान छज्जा गिर गया। जिसमें 100 के करीब लोग घायल हो गए। दरअसल छज्जा पर औकात से ज्यादा लोग खड़े थे, जिससे ये हादसा हुआ। छज्जा गिरने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ये घटना मंगलवार रात दो बजे जिले से करीब 40 किमी दूर हुआ था।

इस घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। भीड़ ज्यादा होने की वजह से वहां भगदड़ मच गई। घटना की सूचना पुलिस को तुरंत दी गयी। वहीं घायलों का इलाज इसुआपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। जबकि कुछ गंभीर रूप से घायलों का इलाज निजी क्लीनिक में किया जा रहा है। इस हादसे के बाद लोग घबराकर कर इधर-उधर भागने लगे। इसी क्रम में भीड़ के धक्के से जो नीते गिर गया, भीड़ उसे रौंदती चली गयी। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने भीड़ रोकने का प्रयास भी किया, लेकिन इससे वहीं भगदड़ मच गई। बता दें कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महावीर मेला झंडा जुलूस निकाला जा रहा था। इसमें भी कई आर्केस्ट्रा ग्रुप भाग ले रहे थे।

# एल्बेंडाजोल की टेबलेट खाने से दो दर्जन बच्चे बेहोश

एजेंसी

**कटिहार।** कटिहार जिले के कोढ़ा प्रखंड क्षेत्र में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर स्कूली बच्चों को एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाई गई। इसके बाद करीब दो दर्जन बच्चे बेहोश हो गए। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी बच्चों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि एल्बेंडाजोल की टेबलेट खाने से कोई साइड इफेक्ट नहीं है, लेकिन भूखे पेट टेबलेट खाने से कुछ बच्चों की हालत बिगड़ गई है। सभी बच्चे खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। इस घटना के बाद स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीमें मामले की जांच में जुट गई हैं। सदर एसडीपीओ धर्मेंद्र कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और सभी अचेत हुए छात्र-छात्राओं का इलाज कराने में लगे हुए थे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनीष सौरभ ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के निर्देश के आलोक में बुधवार को विद्यालय के करीब 450 छात्र-छात्राओं को अल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाई गया थी। जिसमें करीब दो दर्जन बच्चों की हालत काफी बिगड़ने लगी और देखते ही देखते सभी बच्चे बेहोश होने लगे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अमित आर्य ने बताया कि एल्बेंडाजोल की टेबलेट खाने से कहीं कोई साइड इफेक्ट नहीं है। हालांकि वैसे बच्चों के ही हालत बिगड़े है जो भूखे पेट में ही एल्बेंडाजोल टेबलेट का सेवन कर लिए हैं और बहुत बच्चे तो घबरा गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी छात्र-छात्राओं का इलाज अस्पताल में चल रहा है और बच्चे खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

## बच्चों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल टैबलेट

**फारबिसगंज/ अररिया।** अररिया जिला प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर जिले में 01 से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमिनाशक दवा का सेवन कराने के उद्देश्य से जिले में विशेष अभियान संचालित किया गया।वही, इस अभियान के क्रम स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के सभी सरकारी व निजी विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्रों पर दवा सेवन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षित कर्मियों की देखरेख में बच्चों को उनके उम्र के हिसाब से निर्धारित मात्रा में कृमि नाशक दवा अल्बेंडाजोल का सेवन कराया गया। जिला मुख्यालय स्थित पल्स टू बालिका उच्च विद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी सह एनडीडी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ मोईज द्वारा स्कूली बच्चों को दवा खिलाकर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य युगेश कुमार झा, डीपीएम संतोष कुमार, एमओआईसी अररिया पंकज कुमार निराला, डीसीएम सौरव कुमार, एनडीडी कार्यक्रम के जिला समन्वयक शाहीद रेजा, यूनिसेफ



के एसएमसी आदित्य कुमार सिंह, यूनिसेफ के राकेश कुमार शर्मा, बीएचएम खतीब अहमद, बीसीएम डोली सिंह, स्कूल के सहायक शिक्षक प्रकाश झा सहित बड़ी संख्या में स्कूली छात्राएं उपस्थित थी। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी द्वारा स्कूली बच्चों को बताया गया कि मुख्य रूप से 06 प्रकार के कृमि यानी पैरासाइट हमारे पेट में पाये जाते हैं, जो दैनिक भोजन से प्राप्त पोषक तत्वों को अवशोषित करते रहते हैं। इससे हमें आवश्यक पोषण नहीं मिल पाता है। इस कारण हमें कुपोषण, एनीमिया जैसे गंभीर रोगों का सामना करना पड़ता है। कृमि की अधिकता के कारण शारीरिक कमजोरी, दुर्बलता, पाचन तंत्र से जुड़ी समस्या, भूख नहीं लगना, शरीर के रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता का ह्रास सहित अन्य कई समस्या झेलनी पड़ती है। इससे हमारा शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास प्रभावित होता है। किशोरों में आमतौर पर ऐसी समस्या अधिक दिखती है। इससे बचाव के लिये सामूहिक रूप से बच्चों को कृमि नाशक दवा का सेवन कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर विशेष अभियाना संचालित किया जाता है। ताकि किशोर-किशोरियों को इसके दुष्प्रभाव से मुक्त रखा जा सके। विद्यालय के प्राचार्य युगेश कुमार झा ने भी बच्चों को दवा सेवन के महत्व से अवगत कराते हुए स्कूली बच्चियों को दवा सेवन के लिये प्रेरित व प्रोत्साहित किया।
जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम संतोष कुमार ने बताया अभियान के क्रम में जिले में 01 से 19 साल तक के 17 लाख 90 हजार 576 बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। किसी कारण दवा सेवन से वंचित बच्चों को दवा सेवन कराने के उद्देश्य से आगामी 11 सितंबर को मॉपअप राउंड संचालित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नियमित अंतराल पर दवा का सेवन जरूरी है। एनडीडी कार्यक्रम के जिला समन्वयक शाहीद रेजा ने बताया कि जिले के सभी 2418 आंगनबाड़ी केंद्र, 2224 सरकारी विद्यालय, 399 निजी विद्यालयों में एक साथ अभियान संचालित किया जा रहा है। इस क्रम में आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से 10 लाख 76 हजार 119 बच्चों को व विभिन्न सरकारी व निजी विद्यालयों के माध्यम से 07 लाख 14 हजार 457 स्कूली बच्चों को दवा सेवन कराने का लक्ष्य निर्धारित है। डीसीएम सौरव कुमार ने बताया कि अभियान की सफलता के लिये प्रखंडवार पर्याप्त मात्रा में दवा उपलब्ध कराया गया है। अभियान की सफलता को लेकर संबंधित कर्मियों को विशेष तौर पर प्रशिक्षित किया गया है।

### मांझी ने तेजस्वी को दिखाया आईना, बोले-

# लालू-राबड़ी कार्यकाल के अपराध का रिकॉर्ड देखें



### अभी हवा में हैं प्रशांत किशोर

जीतन राम मांझी ने राजनीतिक विश्लेषक प्रशांत किशोर को भी आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर अभी हवा में हैं, लेकिन आने वाले समय में पता चलेगा कि वह कहां जायेंगे। गिरिराज सिंह के मुसलमानों की आबादी बढ़ने वाले बयान पर जीतन राम मांझी ने कहा कि भारत के सभी लोग एक हों, इस पर हम विश्वास करते हैं। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है, मैं सबके साथ होने की बात करता हूं। सबको मिलकर रहना चाहिए और उन्हें इस तरह की बात नहीं करनी चाहिए।

एजेंसी

**पटना।** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने राजद नेता तेजस्वी यादव के आरोपों पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव को टिप्पणी करने से पहले अपने माता-पिता के कार्यकाल का रिकॉर्ड देख लेना चाहिए। उसके बाद उनको इस पर बात करनी चाहिए। मांझी ने कहा कि उस समय सीएम आवास में अपराधियों के साथ समझौता होता था, लेकिन अब अपराध होता भी है तो उन पर सबसे पहले कार्रवाई होती है।

दरअसल तेजस्वी यादव ने एक्स पर आपराधिक आंकड़ा जारी कर बिहार में लगातार हो रही अपराधिक घटनाओं को लेकर सीएम नीतीश को घेरा था। उन्होंने लिखा कि रूह को झकझोरने वाले कुछ दिनों के आपराधिक आंकड़े। अगर इन डरावनी घटनाओं को देखकर भी आपको बिहार में सब ठीक दिखाई दे रहा है तो मतलब सब ठीक नहीं है। तेजस्वी ने बिहार में हुए 105 घटनाओं की लिस्ट जारी की है।

### बंगाल सरकार दिखावा कर रही है

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने पश्चिम बंगाल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप और हत्या की घटना के बाद विधानसभा में पारित किये गये कानून पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि बंगाल सरकार ने बिल लाकर एक दिखावा किया है। कहा कि बंगाल सरकार ने जो कानून पास किया है, इसमें दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन सजा की बात की गयी है, लेकिन सरकार को फांसी देने का प्रावधान लाना चाहिए था। मांझी ने कहा कि ममता ने अपराधियों को बचाने के लिए इस कानून में अपराध को कम करके पेश किया है। ममता बनर्जी को तो अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

# हल्ला बोल पोल खोल कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ सभा



संबोधित करते डॉ एमएन खान

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के डंडा प्रखंड में एआइएमआइएम हल्ला बोल पोल खोल कार्यक्रम के तहत डंडा बाजार में नुक्कड़ सभा किया गया। इस अवसर पर एआइएमआइएम के पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी डॉ एमएन खान मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर डॉ एमएन खान ने कहा कि आज तक जितने भी जनप्रतिनिधि आए कभी डंडा के ऊपर ध्यान नहीं दिया ।गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र में डंडा आज तक सबसे पिछड़ा प्रखंड है। यहां पर आज तक एक डिग्री कॉलेज या इंटर कॉलेज नहीं खुला। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का आज तक उद्घाटन नहीं हुआ। स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराया हुआ है। पूर्व के जितने भी विधायक हैं। सिर्फ पिछड़ा समाज का वोट लेने का काम किया। लेकिन पिछड़ा समाज के लोगों के भलाई के लिए कभी विधानसभा के अंदर आवाज उठाने का काम नहीं किया। वर्तमान की जो सरकार है उनके वादा खिलाफी के खिलाफ एआईएमआईएम गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक प्रखंड और पंचायत में इनका पोल खोलने का काम कर रहा है।

# विष्णुपुर पंचायत में बिहार विशेष सर्वेक्षण पर ग्राम सभा

खबर मन्त्र संवाददाता

**पूर्णिया।** अमौर प्रखंड के विष्णुपुर पंचायत में बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम के तहत एक महत्वपूर्ण ग्राम सभा का आयोजन आज किया गया। जनता उच्च विद्यालय विष्णुपुर में आयोजित इस सभा की अध्यक्षता पंचायत मुखिया लीला देवी और मुखिया प्रतिनिधि विवेकानंद झा उर्फ छोटकू झा ने की। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को विशेष सर्वेक्षण अमीन ने नए सर्वेक्षण की विस्तृत जानकारी दी। कानूनगो रवि कुमार और पंकज कुमार ने भी सर्वे से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह नया सर्वेक्षण तकनीक और प्रौद्योगिकी पर आधारित होगा, जो पूरी तरह पारदर्शी होगा। इस सर्वेक्षण के आधार पर नया खतियान तैयार किया जाएगा। अधिकारियों ने रैयतों



को स्वघोषणा प्रपत्र और वंशावली प्रपत्र के बारे में जानकारी दी, साथ ही प्रपत्र 1 से 22 तक की विस्तृत व्याख्या की। ग्रामीणों के प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया गया। मुखिया प्रतिनिधि विवेकानंद झा ने पंचायत के लोगों को आश्वस्त किया कि घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है और सभी को शांतिपूर्वक सर्वे में सहयोग करना चाहिए।अधिकारियों ने बताया कि इस सर्वेक्षण में जमीन मालिकों को अपने जमीन से संबंधित कागजात पेश करने होंगे, जिसके आधार पर नया खतियान बनेगा। साथ ही, सर्वेक्षण के बाद नक्शे में भी सुधार किया जाएगा। कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्ति और अधिकारी उपस्थित थे, जिनमें कानूनगो रवि कुमार, पंकज कुमार, विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी प्रभात कुमार, अमीन राकेश कुमार, सरपंच कमलेश प्रसाद यादव, पैक्स अध्यक्ष रमन कुमार मिश्रा, पूर्व मुखिया हबीबुर रहमान और उप मुखिया पंकज कुमार यादव प्रमुख थे। बड़ी संख्या में रैयत किसान भी मौजूद रहे।

# पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा गढ़वा, लाये गये कई प्रस्ताव

## जिला पर्यटन संवर्धन परिषद कार्यकारिणी एवं शासी निकाय की बैठक आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** समाहरणालय के सभागार में बुधवार को जिला पर्यटन संवर्धन परिषद (डीटीपीसी) के कार्यकारिणी निकाय एवं शासी निकाय की बैठक आयोजित की गई। डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिले के अधिसूचित पर्यटक स्थलों के विकास के लिए विचार विमर्श किया गया। बैठक में जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन परिषद के अन्य सदस्यों ने अपने-अपने प्रस्ताव व सुझाव दिया। बैठक में मुख्य रूप से प्राप्त योजना प्रस्ताव के तहत ब्रह्म स्थान लगमा खजूरी, राजा पहाड़ी शिव मंदिर एवं श्री बंशीधर नगर मंदिर तथा श्री बंशीधर नगर का सौन्दर्यकरण, गुरु सिंधु जलप्रपात, खोनहरनाथ मंदिर, श्री बंशीधर मंदिर के पास छठ घाट, बीरबंधा खजूरी डैम, चटनियां डैम केतार, मथुरा बांध गढ़वा, सतबहिनी जलप्रपात, जिरुआ डैम, सुखलदरी जलप्रपात आदि के सौंदर्यीकरण एवं विकासात्मक कार्य के संबंध में विचार विमर्श किया गया। साथ ही



बैठक करते डीसी व अन्य

राजा पहाड़ी शिव मंदिर एवं श्री बंशीधर नगर मंदिर का सौंदर्यकरण तथा अन्नराज डैम के अधिग्रहित भूमि पर इको पार्क विकसित करने के संबंध में प्रस्ताव दिया गया। गुरु सिंधु जलप्रपात के लिए पहुंच पथ एवं व्यू पॉइंट बनाने की बात कही गई। गोसाई बाग मैदान में हेलीपैड निर्माण तथा केतार प्रखंड स्थित चटनियां डैम का सौंदर्यकरण आदि की बात कही गई। सदर प्रखंड स्थित मथुरा बांध एवं मंझिआंव के बिरबंधा खजूरी डैम में स्विमिंग पूल बनाने, सतबहिनी जलप्रपात में झूला तथा सौंदर्यकरण करने, रमना स्थित जिरवा डैम का सौंदर्यकरण करने का प्रस्ताव रखा गया। जबकि धुरकी स्थित सुखलदरी जलप्रपात का एप्रोच रोड का निर्माण करने की बात कही गई। गढ़वा प्रखंड स्थित खोनहरनाथ मंदिर के पास तालाब का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यकरण, बंडा पहाड़ एवं गरदाहा मठ का सौन्दर्यीकरण एवं चिनिया स्थित चिरका डैम में नौकायन एवं सौंदर्यीकरण करने का भी प्रस्ताव रखा गया। बैठक में मुख्य रूप से एसपी दीपक कुमार पांडेय, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, वन प्रमंडल पदाधिकारी गढ़वा उत्तरी एवं दक्षिणी, गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि क्षेत्र धीरज दुबे, भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि राजीव रंजन तिवारी, विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि भोला चंद्रवंशी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी धीरज प्रकाश, जिला खेल पदाधिकारी नीरज कुमार, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग (ग्राकामा), कार्य प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमण्डल, जिला पर्यटन विशेषज्ञ पुष्कर गुप्ता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## क्राइम मीटिंग में एसडीपीओ ने थानाध्यक्षों को दिए कई निर्देश

**किशनगंज।** आने वाले पर्व त्योहार को लेकर थानाध्यक्ष अपने अपने थाना क्षेत्रों में सतर्कता बरतेंगे। कुछ दिनों बाद ही दुर्गा पूजा शुरू होगी। साथ ही अन्य पर्व त्योहार शुरू होंगे। ऐसे में विशेष सतर्कता अपेक्षित है। यह निर्देश बुधवार को एसडीपीओ गौतम कुमार अपने कार्यालय में आयोजित क्राइम मीटिंग में थानाध्यक्षों को दे रहे थे। एसडीपीओ ने कहा कि आगामी पर्व त्योहारों को लेकर क्षेत्र में सतर्कता बरतेंगे। थानाध्यक्ष क्षेत्र में पूजा पंडालों की सूची बनाएंगे। एसडीपीओ ने निर्देश देते हुए कहा कि न्यायालय संबधी मामले का निपटारा समय पर करें। जिन थानों में कांड लंबित थे उनसे एसडीपीओ ने स्पष्ट कारण बताने को कहा कि आखिर कांड लंबित होने के मुख्य कारण क्या है। एसडीपीओ ने निर्देश देते हुए कहा कि कांडों का समय से निष्पादित किये जाने को गंभीरता से लेंगे। मिशन 75 दिनों के कांड निष्पादन के लक्ष्य को हर हाल में पूरा करेंगे।

खबर एक नजर में

## ट्रेन से कटकर एक अज्ञात की मौत

**पूर्वी चंपारण।** रक्सौल-सीतामढ़ी रेल खंड पर रक्सौल शहर से सटे सहदेवा गांव के पास ट्रेन से कटे एक अज्ञात व्यक्ति का शव बुधवार की सुबह बरामद किया गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची आरपीएफ रेलथाना व रक्सौल थाना पुलिस ने जांचोपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर ऋतुराज कश्यप ने बताया कि शव की अब तक पहचान नही हो पायी है। हालांकि मृतक ने जो शर्ट पहना है उसमें टेलर का नाम व पता अंकित है जिसमे न्यू विजय फैंसी टेलर ढाका लिखा हुआ है। जिसके आधार मृतक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## कृषि टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक में वैकल्पिक खेती पर जोर

**पूर्णिया।** कृषि टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक में बुधवार को खरीफ 2024 के फसल आच्छादन की समीक्षा की गई। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि कुल 113968 हेक्टेयर में खरीफ फसलें लगाई गई हैं, जिसमें धान प्रमुख है। उर्वरकों की उपलब्धता पर चर्चा करते हुए जिला पदाधिकारी ने डी.ए.पी. की कमी को पूरा करने के निर्देश दिए गए। वैकल्पिक खेती को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। धमदाहा अनुमंडल के बसंतपुर पंचायत में बेबी कॉर्न की सफल खेती का उदाहरण प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा, स्वीट कॉर्न की खेती के लिए किसानों को प्रशिक्षण देने की योजना पर भी चर्चा हुई। ड्रैगन फ्रूट की खेती के विस्तार पर भी प्रकाश डाला गया। सहायक निदेशक उद्यान ने बताया कि इसकी खेती अब 70 एकड़ तक पहुंच गई है। राज्य सरकार द्वारा इस फसल के लिए 40% तक अनुदान की व्यवस्था की गई है। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे वैकल्पिक खेती को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास करें और किसानों को ड्रैगन फ्रूट, स्वीट कॉर्न, बेबी कॉर्न जैसी फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि इन फसलों से किसानों की आय में वृद्धि होगी। बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे, जिनमें सहायक समाहर्ता, अपर समाहर्ता, आयुक्त नगर निगम पूर्णिया, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था, जिला कृषि पदाधिकारी, और सहायक निदेशक उद्यान शामिल थे।

## पीएचसी कर्मियों ने पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाली की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**अररिया।** फारबिसगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू किए जाने की मांग को लेकर राष्ट्रव्यापी तौर पर विभिन्न सरकारी कर्मचारियों के संगठनों के द्वारा ब्लैक वीक मनाया जा रहा है ।इसी कड़ी में तीसरे दिन बुधवार को फारबिसगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों और कर्मचारियों ने अपने मांग के समर्थन में प्रदर्शन किया। पीएचसी प्रभारी डा.राजीव बसाक की अगुवाई में स्वास्थ्यकर्मियों ने पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू किए जाने की मांग को लेकर नारेबाजी की ।मौके पर प्रदर्शन कर रहे स्वास्थ्यकर्मियों में पंकज कुमार,एजाज अहमद,प्रदीप कुमार सिंह,कमलेश कुमार,इस्माइल,मो. हासिम,रीना राय,मीरा कुमारी,सुशीला कुमारी,माधुरी कुमारी सहित दर्जनों कर्मचारी मौजूद थे।

## गुरुद्वारा में मना गुरु ग्रंथ साहिबजी का प्रकाश पर्व

**अररिया।** फारबिसगंज के राम मनोहर लोहिया पथ स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा मे बुधवार को गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।मौके पर गुरुद्वारा में भजन, कीर्तन, अरदास के साथ प्रसाद के रूप में लंगर का आयोजन किया गया,जिसमे बड़ी संख्या में सिख समुदाय के लोगों के साथ अन्य समुदाय के लोगों ने धार्मिक आस्था के साथ शामिल हुए और गुरुवाणी को सुनकर अपने जीवन को सफल बनाने का प्रयास किया। गुरुद्वारा के ग्रंथी ज्ञानी प्रदीप सिंह ने गुरुवाणी,अखंड पाठ किया। उन्होंने कहा कि हमारे गुरु का कहना है कि मानव सेवा ही प्रभु की सेवा है।
















शिक्षक दिवस के मौके पर खबर मन्त्र परिवार की ओर से सभी गुरूजनों को हार्दिक शुभकामनाएं






















